






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्ष: 15 । अंक: 291

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews  janexpresslive  janexpresslive  www.janexpresslive.com/epaper

रविवार । 04 अगस्त, 2024


# पीएम मोदी ने 32वें आईसीएई का किया उद्घाटन



## छोटे किसान ही फूड सिक्योरिटी की सबसे बड़ी ताकत: मोदी

**किसानों को जमीन के डिजिटल आइडेंटिफिकेशन नंबर दिए जाएंगे:** 32वें आईसीएई में बोले पीएम मोदी-छोटे किसान ही फूड सिक्योरिटी की सबसे बड़ी ताकत

- पीएम मोदी, वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहे
- पीएम मोदी तमाम देशों से आए मेहमानों को बताईं कृषि क्षेत्र की उपलब्धियां

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ एग्रीकल्चर इकोनॉमिस्ट के 32वें एडिशन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी यूएस कहा कि भारत जितना प्राचीन है, उतनी ही प्राचीन एग्रीकल्चर और फूड को लेकर हमारी मान्यताएं हैं, हमारे अनुभव हैं। ये कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में हो रही है। यह कॉन्फ्रेंस दुनियाभर में खेती और उससे जुड़ी समस्याओं और उसके समाधान खोजने के लिए हर तीन साल में आयोजित की जाती है। भारत में इसका आयोजन 65 साल के बाद किया जा रहा है। यहां इसका आयोजन 2 से 7 अगस्त तक होगा।

### भारत ने बाजरे को श्रीअन्न की पहचान दी

भारत बाजरे का सबसे बड़ा प्रोड्यूसर है। जिन्हें दुनिया सुपर फूड कहती है और उसे हमने श्रीअन्न की पहचान दी है। भारत के अलग-अलग सुपर फूड ग्लोबल न्यूट्रिशन की समस्या को समाप्त करने में एक अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारत अपने सुपर फूड की इस बास्केट को दुनिया के साथ साझा करना चाहता है।

### किसान नेता सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा बनाई

मुझे पता नहीं है कि दुनिया में कहीं किसी किसान की कोई प्रतिमा हो, लेकिन भारत में आजादी के आंदोलन में जिस महापुरुष ने किसान शक्ति को जागृत किया, किसानों को आजादी के आंदोलन से जोड़ा, उस किसान नेता सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा भारत में है।

### भारत की कृषि विकास दर दुनिया में सबसे ज्यादा

इस आयोजन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की कृषि विकास दर दुनिया में सबसे ज्यादा बनी हुई है। उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ भारत की चिंता भी रही है कि वो उत्पादन मानव शरीर के लिए भी और मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए भी सुरक्षित उत्पादन हो, भारत अब प्राकृतिक खेती पर बल दे रहा है।

### वित्त मंत्री ने 23 जुलाई को पेश किया था बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 23 जुलाई को संसद में केंद्रीय बजट 2024-25 पेश किया था। सरकार ने एग्रीकल्चर और उससे जुड़े सेक्टरों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए दिए। पिछले साल 1.25 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे। यानी इस बार किसानों के लिए बजट 21.6 प्रतिशत यानी 27 हजार करोड़ रुपए बढ़ाया गया। हालांकि किसानों की लगातार मांग के बाद भी मिनिमम सपोर्ट प्राइस यानी, एमएसपी को लेकर बजट में कोई घोषणा नहीं हुई। वहीं किसान सम्मान निधि की राशि भी नहीं बढ़ाई गई, ये 6,000 रुपए ही रहेगी।

### भारतीय कृषि परंपरा में विज्ञान को प्राथमिकता दी गई

भारत जितना प्राचीन है उतनी ही प्राचीन कृषि और भोजन को लेकर हमारी मान्यताएं हैं, हमारे अनुभव हैं। भारतीय कृषि परंपरा में विज्ञान को प्राथमिकता दी गई है। हजारों साल पहले हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि सभी पदार्थों में अन्न श्रेष्ठ है इसलिए अन्न को सभी औषधियों का स्वरूप उनका मूल कहा गया है।

### जमीन को डिजिटल आइडेंटिफिकेशन नंबर दिए जाएंगे

पीएम किसान सम्मान निधि योजना में 1 क्लिक से 10 करोड़ किसानों के खाते में रुपए ट्रांसफर हो जाते हैं। सरकार जमीनों के डिजिटलाइजेशन के लिए भी अभियान चला रही है। किसानों को उनकी जमीन को डिजिटल आइडेंटिफिकेशन नंबर भी दिया जाएगा।

### भारत में 700 से ज्यादा कृषि विज्ञान केंद्र

भारत में कृषि की शिक्षा और अनुसंधान से जुड़ा एक मजबूत इकोसिस्टम बना हुआ है। इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के ही 100 से ज्यादा रिसर्च संस्थान हैं। भारत में कृषि और उससे संबंधित विषयों की पढ़ाई के लिए 500 से ज्यादा कॉलेज हैं। भारत में 700 से ज्यादा कृषि विज्ञान केंद्र हैं जो किसानों तक नई तकनीक पहुंचाने में मदद करते हैं।

### छोटे किसान ही भारत की फूड सिक्योरिटी की बड़ी ताकत

एग्रीकल्चर हमारे इकोनॉमिक पॉलिसी का केंद्र है। हमारे यहां करीब 90 प्रतिशत परिवार ऐसे हैं, जिनके पास बहुत कम जमीन हैं, ये छोटे किसान ही भारत की फूड सिक्योरिटी की सबसे बड़ी ताकत हैं। यही स्थिति एशिया के कई विकासशील देशों में है, इसलिए भारत का मॉडल कई देशों में काम आ सकता है।

### भारत दूध, दाल और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक

पिछली बार जब आईसीएई की कॉन्फ्रेंस यहां हुई थी, तब भारत को उस समय नई आजादी मिली थी। वह भारत की फूड सिक्योरिटी को लेकर भारत के एग्रीकल्चर को लेकर चुनौतियों से भरा समय था। आज भारत फूड सरप्लस देश है। आज भारत दूध, दाल और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है।

### कॉन्फ्रेंस का विषय है ट्रांसफॉर्मेशन टुवर्ड्स सस्टेनेबल एग्री-फूड सिस्टम्स

इस साल के कॉन्फ्रेंस का विषय ट्रांसफॉर्मेशन टुवर्ड्स सस्टेनेबल एग्री-फूड सिस्टम्स है। इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य क्लाइमेट चेंज, नेचुरल रिसोर्स का डिग्रेडेशन, प्रोडक्शन कॉस्ट में बढ़ोतरी और ग्लोबल कनफ्लिक्ट जैसी समस्याओं से निपटना है।

### कॉन्फ्रेंस में लगभग 75 देशों के लगभग 1,000 प्रतिनिधि भाग ले रहे

आईसीएई 2024 में युवा रिसर्चर्स और लीडिंग प्रोफेशनल्स को उनके काम और नेटवर्क दिखाने का मौका मिलेगा। इसके जरिए रिसर्च इंस्टीट्यूट्स और यूनिवर्सिटीज के बीच पार्टनरशिप मजबूत करने पर फोकस किया जाएगा। इस कॉन्फ्रेंस में लगभग 75 देशों के लगभग 1,000 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### आज भारत एक फूड सरप्लस देश

भारतीय कृषि की एक और विशेषता है कि यहां आज भी 6 मौसमों को ध्यान रखते हुए सब कुछ प्लान किया जाता है। भारत में अगर आप कुछ 100 किलोमीटर की यात्रा करें तो खेती बदल जाती है। ये जो डायवर्सिटी है, यही ग्लोबल फूड की सिक्योरिटी के लिए भारत को उम्मीद की किरण बनाती है। पिछली बार जब आईसीएई की काउंसिल हुई थी, तब भारत को नई-नई आजादी मिली थी। तब भारत के पास एक चैलेंजिंग टाइम था। लेकिन आज भारत एक फूड सरप्लस देश है। आज भारत दूध, दाल और मसालों का सबसे बड़ा प्रोड्यूसर है। आज भारत फूड ग्रेन, फ्रूट्स, वेजिटेबल, कॉटन, शुगर, टी आदि का दूसरा सबसे बड़ा प्रोड्यूसर है। एक समय भारत की फूड सिक्योरिटी दुनिया का चिंता का विषय है। आज का भारत ग्लोबल फूड सिक्योरिटी, ग्लोबल न्यूट्रीशन सिक्योरिटी के सॉल्यूशन देने में जुटा है।

# शिव भक्तों पर ये 'अत्याचार', अधिकारी और नेता कोई नहीं सुन रहा पुकार

**शामली जनपद के थानाभवन क्षेत्र में पंवारखेड़ा गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंचना मुश्किलों भरा**

- सड़क न होने की वजह से रास्ते पर दलदल-कीचड़ में गिरते-पड़ते मंदिर पहुंचते हैं भक्त
- स्थानीय लोगों के अनुसार 600 वर्ष से भी अधिक प्राचीन है मंदिर, अटूट आस्था का केंद्र
- लोग सत्ता और विपक्ष के नेताओं, जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों से गुहार लगाकर थक चुके







जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** सावन का महीना चल रहा है, शुक्रवार को सावन की महाशिवरात्रि थी। देश के मंदिरों में भक्तों का उत्साह देखते बन रहा था। वहीं, प्रदेश के शामली जनपद के थानाभवन क्षेत्र में पंवारखेड़ा गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शिव भक्त कीचड़ में गिरते-पड़ते पहुंचे। उनका दोष सिर्फ इतना था कि उन्होंने उस प्राचीन शिव मंदिर में जाने का निर्णय लिया जिस का रास्ता बनवाने के लिए न तो कोई अधिकारी मेहरबान है और न किसी भी दल का सांसद, विधायक या अन्य नेता। शामली के पंवारखेड़ा गांव में शिव मंदिर जाने वाले भक्तों का यह किसी एक दिन का दर्द नहीं है। मजबूरन यह उनकी जिंदगी का सिलसिला बन गया है। सावन की शिवरात्रि और सावन के सोमवार में क्योंकि हजारों भक्त यहां आते हैं लिहाज़ा स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की नींद टूटेगी और सावन शुरू होने से पहले मंदिर जाने वाली सड़क का निर्माण हो जाएगा। लेकिन अफसोस कि उनकी उम्मीद पर अधिकारी, जनप्रतिनिधि और नेता खरे नहीं उतरे।

### पुलिस वाले भी गिरते हुए ड्यूटी करने पहुंचे

शिव मंदिर जाने वाले भक्तों को ही दिक्कत हो ऐसा नहीं है। सावन की शिवरात्रि पर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ के चलते वहां पुलिस की भी तैनाती की गई थी। लिहाजा अपनी ड्यूटी करने के लिए जो पुलिस वाले मंदिर जा रहे थे उनमें से कुछ फिसल कर कीचड़ में गिर गए। कुछ को अपने जूते उतार कर और यूनिफॉर्म की पैंट घुटनों तक चढ़ाकर मंदिर पहुंचना पड़ा।

### ट्रैक्टर और बैलगाड़ी का लेना पड़ा सहारा

पंवारखेड़ा शिव मंदिर का रास्ता इतना कीचड़ और फिसलन भरा है कि वहां मोटरसाइकिल, स्कूटी, स्कूटर और कार से पहुंचना बहुत मुश्किल है। इसलिए लोगों ने ट्रैक्टर और बैलगाड़ी या बुग्गी के जरिए रास्ता तय किया। जिनके पास ट्रैक्टर बैलगाड़ी नहीं थी उन्हें पैदल ही मंदिर जाना पड़ा।

### गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को आई बहुत दिक्कत

आस्था पर किसी का जोर नहीं है। भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए किसी को रोका भी नहीं जा सकता। ऐसे में मंदिर जाने वाली गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कुछ महिलाओं को तो समझा कर घर वापस भेज दिया गया कि ऐसे फिसलन भरे रास्ते पर मंदिर जाना उनके और उनके गर्भ में पल रहे बच्चे लिए सुरक्षित नहीं है। जो नहीं मानीं उन्हें परिवार व गांव के अन्य लोगों ने ट्रैक्टर या बैलगाड़ी की व्यवस्था कर मंदिर भेजा। कुछ यही हाल बुजुर्गों का भी रहा।

### गांव से भी प्राचीन है मंदिर



प्राचीन भगवान शिव का मंदिर 600 सौ वर्षों से भी पुराना है। क्योंकि जिस गांव में यह मंदिर है यह गांव - पंवारखेड़ा 600 सौ वर्षों के आसपास बसा है। गांव बसने की जानकारी हम राजपूतों की वंशावली रखने वाले बताते हैं कि ये मंदिर गांव के बसने से पहले से है। शिवलिंग स्वयंभू है। बाद में इस मंदिर का निर्माण और विस्तार किया गया।

- दुष्यन्त पुंडीर, क्षेत्रीय किसान

### कांवड़ियों की कांवड़ खंडित होते-होते बची

मंदिर पर बड़ी संख्या में कांवड़ भी लेकर आते हैं। कई तो हरिद्वार से कावड़ में गंगाजल भरकर लाते हैं। इन कांवड़ियों के लिए मंदिर तक कांवड़ सुरक्षित लेकर पहुंचना बड़ी चुनौती थी। कांवड़ियों को डर था कि शंकर जी पर कांवड़ चढ़ाने से पहले मंदिर जाने वाले गांव के रास्ते में फिसल कर कहीं उनकी कांवड़ खंडित न हो जाए। भक्तों ने बताया कि हरिद्वार से शामली तक आने में जितनी दिक्कत नहीं हुई उससे ज्यादा दिक्कत और डर पंवारखेड़ा गांव मंदिर जाने वाले रास्ते पर लगा।

# यूपी में आईएएस अफसरों के तबादले, विनोद कुमार अलीगढ़ के नगर आयुक्त बने

- आईएएस अमित आसेरी को विशेष सचिव लोकनिर्माण विभाग नियुक्त किया गया है

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में दो आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। 2018 बैच के आईएएस विनोद कुमार को नगर आयुक्त अलीगढ़ बनाया गया है। वह अभी तक विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग के पद पर तैनात थे। इसी तरह आईएएस अमित आसेरी को विशेष सचिव लोकनिर्माण विभाग नियुक्त किया गया है। वह अभी तक नगर आयुक्त अलीगढ़ के पद पर तैनात थे। वह 2016 बैच के अफसर हैं।

### नौ डिप्टी एसपी के हुए तबादले

इसके पहले डीजीपी मुख्यालय ने नौ डिप्टी एसपी का तबादला कर दिया।




रेलवे, वाराणसी में तैनात श्यामजीत प्रमिला सिंह को प्रयागराज कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त बनाया गया है। जबकि बस्ती में तैनात कुंवर प्रभात सिंह को वाराणसी रेलवे भेजा गया है। संतोष कुमार सिंह को मैनपुरी से बस्ती भेजा गया है। आगरा एलआईयू में तैनात सत्यप्रकाश शर्मा को मैनपुरी भेजा गया है। प्रदीप कुमार को पीएसी, बरेली से बस्ती भेजा गया है। इसी तरह अनिल कुमार तृतीय को अलीगढ पीएसी से गाजीपुर भेजा गया है। संजीव कुमार को शामली से बदायूं और श्रीयश त्रिपाठी को हमीरपुर से अयोध्या भेजा गया है। एलआईयू, अलीगढ़ में तैनात प्रभात कुमार तिवारी को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स मुख्यालय भेजा गया है।

# गोमतीनगर में युवती से छेड़छाड़: मुख्य आरोपी की नहीं हो सकी पहचान, पुलिस ने 250 सीसीटीवी खंगाले

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बारिश के दौरान युवती से छेड़छाड़ करने वाले मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी तो दूर गोमतीनगर पुलिस अभी तक उसकी पहचान तक नहीं कर सकी है। हालांकि, हुड़दंग में शामिल चार आरापियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग है। साथ ही तीन अन्य युवकों को हिरासत में लिया है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि शुक्रवार को फुटेज व फोटो की मदद से बाजारखाला पुलिस ने हुड़दंग में शामिल संत सुदर्शनपुरी कॉलोनी निवासी नगर निगम में कार्यरत संविदाकर्मी आकाश और 15 साल के एक किशोर को गिरफ्तार किया है। दोनों को गोमतीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आकाश के पास से एक स्कूटी भी बरामद की है। आकाश उसी स्कूटी से घटनास्थल पहुंचा था। इसके अलावा गोमतीनगर पुलिस ने भी फुटेज व वीडियो की मदद से अलीगंज बड़ा चांदगंज निवासी आमिर और अलीगंज निवासी नूर आलम को शुक्रवार शाम गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि कई और हुड़दंगियों की पहचान की गई है।

### कई सोशल मीडिया अकाउंट खंगाले

मरीन ड्राइव पुल के पास हुए हुड़दंग में शासन के सख्त होने पर पुलिस ने उपद्रवियों को चिह्नित करने का काम शुरू किया। डीसीपी ने बताया कि पुलिस की कई टीमों ने 250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। कई सोशल मीडिया अकाउंट देखे गए। इनकी मदद से हुड़दंग में शामिल आरोपियों की पहचान की गई। अब तक 20 युवकों को गिरफ्तार किया जा चुका है और कुछ हिरासत में हैं। वीडियो और तस्वीरें सभी थानों को भेजकर अन्य हुड़दंगियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** सीएम योगी के विजन अनुसार, इंटीग्रेटेड पीआईडीएस सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर से एक्वा लाइन के विभिन्न स्टेशंस को युक्त करने की तैयारी

# एडवांस पैसेंजर इनफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम से लैस होगी नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ/नोएडा

- नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) ने शुरू की प्रक्रिया, 11.27 करोड़ रुपए की लागत से परियोजना को किया जाएगा पूरा
- डिपो स्टेशन समेत कुल 21 मेट्रो स्टेशंस के प्लेटफॉर्म के दोनों तरफ होगा इंस्टॉलेशन, कुल 88 पीआईडीएस सिस्टम होंगे योजना के अंतर्गत इंस्टॉल



उत्तर प्रदेश को आधुनिक परिवहन सुविधाओं से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने नोएडा में मेट्रो एक्वा लाइन को एडवांस पैसेंजर इनफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम (पीआईडीएस) से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत पहले से स्थापित इनफॉर्मेशनल डिस्प्ले सिस्टम को रिप्लेस किया जाएगा तथा इनकी जगह नए सिस्टम को इंस्टॉल किया जाएगा। वहीं, सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर में नए इंस्टॉलेशन व अपडेशन समेत अन्य जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के अंतर्गत नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) के 21 मेट्रो स्टेशंस को पीआईडीएस युक्त किया जाएगा। प्रक्रिया में कुल 88 पीआईडीएस सिस्टम इंस्टॉल होंगे जो कि मेट्रो रेलवे प्लेटफॉर्म्स की दोनों तरफ लगाए जाएंगे। वहीं, प्रत्येक स्टेशन के कॉन्कोर्स में कुल 42 पीआईडीएस इंस्टॉल किए जाएंगे। इस पूरी प्रक्रिया में 11.27 करोड़ रुपए का खर्च होगा तथा इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एनएमआरसी ने एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि एनएमआरसी मेट्रो रेल कॉरिडोर (एक्वा लाइन) 29.7 किलोमीटर लंबी है और इसे नोएडा ग्रेटर नोएडा मेट्रो रेल कॉरिडोर के नाम से जाना जाता है।

### डिपो स्टेशन पर इंस्टॉल होंगे सर्वाधिक पीआईडीएस

एक्वा लाइन के अंतर्गत कुल 21 मेट्रो स्टेशन शामिल हैं जो नोएडा सेक्टर 51 से शुरू होकर ग्रेटर नोएडा में डिपो स्टेशन पर समाप्त होते हैं। इसके अलावा, मेट्रो डिपो/ओसीसी ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर में डिपो स्टेशन से आगे स्थित है। परियोजना के अंतर्गत सेक्टर 51 मेट्रो स्टेशन के अप व डाउन प्लेटफॉर्म्स पर 2-2 यानी कुल 4 पीआईडीएस इंस्टॉल होंगे। इसी प्रकार सेक्टर 50, सेक्टर 76, सेक्टर 81, सेक्टर 101, एनएसईजेड, सेक्टर 83, सेक्टर 137, सेक्टर 142, सेक्टर 143, सेक्टर 144, सेक्टर 145, सेक्टर 146, सेक्टर 147, सेक्टर 148, केपी-2, परी चौक, अल्फा-1, डेल्टा-1 तथा ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण मेट्रो स्टेशन के अप व डाउन प्लेटफॉर्म्स पर 2-2 यानी कुल 4 पीआईडीएस इंस्टॉल होंगे। वहीं, डिपो स्टेशन पर अप व डाउन प्लेटफॉर्म्स पर 2-2 पीआईडीएस के अतिरिक्त तीसरे प्लेटफॉर्म पर भी 2 पीआईडीएस इंस्टॉल होंगे। इस प्रकार सर्वाधिक 6 पीआईडीएस डिपो स्टेशन पर ही इंस्टॉल होंगे। योजना में सभी 21 स्टेशंस पर कुल मिलाकर 88 पीआईडीएस को इंस्टॉल व अपग्रेड किया जाएगा।

### सभी स्टेशनों के कॉनकोर्स भी होंगे पीआईडीएस युक्त, 42 सिस्टम होंगे इंस्टॉल

कार्ययोजना के अनुसार, सभी स्टेशनों के प्लैटफॉर्म समेत कॉनकोर्स को भी पीआईडीएस युक्त किया जाएगा। कुल 21 मेट्रो स्टेशंस पर प्रति स्टेशन 2 पीआईडीएस के हिसाब से 42 पीआईडीएस को इंस्टॉल किया जाएगा। इन कार्यों को पूरा करने के लिए समयसीमा 10 महीने निर्धारित की गई है जिसे कार्यावंटन प्राप्त करने के बाद एजेंसी को सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग व कमीशनिंग प्रक्रिया के अंतर्गत पूरा करना होगा। इस दौरान उसे 24 महीने का डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड भी सर्व करना होगा। सभी पीआईडीएस डिस्प्ले बोड्र्स टू कलर एलईडी बेस्ड होंगे। प्रक्रिया के अंतर्गत पीआईडीएस मैनेजमेंट सिस्टम भी इंस्टॉल होगा जिस प्रक्रिया को सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर इंस्टॉलेशन प्रक्रिया से पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पीआईडीएस मैनेजमेंट के लिए कॉमन वर्क स्टेशन भी विकसित किया जाएगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** विद्यालय से पढ़ाकर लौट रहे बाइक सवार शिक्षक को ओवरलोड ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे उनकी मौत हो गई। देहात कोतवाली के खौड़ा का पुरवा जमुनीपुर गांव निवासी दयाराम वर्मा (45) कमासिन ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय दतौरा में सहायक अध्यापक थे। शुक्रवार को दोपहर करीब तीन बजे विद्यालय से पढ़ाकर वापस बाइक से घर जा रहे थे। देहात कोतवाली के रामगुलाम का पुरवा बबेरू मार्ग पर बाईपास के पास ओवरलोड ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। इसस वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। देर शाम उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। वहां से आगरा रेफर कर दिया। आगरा ले जाते समय इटावा के पास रात ढाई बजे दम तोड़ दिया। भाई महेश वर्मा ने बताया कि दो भाइयों में बड़े थे। घर में पत्नी ममता देवी, तीन बेटियां और एक बेटा है। वह हेलमेट लगाए थे। देहात कोतवाली इंस्पेक्टर सुखराम सिंह ने बताया कि ट्रक को पकड़ लिया गया है। चालक फरार है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### ताला बंद मकान से जेवर और नकदी चोरी, पड़ोसी पर रिपोर्ट

**बांदा।** ताला बंद मकान से चोरों ने जेवर और नकदी पार कर दिए। दूसरी घटना में पड़ोसियों ने दीवार फोड़कर घर में रखा गृहस्थी का माल पार कर दिया। दोनों मामलों में कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज की गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के कंचनपुरा मोहल्ला की रहने वाली रामजानकी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह मायके कालिंजर गई थीं। 10 दिन बाद लौटी तो चोरी की जानकारी मिली। रामजानकी ने बताया कि चोर उसके घर से 20 हजार रुपये और सोने-चांदी के जेवर ले गए हैं। तहरीर के आधार पर कोतवाली में पड़ोसी के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। उधर, शहर कोतवाली क्षेत्र के बिजली खेड़ा मोहल्ला निवासी कुंदन प्रसाद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह एक वर्ष से पुत्री का इलाज मध्य प्रदेश के नौगांव में करा रहा है। इस बीच उनके पड़ोसी नीलम आदि ने उसके मकान की दीवार फोड़कर घर गृहस्थी का रखा पूरा सामान पार कर दिया है। उसके मकान में भी कब्जा कर लिया है। जानकारी होने पर जब वह यहां आया तो उन्होंने अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी है। उसने डीएम और एसपी को प्रार्थना पत्र भी दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में डीएम को तहरीर देने पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### महिला ने सूने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र के चमारी में महिला ने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम चमारी निवासी स्व. शंभू यादव की पत्नी हंसो 45 वर्ष रोज की तरह कमरे में सो रही थी। उसका बड़ा लड़का बाहर नोकरी करता है, जबकि दूसरा घर पर ही था, और सुबह वह गांव में चला गया। वापस आकर जब देखा तो कमरे में ऊंची खिड़की में मां का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ था। मां को फांसी पर लटका देख उसके पैरो तले से जमीन खिसक गई। मौजूद ग्रामीणों ने जानकारी पुलिस को दी।

# डीएम-एसपी ने सपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की जन समस्याएं



**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील मऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक, प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक बरगढ राकेश मौर्य, पीआरओ प्रवीण सिह आदि मौजूद रहे।

## एडीएम-एएसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुन दिए निस्तारण के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सभागार मानिकपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को शीघ्र निस्तारण करने के लिए निर्देश दिये गये। साथ ही कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके जाकर जांचकर निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, तहसीलदार मानिकपुर पंजक तिवारी, नाबय तहसीलदार पारुल सिंह, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी शिवआसरे, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह आदि मौजूद रहे।

## आज एआरटीओ कार्यालय में शिविर लगाकर होगी वाहनों की फिटनेस जांच

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** स्कूली एवं यात्री वाहनों की फिटनेस जांच के लिए बीती 1 अगस्त से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को एआरटीओ कार्यालय में शिविर लगाकर वाहनों की फिटनेस की जाएगी। आरटीओ उदयवीर सिंह ने स्कूल संचालक और वाहन स्वामियों से शिविर में फिटनेस जांच करवाने की अपील की है। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बांदा उदयवीर सिंह ने बताया कि फिटनेस समाप्त होने से वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना अधिक रहती है। बिना फिटनेस के वाहन का संचालन अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे वाहनों का संचालन रोकने के लिए परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह के आदेश पर परिवहन विभाग 1 अगस्त से अभियान चला रहा है। इसके तहत वाहनों पर कार्रवाई भी की जा रही है, लेकिन लोगों की सुविधा को भी विभाग ध्यान में रखे हुए हैं। इसी के तहत रविवार को रोज की भांति कार्यालय खुला रहेगा और एक विशेष शिविर का आयोजन स्कूल वाहन और यात्री वाहनों की फिटनेस के लिए किया जाएगा। एआरटीओ कार्यालय पर आयोजित शिविर में वाहनों की जांच कर उनकी फिटनेस की जाएगी।

# दहेज हत्या के मामले में मृतका के पति को 20 साल की कैद

## दहेज लोभी सास-ससुर को भी 12-12 साल की कैद

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

दहेज मृत्यु के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने मृतका के पति को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही मृतका के सास-ससुर को भी 12-12 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि कौशाम्बी जिले के पश्चिम शरीरा थाने के बरोली गांव के निवासी गुलाब पुत्र पियारे ने पहाडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गयी तहरीर में वादी ने बताया था कि उसने अपनी पौत्री पूनम पुत्री रामू की शादी बीती 30 जनवरी 2019 को पहाड़ी थाने के रमयापुर गांव के निवासी अजय कनौजिया के साथ हिन्दू रीति रिवाज से अपने सामर्थ्य के अनुसार दहेज देकर की थी। शादी के बाद से ही पूनम के ससुरालीजन चार पहिया गाड़ी की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करते थे। इस दौरान पूनम को एक बच्चा भी हुआ। इसके बाद भी दहेज की मांग पूरी न होने के कारण पूनम को बीती 20-21 अक्टूबर 2021 को रमयापुर में पूनम को फांसी का फंदा लगाकर मार दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर मायके से सभी लोग रमयापुर पहुंचे। जहां पूनम का शव जमीन पर पड़ा हुआ था और उसके गले में रस्सी का निशान बना था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोपियों के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने शनिवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर मृतका पूनम के पति अजय कनौजिया को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा के साथ 10 हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। इसी प्रकार मृतका के ससुर नन्हा व सास रनुईया को 12-12 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की विशिष्ट अतिथि होंगी आकांक्षी विकास खण्ड रामनगर की शांति देवी

**जन एक्सप्रेस। रामनगर, चित्रकूट**



15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में ग्राम पंचायत एवं विकासखण्ड रामनगर से शांति देवी पत्नी विजय संकर को आमंत्रित किया गया है। जिले का रामनगर ब्लॉक नीति आयोग के आकांक्षी जनपद कार्यक्रम में शामिल है। इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस समारोह में नीति आयोग द्वारा प्रत्येक आकांक्षी ब्लॉक से किसी भी सरकारी योजना से लाभान्वित 1-1 दंपति (पति-पत्नी) को आमंत्रित किया गया है।

इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देश पर बीडीओ रामनगर द्वारा शांति देवी पत्नी विजय शंकर को विशिष्ट अतिथि के रूप में चुना गया है। शांति देवी वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में समूह सखी के पद पर कार्य कर रही हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह में समूह की देखभाल करने के लिए ब्लॉक स्तर से इनकी नियुक्ति की गई है। शांति देवी का कार्य अपने ब्लॉक स्तर से आने वाली नई योजनाओं की जानकारियां स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बताना हैं।

इनके पति विजय शंकर खेती किसानी करते हैं। दोनों एक दूसरे के काम में भी सहयोग करते हैं।

खंड विकास अधिकारी रामनगर ओम प्रकाश यादव ने बताया कि नजदीकी रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट के माध्यम से सभी को 12 अगस्त को नई दिल्ली पँहुचना है। 13 अगस्त को नीति आयोग द्वारा सभी को दिल्ली दर्शन कराया जायेगा। 14 अगस्त को केन्द्रीय राज्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी से मुलाकात होगी और 15 अगस्त को लाल किले में स्वाधीनता दिवस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर सभी की 16 अगस्त को वापसी होगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस। उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने तहसील कालपी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष 109 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 26 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए। साथ ही निस्तारण के सम्बंध में फीडबैक भी लिया जाए। उन्होंने तहसील में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतते है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। कहा कि भूमि विवाद में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने कार्य मे लापरवाही बरतने पर 01 लेखपाल को निलंबित करते हुए 01 कानूनगो को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि पुलिस विभाग के पास जो भी फरियादी अपनी समस्या लेकर आए उसकी सुनवाई व समाधान अवश्य ही करें, फरियादी संतुष्ट हो जाए और उन्हें दोबारा शिकायत करने की जरूरत न पड़े। कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी शर्मा, उपजिलाधिकारी कालपी सुशील कुमार, क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार, तहसीलदार अभिनव तिवारी आदि मौजूद रहे।

# चार्ज संभालते ही नवागंतुक सीओ ने देर रात पिकेट पॉइंट किए चेक



**जन एक्सप्रेस। उरई**

सर्किल का चार्ज लेने के बाद नवांगतुक सीओ उमेश कुमार पांडे ने शुक्रवार देर रात शहरी और ग्रामीण इलाकों के मुख्य चौराहों व रास्तों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी पिकेट पॉइंट और पुलिस ड्यूटी स्थल चेक किए। अंत में रात 2 बजे शहर के मुख्य शहीद भगत सिंह चौराहे पर उन्होंने उरई कोतवाली के सभी चौकी प्रभारी और दरोगाओं की मीटिंग ली जिसमें बीते दिनों उरई कोतवाली क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं पर नाराज़गी जताई और जल्द से जल्द सभी चोरियों का खुलासा कर चोरों को जेल भेजने की ताकीद की और कहा कि किसी भी हाल में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में चोरी की घटनाएं नहीं होनी चाहिए। महिला संबंधी अपराधों को रोकने के लिए स्कूल कॉलेज के आसपास चेकिंग की जाए और स्कूलों में जाकर छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया जाए।

# श्रीकृष्ण भगवान की बाल लीला है जीवन जीने की कला: प्रपन्नाचार्य

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण बाल उत्सव, गोवर्द्धन पूजा की कथा सुनाई। भजन संगीत सुन श्रोतागण मंत्रमुग्ध रहे।

शनिवार को मुख्यालय के तरौंहा स्थित रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस कथा व्यास बदरी प्रपन्नाचार्य ने बताया कि श्रीकृष्ण भगवान की बाल लीला केवल कहानी नहीं जीवन जीने की कला है। भगवान की हर लीला में अध्यात्म छिपा है। मिट्टी खाकर भगवान ने मिट्टी तत्व को शुद्ध किया। अग्निपान करके अग्नि तत्व को शुद्ध किया। काली नाग को नाथ कर जल तत्व को शुद्ध किया। जल ही जीवन है यह सूत्र भगवान ने दिया। प्रकृति की सुरक्षा गोवर्धन पूजा की कहानी से सीखा जा सकता है। पर्यावरण सुरक्षित है तो संसार सुरक्षित है। कथा व्यास ने कहा कि भगवान ने अपनी बाल लीला में गो संवर्धन का काम किया। उन्होंने कहा कि बालक के 16 संस्कार किए जाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण को मधुरास्तक बेहद प्रिय है। भगवान के पर्दा खोलने और बंद करने के पहले मधुरास्तक कहना चाहिए।

बच्चे के जन्म के छठवें दिन भाग्य लिखा जाता है। ऐसे में माता-पिता को इस दिन प्रार्थना करना चाहिए कि बालक का भविष्य अच्छा हो। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के पूर्व योग माया ने कंस के छाती में लात मारकर कह गई कि तुम्हे मारने वाला पैदा हो गया है तो कंस ने पूतना को भेजकर कहा कि जो इस समय बच्चे पैदा हुए सबको मारकर आओ। इस पर भगवान श्रीकृष्ण ने सभी बच्चों की जान बचाते हुए सबसे पहले अपने पास बुला लिया। पूतना राक्षसी ने गोपी का वेश धारण कर अंदर चली गई और यशोदा से प्रभु श्रीकृष्ण को खिलाने के लिए ले लिया। पूतना अपने स्तन पर विष लगाकर श्रीकृष्ण को पिलाना चाहा, लेकिन श्रीकृष्ण ने उसके प्राणों का पान किया।

स मौके पर मुख्य यजमान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम करवरिया, राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, पवन करवरिया, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय करवरिया, वेदरतन करवरिया, राजेश भारद्वाज, अमरनाथ द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# 1-15 वर्ष बच्चों के लिए 22 अगस्त से चलेगा जेई टीकाकरण अभियान

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि जनपद 1-15 वर्ष तक के बच्चो को जेई टीकाकरण से आच्छादित किये जाने के लिए आगामी 22 अगस्त से 20 सितम्बर तक अभियान संचालित होगा। टीकाकरण अभियान एएनएम, आशा व आँगनगाडी कार्यकर्ती द्वारा प्राथमिक, जूनियर विद्यालय, हाईस्कूल, माध्यमिक विद्यालय, नर्सरी, प्रीनर्सरी, मोंटेसरी, आगनबाडी केन्द्रों, मदरसा एवं बोर्डिंग स्कूल आदि में जेई टीकाकरण कराया जायेगा। इसके लिए जनपद में 333200 के लगभग 1-15 वर्ष तक के बच्चों को लक्षित किया गया है। जनपद में जेई टीकाकरण अभियान के सफल संचालन एव क्रियान्वयन के लिए जनपदीय टॉस्क फोर्स (डीटीएफ) की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जनपद स्तरीय संवेदीकरण, अर्न्तविभागीय कार्यशाला का आयोजन 6 अगस्त को आयोजित होनी है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ विकास विभाग, आईसीडीएस, माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ डब्लूएचओ, यूनीसेफ एंव यूएनडीपी के प्रतिनिधियो द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, जिससे टीकाकरण अभियान से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी साझा करते हुए जेई टीकाकरण अभियान को सफल बनाये जाने के लिए सफल रणनीति तैयार की जा सके एंव लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की जा सके। जेई टीकाकरण अभियान आगामी 22 अगस्त से प्रारम्भ होगा। जिसमें पहले दो सप्ताह यह अभियान सरकारी, प्राइवेट स्कूलों, कॉलिजों, मदरसों तथा बाद के 2 सप्ताह ग्रामीण एंव शहरी क्षेत्र में टीकाकरण सत्र लगाकर संचालित किया जायेगा।


## कार्यालय नगर पंचायत नरैनी, बाँदा

(कार्यालय दूरभाषः 8189078209 कार्यालय E-Mail: eonpnarainabn-up@nic.in)

पत्रांक: 47/न0पं0नरैनी/मैनुआल स्कैवेंजर/2024-25 दिनांक: 03 अगस्त, 2024

-:: सार्वजनिक सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, गोमती नगर विस्तार-7, उ0प्र0 कार्यालय पत्र संख्या-4/805/स्व0शौ0/2022-23, लखनऊ दिनांक-10.07.2024 के क्रम में मा0 उच्चतम् न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या-324 ऑफ 2020 डा0 बलराम सिंह बनाम् यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक-20.10.2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुअल स्कैवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पंचायत नरैनी, बाँदा सीमान्तर्गत स्थित 12 वार्डों में किया जा रहा है। अतः कोई भी सर्वसाधारण **दिनांक-05.08.2024 तक** कार्यालय नगर पंचायत नरैनी, बाँदा में उपस्थित होकर या कार्यालय के मोबाईल नम्बर/कन्ट्रोल रूम नम्बर-8189078209 पर अस्वच्छ शौचालय तथा मैनुअल स्कैवेंजरों की सूचना दे सकता है। जिनसे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पंचायत नरैनी
जनपद-बाँदा


### प्रसव के दौरान महिला कांस्टेबल की मौत

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** थाना सिरसा कलार क्षेत्र के खडगुई पुरवा की 30 वर्षीय महिला कांस्टेबल जो कि ललितपुर में महिला कांस्टेबल के पद पर तैनात थी । जिसकी प्रसव के दौरान मौत हो गई। महिला कांस्टेबल नीतू सिंह पाल 30 वर्ष पत्नी भारत सिंह पाल ललितपुर जिले में 7 वर्ष से महिला कांस्टेबल के पद पर तैनात थी। नीतू गर्भवती थी शुक्रवार को नीतू के पेट में दर्द बढ़ा जिसे उसे पति के द्वारा सरकारी अस्पताल में ले गए जहां से उसे रिजेंसी अस्पताल कानपुर के लिए रेफर कर दिया ।जहां पर प्रसव के दौरान महिला कांस्टेबल नीतू और बच्चे की मौत हो गई। जिसके बाद महिला कांस्टेबल का शव निजी गांव खडगुई पुरवा लाया गया जहां पर सलामी देते हुए उसका अंतिम संस्कार किया गया ।जिसके उपरांत सिरसा कलार उपनिरीक्षक राकेश सिंह यादव,कांस्टेबल प्रेम नारायण मिश्रा,आकाश,मनीष,शैलेंद्र, अवनीश तथा अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिजली कटौती की समस्या का समाधान न होने पर कांग्रेस पार्टी करेगी आन्दोलन

**जन एक्सप्रेस। चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश कौंग्रेस समिति के निर्देश पर पूरे प्रदेश में बिजली संकट को लेकर कौंग्रेस पार्टी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में जिला कौंग्रेस समिति के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कर्वी को सौंपा गया। साथ ही जिले के बिजली विभाग के एसी सुरेश यादव से मिलकर एक पत्र उनको भी सौप कर जिले की विद्युत समस्या से अवगत कराया गया।

जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने बताया कि बिजली की समस्या से शहर व ग्रामीण के लोग परेशान हैं। बिजली कटौती का कोई समय नहीं है। उन्होंने कहा कि कौंग्रेस पार्टी मांग करती है कि बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या का समाधान तत्काल किया जाए। अन्यथा कौंग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी। कौंग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि सरकार बिजली को लेकर बडे-बडे वादों का ढिंढोरा पीटती है, लेकिन आम जनता परेशान है। किसान धान की खेती के लिए पानी के लिए परेशान है, लो वोल्टेज होने के कारण ग्रामीण को ट्यूबवेल चलाने में दिक्कत का सामना करना पड रहा है। पूरे जिले में बिजली का कोई समय नहीं है, जब चाहे कटौती कर दी जाती है। ग्रामीण क्षेत्र में फाल्ट की समस्या है। उन्होंने कहा कि जिले में बिजली के समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कौंग्रेस पार्टी बिजली विभाग का घेराव करेगी। किसान कौंग्रेस के नेता तीरथ सिंह ने कहा कि सरकार से किसान सबसे ज्यादा परेशान है। कभी बिजली के लिए, कभी खाद के लिए, इस समय बिजली की समस्या से परेशान है। बिजली की समस्या का निदान कराया जाए, जिससे किसानों को लाभ मिल सके।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, राकेश वर्मा, सेवादल अध्यक्ष चुनवाद प्रसाद, जिला सचिव भगवानदीन समदरिया, तीरथ सिंह, राजेश सिंह, महेंद्र सिंह, जग जाहिर पटेल, दिवाकर त्रिपाठी, सविता पाल, अजीत मिश्रा, मोहित पाल, कामता प्रसाद द्विवेदी, इंद्रजीत उपाध्याय, कंचन सिंह, रामेश्वर गौतम, हरिओम पांडेय, रामस्वरूप पटेल आदि मौजूद रहे।

## मौसम पूर्वानुमान

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 04 से 07 अगस्त, 2024 के मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 36.6 (+3.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.0 (+4.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 87 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 73 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.8 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# रोड पर कार दौड़ा रहे नाबालिगों ने मां बेटी को रौंद डाला, एक की मौत

**घटना के बाद कार मे सवार नाबालिक बच्चों को मौके पर पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया है**



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन शुक्रवार की दोपहर में शहर के दक्षिण क्षेत्र स्थित किदवई नगर थाना अंतर्गत एक तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला है। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जहाँ तेज रफ्तार कार मे सवार नाबालिक बच्चों की गलती का खामियाजा स्कूटी सवार मां बेटी को भारी पड़ गया। तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार मां बेटी को जोरदार टक्कर मार कर उड़ा दिया। जिसमे स्कूटी सवार एक महिला की मौत हो गई जबकि उसकी बेटी घायल हो गई। जिसका इलाज अस्पताल मे चल रहा है। वहीं घटना के बाद कार मे सवार नाबालिक बच्चों को मौके पर पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया है। जानकारी देते हुए केशव नगर निवासी अनूप मिश्रा ने बताया कि 2 जुलाई को दोपहर 2 से 3 बजे के बीच उनकी पत्नी भावना मिश्रा और बेटी मेधावी मिश्रा स्कूटी से मार्किट जा रही थी। इस दौरान साकेत नगर स्थित तेज रफ्तार कार ने स्कूटी मे इतनी तेज टक्कर मारी कि माँ बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जिसने भी देखा उसके होश उड़ गए। एक्सीडेंट के दौरान इलाके मे अफरातफरी का माहौल बन गया। वहीं घटना के बाद इलाकाई लोगो की भीड़ जमा हो गई और लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने माँ बेटी को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। जहाँ महिला ने दम तोड़ दिया जबकि बेटी के हाथ पैर और कूल्हे की हड्डी टूट गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इस प्रकरण मे एसीपी बाबूपुरवा अमरनाथ यादव ने बताया कि कार चला रहा नाबालिक मदर टेरेसा स्कूल का छात्र है। घटना के दौरान छात्र के साथ उसका दोस्त और दो नाबालिक छात्राएं थी। ये चारों छात्र सुबह स्कूल बंक करके निकले थे। किदवई नगर थाना क्षेत्र की साकेत नगर रोड पर 100 से ज्यादा तेज रफ्तार मे गाड़ी दौड़ा रहे थे। हादसे के दौरान कार सवार मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। घटना के बाद पब्लिक ने उन चारों को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने गाड़ी चला रहे नाबालिक की पहचान सेन निवासी एक व्यक्ति के रूप में हुई है। किदवई नगर पुलिस ने मृतिका के पति द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है साथ ही आरोपी छात्र के पिता को भी हिरासत मे ले लिया है।

## पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला मेपल 2024 का समापन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय मे स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के गणित विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला मेपल 2024 का समापन शनिवार को हुआ।समापन सत्र में विशेष अतिथि साइबरनेक्स नई दिल्ली से डॉ. अश्विन सक्सेना ने क्वांटम कंप्यूटिंग में सीओई को पेश करने के लिए उन्होंने अपने प्रस्ताव के बारे में एक प्रेजेंटेशन दिया और कई स्टार्ट-अप के बारे में छात्रों से बातचीत की। दूसरे सत्र में बाइनरी सिमेंटिक्स से मेपल सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ सुश्री भावना बिंदल ने मेपल सॉफ्टवेयर के बारे में प्रशिक्षण दिया। इस दौरान प्रशिक्षण पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी के परिणाम समापन सत्र में घोषित किए गए। कार्यशाला में पूरे भारत से कुल 111 प्रतिभागियों ने अपनी परियोजनाओं और अनुसंधान को बेहतर बनाने के लिए पंजीकरण कराया। वीएसएसडी कॉलेज, कानपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ.अजीत ने क्विज़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार हासिल किया।

इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रो.राजेश कुमार द्विवेदी, उपनिदेशक डॉ.अंजू दीक्षित, प्रो.रबिन्स पोरवाल, डॉ.नमिता तिवारी, डॉ.राघवेंद्र सिंह और डॉ.इज़हार अली खान आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की शिष्टाचार भेंट



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राज्य कर विभाग में शनिवार को अपर आयुक्त ग्रेड 1 जोन प्रथम का कार्यभार शशांक शेखर मिश्रा के ग्रहण करने पर मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष रोहित तिवारी, जिलामंत्री शोभित अग्रवाल, के एल सरोज, अंकुर श्रीवास्तव, जितेंद्र मिश्रा, दीपक शर्मा, अभिषेक मालवीय, आकाश त्रिपाठी, विनोद मिश्रा, तुषार श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को रिपोर्टिंग के सिखाए गुर



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में शनिवार को यूपी कैटेट 2024 के परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों की रिपोर्टिंग कृषि विश्वविद्यालय के कैलाश भवन सभागार में प्रारंभ की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने सभागार में उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं का विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए स्वागत करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को यदि किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो वह विश्वविद्यालय के कुलपति, अधिकारियों तथा कुल सचिव से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं।

कुल सचिव डॉ.पी के उपाध्याय द्वारा कुलपति को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं को रिपोर्टिंग की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर डॉ.मुकेश श्रीवास्तव, डॉ.सर्वेश कुमार, डॉ.सीमा सोनकर एवं डॉ.संजीव कुमार सहायक कुल सचिव द्वारा प्रमाण पत्रों की जांच की गई।

## मोटरसाइकिल लेकर फरार चल रहे युवक को दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कल्यानपुर पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है, पुलिस टीम ने थाने में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी अंकित राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अंकित राजपूत पर कल्यानपुर निवासी हिमांशु गौतम पर बाइक चोरी का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी को गंगा पैलेस अपार्टमेंट के पास से गिरफ्तार किया और उसके पास से मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि आरोपी अंकित राजपूत फरार चल रहा था, लेकिन पुलिस की सख्ती और मुखबिर की सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक विद्यालय प्रबंधक महासभा की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



उत्तर प्रदेश माध्यमिक विद्यालय प्रबंधक महासभा की बैठक पंडित सरयू नारायण बाल विद्यालय इंटर कॉलेज आजाद नगर कानपुर में प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें कानपुर नगर तथा कानपुर देहात कन्नौज के समस्त प्रबंधक उपस्थित रहे।

जिसमें प्रबंधक महासभा में भक्त स्वयं प्रकाश अग्निहोत्री गोपाल भैया कानपुर जिले का अध्यक्ष एवं पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक फतेह बहादुर सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष महासभा में घोषित किया गया महासभा ने यह भी निर्णय लिया कि माननीय मुख्यमंत्री से प्रतिनिधित्व मंडल जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर अरुण प्रकाश द्वारा किए गए भ्रष्टा चार फेहरिस्त उन्हें सौंपेगी बैठक को प्रदेश उप मंत्री प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र पाठक शिवाकांत मिश्रा बैजनाथ ब्रजराज गुप्ता अमित मिश्रा दिनेश गुप्ता भक्त स्वयं प्रकाश अग्निहोत्री आदि ने बैठक को संबोधित किया साथ ही बैठक में माध्यमिक विद्यालयों की समस्त समस्याओं का विस्तार से चिंतन हुआ।

## कर्मचारी संघों के अध्यक्ष व मंत्री की सामूहिक बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



आई टी आई कानपुर के कर्मचारी नेता अजय कुमार द्विवेदी को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कानपुर मण्डल का मण्डल अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर कई कर्मचारी संघों के अध्यक्ष व मंत्री की सामूहिक बैठक शनिवार को जल संस्थान में संरक्षक बी एल गुलाबिया की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में अजय कुमार द्विवेदी को नियुक्ति किये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा गया कि उनके नेतृत्व में कर्मचारियों को अब न्याय मिलना सम्भव होगा और प्रदेश संगठन में भी व्यापक मजबूती आयेगी। इस अवसर पर चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ हैलट अस्पताल के अध्यक्ष अजय कुशवाहा, राज कुमार बाल्मीकि, सुरेन्द्र सिंह यादव, विजय शंकर बंगाली, विनोद कुमार सुशील कुमार, डफरिन चिकित्सालय संघ के अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव, राम खिलावन, श्रीकांत त्रिपॉठी, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार मधुर, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव आयुर्वेदिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राम सरन एंव मिश्री लाल साहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### वृद्ध दंपति पर पड़ोसियों ने किया हमला

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पनकी थाना क्षेत्र में एक वृद्ध दंपति पर उनके पड़ोसी के साले और उसके अज्ञात साथियों ने घर में घुसकर हमला किया है। हमले में महिला और उसके पति के साथ मारपीट की गई, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी राजकुमार सिंह का साला और उसके साथ लगभग 20 अज्ञात लोगों ने घर के बाहर उनके पति के साथ मारपीट की, और जब वह घर के बाहर आए तो उन पर भी पत्थर चलाने लगे, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं हैं। पीड़ित महिला ने बताया कि तत्काल अन्य पड़ोसियों ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका एक हफ्ते से इलाज चल रहा है। पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज वीडियो को भी कब्जे में लिया है और मामले की जांच जारी है।

### युवक को दबंगों ने मारपीट कर किया घायल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पनकी में एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया है। पीड़ित युवक आकाश चौहान की मां सरोज देव ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा देर रात खाना खाकर घर वापस आ रहा था, तभी गंगागंज में श्रीराम चौराहे के पास ओम गुप्ता, गोपाल गुप्ता, सोनू यादव और संजू सविता ने हमला कर दिया। आरोपियों ने आकाश के सिर पर ईंट से वार किया और शरीर पर ईटों और डंडों से कई वार किए। इस दौरान पड़ोसी रानी श्रीवास्तव ने बचाव किया, जिसमें उन्हें भी चोट आई है। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग गए। आकाश का इलाज माया हस्पिटल पनकी में चल रहा है, जहां आकाश की हालत गंभीर है। थाना प्रभारी पनकी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### बीबीए छात्र फांसी पर झूला, मौत



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना रावतपुर क्षेत्र के आनंद नगर में बीबीए छात्र ने कल सुबह फांसी लगा ली परिजन आनन फानन में उसे हॉस्पिटल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक छात्र को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रावतपुर आनंद नगर निवासी लोडर चालक पिता गुड्डू ने बताया कि उनके घर में एक बड़ी बेटी में इकलौता बेटा सानू( 17 ) है। मृतक बेटा सानू विश्वविद्यालय से बीबीए कर रहा था। कल सुबह बेटे को कपड़े फैलाने के लिए डांट दिया था। बेटा कपड़ा फैलाने छत पर गया था। दो घंटे बीत जाने के बाद वापस नहीं आया तो बेटे की दादी उसे बुलाने छत पर गई तो बेटा टीनसेट की पाइप से दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटक रहा था। शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। बेटे को फांसी के फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया। वहीं छात्र की मौत से मां सीमा और बड़ी बहन जया का रो रो कर बुरा हाल है।

### झाड़ियों में पड़ा मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पनकी के मौरंग मंडी के पास झाड़ियों में शनिवार सुबह एक 26 वर्षीय युवक का शव मिला है। शव के सिर में चोट का निशान था, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस और फील्ड यूनिट ने जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बाद में मृतक का भाई नरेश पहुंचा और उसकी पहचान अपने छोटे भाई बर्रा गांव निवासी 26 वर्षीय एकलव्य के रूप में की है। मृतक एकलव्य के भाई ने बताया कि वह शराब का लती था और मजदूरी करता था। वह शुक्रवार शाम 4 बजे के आसपास घर से निकला था और उसके बाद से उसका कोई पता नहीं था। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि युवक के सिर में चोट के निशान हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सर्पदंश से मृत हुए व्यक्ति के परिजन मुआवजे से हो रहे वंचित

जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे

कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश सरकार ने सांप के काटने से होने वाली मौतों को राज्य आपदा घोषित कर दिया है। सांप के काटने से अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवार अब 4 लाख रुपये का मुआवजा पाने के पात्र होंगे। जिसे सरकार मृत्यु के सात दिनों के भीतर मुआवजें का रकम प्रदान करेगी। 1 वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी लेटर पत्रांक संख्या 511 के माध्यम से सर्वदंश के कारण हुई मृत्यु से पोस्टमार्टम के संबंध में उचित दिशा निर्देश जारी किए गए थे। वही स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया था कि सर्प दंश से मृत हुए व्यक्ति की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर यह दर्शाया जाए की उसे व्यक्ति की मृत्यु की सही वजह क्या है। इससे पहले, सर्पदंश से मृत्यु की पुष्टि के लिए एक व्यापक और जटिल प्रक्रिया थी। फोरेंसिक लैब मृतक के विसरा की जांच करती थी। हालांकि, फोरेंसिक स्टेट लीगल सेल का दावा है कि विसरा रिपोर्ट का कोई औचित्य नहीं है क्योंकि यह सर्पदंश से मृत्यु की सटीक पुष्टि नहीं कर सकती है। नई नीति के अनुसार, सर्पदंश से मृत्यु की पुष्टि के लिए विसरा रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं होगी। इसके विपरीत अभी भी सर्पदंश के मामलों में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व डॉक्टर पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने में बराबर लापरवाही बरत रहे हैं।

जिसका खामियाजा सर्प दंश से मृत्यु हुए व्यक्ति के परिजनों को भुगतना पड़ रहा है। आए दिन ऐसे मामले देखने को मिलते हैं जहां पर लाभार्थी अधिकारियों के ऑफिस के चक्कर काटते हुए नजर आते हैं। आखिर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व डॉक्टर कुंभकर्णी नींद से कब जागेंगे और सही रिपोर्ट बनाना शुरू करेंगे यह देखने वाली बात होगी।

## अनियंत्रित स्कूली बस सड़क किनारे खड्ड में पलटी, छात्र घायल



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

घाटमपुर में अनियंत्रित स्कूली बस सड़क किनारे खड्ड में पलट गई। बस में चालीस छात्र सवार थे। हादसे में बस में सवार दो छात्रों को गंभीर चोंट आई है, वही अन्य छात्रों को अंदरूनी चोंट आई है। ग्रामीणों ने बस में फंसे छात्रों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया है। जहां छात्रों का उपचार जारी है। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के चंवर गांव स्थित महात्मा गांधी स्कूल की बस प्रतिदिन की तरह नवेड़ी तरफ से छात्रों को लेकर स्कूल आ रही थी, तभी चंवर गांव के किनारे पहुंचते ही स्कूल बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में जा पलटी। हादसे में स्कूल बस में सवार छात्रों ने चीख पुकार मच दी। आसपास खेतो में काम कर रहे ग्रामीणों ने स्कूल बस को सड़क किनारे पलटा देखा तो मौके पर पहुंचकर स्कूल बस में फंसे छात्रों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया हैं।

हादसे में दो छात्रों को गंभीर चोट आई है। वही अन्य। छात्रों को अंदरूनी चोट आई है। स्कूल बस पलटने की सूचना यहां से निकल रहे राहगीरों ने फोनकर घाटमपुर पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की है। पुलिस ने स्कूल प्रबंधन से घटना की जानकारी जुटाई है।

घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी, घायल छात्रों को अस्पताल पहुंचाया गया है। घटना की जानकारी जुटाई जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हाईवे पर हुई मौत का राज जानने पहुंची उत्तर प्रदेश मेडिको लीगल सेल की टीम





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के एनएचआई 34 पर चैन निवादा गांव के सामने हाईवे पर अर्धनग्न अवस्था में 19 जुलाई 2023 को एक युवक का शव मिला था। परिजनों और पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपितो द्वारा बताई गई कहानी मैच नहीं हो पाई थी, पुलिस महज मार्ग दुर्घटना मान रही थी जिसके चलते पारिवारी जनों ने उच्च अधिकारियों से फॉरेंसिक से जॉच कराने की गुहार लगाई थी। शनिवार को लखनऊ जॉच करने संयुक्त निदेशक उत्तर प्रदेश मेडिको लीगल सेल के कीर्ति वर्धन सिंह अपनी टीम संग पहुंचे। टीम ने थाना अध्यक्ष केशव तिवारी के साथ में घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर कुछ सैंपल भी लिए और लखनऊ के लिए टीम चली गई।

विगत वर्ष 18 जुलाई की शाम को कुछ दोस्त अपने घर से ट्रेन द्वारा निकाले थे। इसके बाद देर शाम सुबह तक उनका कहीं पता नहीं लग पाया। परिजन परेशान थे 19 जुलाई को उत्तरीपुरा से पहले चैन निवादा गांव के सामने हाईवे पर एक युवक का शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात शव के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। घटना के 6 दिन बाद उत्तरीपुरा चौकी पहुंचकर कपड़ों आदि से पहचान लगाई पारिवारीजन मृतक आयुष उर्फ मक्खी 21 वर्षीय की माता गीता देवी व बहन जानवी ने पहचान कर बिलख बिलखकर रो रहे थे उन्हीं के प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस छानबीन कर पड़ोसी गौरव राहुल और राजू को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था पूछताछ के बाद में उनको छोड़ दिया गया था माता गीता देवी ने आगे बताया कि इन्हीं तीनों के पास से बेटे का मोबाइल भी मिला था। जिसको उन्होंने पहचाना था और बड़ी ही मुश्किल से इन लोगों ने वापस किया था लेकिन आज भी यह लोग हमारे सामने से गुजरते हैं तो हंसते हैं ताली बजाकर तो कष्ट होता है और इतना दुख हम नहीं झेल पाए। थानाध्यक्ष केशव तिवारी ने बताया कि जांच टीम आई थी और जांच कराकर चली गई है।

## फरार चल रहे आरोपित पत्रकारों के घरों पर पुलिस की दबिश का दौर जारी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

### शहर के वरिष्ठतम पत्रकारों ने प्रेस क्लब में बनाई रणनीति

शनिवार को वरिष्ठ पत्रकारों ने प्रेस क्लब में विचार-विमर्श करने के साथ प्रेस क्लब की गरिमा से समझौता नहीं करने के लिए रणनीति बनाई है। वरिष्ठों ने तय किया कि एक भूमि विवाद के बाद तमाम पत्रकारों के खिलाफ बेहद पुराने और फर्जी मामलों में रिपोर्ट दर्ज करना न्यायसंगत नहीं है। तय किया गया कि प्रेस क्लब की साख पर आंच नहीं आने देंगे। पत्रकारों का उत्पीड़न बंद करने के लिए संजीदा पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही स्थानीय आला अधिकारियों के साथ-साथ राज्य सरकार से संवाद करेगा। अति वरिष्ठ पत्रकारों ने आमसभा में स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति के आपराधिक कृत्य के लिए पुलिस-प्रशासन कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन स्वर्णिम इतिहास वाले कानपुर प्रेस क्लब को बदनाम करने की साजिश बर्दाश्त नहीं करेंगे। वरिष्ठ पत्रकारों ने संकट की घड़ी में एकजुटता का आह्वान करते हुए निर्णय लिया कि विभिन्न मामलों की निष्पक्ष जांच तथा निर्दोष पत्रकारों को पुराने और फर्जी मामलों में फंसाने के खिलाफ स्थानीय प्रशासन से चर्चा करेंगे। इसके साथ ही सत्य युद्ध में सच्चाई बताने के लिए प्रतिनिधिमंडल लखनऊ-दिल्ली भी जाएगा। प्रेस क्लब के सभागार में आयोजित पत्रकार सभा में वरिष्ठ-बुजुर्ग पत्रकार जुबैर अहमद फारुखी ने कहाकि, साठ साल पुरानी संस्था की साख पर सवाल कबूल नहीं है। वरिष्ठ पत्रकार अनिल मिश्रा, सतींद्र बाजपेई, प्रेस क्लब अध्यक्ष सरस बाजपेई, महामंत्री शैलेश अवस्थी ने भी मार्ग-दर्शन किया। अंत में आमसभा में एकराय से तय किया गया कि पत्रकारों के खिलाफ दर्ज विभिन्न मामलों में निष्पक्ष जांच के लिए तथा निर्दोष पत्रकारों पर एक सप्ताह में दर्ज मामलों को समाप्त करने के वास्ते वरिष्ठ पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही पुलिस कमिश्नर और मंडलायुक्त के साथ-साथ राज्य सरकार से मुलाकात करेगा। जरूरत पड़ने पर सत्य युद्ध की गूंज दिल्ली तक गूंजेगी।

थाना कोतवाली में बीते सप्ताह रविवार को दर्ज किए गए कब्जे और लूट के मामले में जहां एक ओर पुलिस पत्रकार अपनी दीक्षित को जेल भेज चुकी है तो वहीं दूसरी ओर अब जो नामित आरोपी हैं उनके घर पर दबिश मारने का दौर जारी है। अब तक कुल छह एफआईआर अवनीश दीक्षित और उनके साथियों के विरूद्ध अलग अलग थानों में दर्ज की जा चुकी हैं। इसके साथ ही लगभग तीन दर्जन शिकायती प्रार्थना पत्रों पर पुलिस की टीमें जांच कर रही हैं। पुलिस का दावा है कि अभी और ऐसे ऐसे नाम सामने आ सकते हैं जो चौंकाने वाले होंगे।

अयोध्या : सामूहिक दुष्कर्म मामला

# मुख्य आरोपी सपा नेता की बेकरी पर चला बाबा का बुलडोजर

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

भदरसा दुष्कर्म मामले में योगी सरकार के निर्देश के बाद मुख्य आरोपी समाजवादी पार्टी के नेता मोईद खान के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है।बाबा का बुलडोजर शनिवार को मोईद खान की बेकरी पर पहुंचा। इसके पहले बेकरी में छापेमारी की गई,बेकरी के अंदर बने सामान को सैंपलिंग के लिए भिजवाया गया।

बेकरी का लाइसेंस भी रद्द होगा। इसके बाद बेकरी पर बुलडोजर चला। इससे पहले शुक्रवार को मोईद खान की जमीनों की जिला प्रशासन ने पैमाइश की थी।एसडीएम सोहावल अशोक कुमार ने कहा कि बेकरी को अवैध पाए जाने के बाद सील कर दिया गया है और बेकरी को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आरोपी से सुलह-समझौता करने का दबाव बनाते हुए धमकी देने के मामले में भी पुलिस ने भदरसा नगर पंचायत चेयरमैन और दो सपा नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दर्ज एफआईआर के मुताबिक सपा नेता मोहम्मद राशिद, सपा नेता जय सिंह राणा और



एक अन्य व्यक्ति के साथ जिला महिला अस्पताल पहुंचे। यहीं पर दुष्कर्म पीड़िता का इलाज चल रहा है।

रात लगभग 11 बजे प्राइवेट वार्ड में भर्ती दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाने लगे। बता दें कि कल शुक्रवार को दुष्कर्म पीड़िता की मां ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की थी। इसके बाद पूराकलंदर थाना प्रभारी रतन शर्मा और भदरसा चौकी प्रभारी अखिलेश गुप्ता को निलंबित कर दिया गया। थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी के खिलाफ त्वरित कारवाई न करने और मामला दर्ज करने में देरी पर कार्रवाई की गई।

पूरा मामला 12 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता चार बहन है,जिसमें ये सबसे छोटी है। पिता की दो साल पहले मौत हो चुकी है। घर का खर्च मां और बहनों द्वारा मजदूरी से मिले पैसे से चलता है। आरोप है कि लगभग ढाई महीने पहले बच्ची खेत से मजदूरी कर वापस आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में उसको राजू मिला।राजू ने बच्ची से कहा कि बेकरी मालिक मोईद खान उसे बुला रहा है। आरोप है कि मोईद ने उसके साथ दुष्कर्म किया और राजू ने इसका वीडियो बना लिया।

राजू ने भी बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।लंबे समय तक मोईद और राजू वीडियो से ब्लैकमेल करके बच्ची के साथ दुष्कर्म करते रहे।बच्ची जब 2 महीने की गर्भवती हो गई तब मामला खुला। बच्ची के परिजनों ने पुलिस से इस मामले की शिकायत की, लेकिन शुरुआत में कोई एक्शन नहीं लिया गया। बाद में जब हिंदू संगठनों के साथ निषाद पार्टी के लोगों ने आक्रोश जताया तो पुलिस ने सपा के भदरसा नगर अध्यक्ष मोईद खान और उसकी बेकरी पर काम करने वाले राजू को गिरफ्तार किया।

# स्किल बर्थ अटेंडेंट का 21 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

पहले बैच में चार स्टाफ नर्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा चार स्टाफ नर्स का स्किल बर्थ अटेंडेंट का 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बृहस्पतिवार को जिला महिला चिकित्सालय में शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में हो रहा है

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डीएस अस्थाना ने बताया कि प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा प्रसव कराने से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। इसी उद्देश्य के



साथ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है।इसमें उन अप्रशिक्षित स्टाफ नर्स और एएनएम को प्रशिक्षण दिया जायेगा है जो कि प्रसव कार्य में लगी हुई हैं। एएनएम स्वास्थ्य उप केन्द्रों पर प्रसव कराती हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छह बैच में होगा।

इसमें पांच दिन थ्योरी और 16 दिन प्रैक्टिकल कराये जायेंगे। यह इस साल का पहला बैच है। इस बैच में चार स्टाफ नर्स प्रशिक्षण लें रही हैं आगे के बैच में अन्य स्टाफ नर्स और एएनएम को प्रशिक्षित किया जायेगा

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक डा. राजेन्द्र शाक्य डा सुनीता प्रसाद सरोजिनी तिवारी हॉस्पिटल मैनेजर मृणालिनी उपाध्याय उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई कि समन्वयक डा. ट्विंकल मिश्रा और कमलेश कुमार मौजूद रहे।

## जन अधिकार पार्टी की समीक्षा बैठक आज

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** जन अधिकार पार्टी जिला इकाई अयोध्या के समस्त पदाधिकारियो का आवाहन किया गया है, जिसमे जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्षा माननीय शिवकन्या कुशवाहा जी के निर्देशानुसार समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है इसी के संदर्भ में जनपद अयोध्या में भी 4 अगस्त 2024 दिन रविवार, समय 10.30 बजे, स्थान आशापुर स्थित विनायक गेस्ट हाउस में एक समीक्षा बैठक होना सुनिश्चित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आदरणीय प्रह्लाद मौर्य द्वारा सदस्यता अभियान की समीक्षा की जायेगी। बैठक में सभी जिला, मंडल और विधानसभा पदाधिकारियो से निवेदन है की 10-10 साथियों को समीक्षा बैठक में लाना अनिवार्य है। पार्टी के सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए समीक्षा बैठक को सफल बनाने के लिए आवाहन किया गया है।

## एम्स रायबरेली में जन औषधि केंद्र का एम्स के निदेशक अरविंद राजवंशी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशों के तहत मरीजों को सस्ती दवाई उपलब्ध कराने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के अंदर एक जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया इसका उद्घाटन एम्स के निदेशक अरविंद राजवंशी ने फीता काटकर किया इस जन औषधि केंद्र का उद्घाटन का मुख्य उद्देश्य है कि मरीजों को सस्ती और लाभदायक दवाइयां उपलब्ध कराई जा सके और इस जनता का लाभ हो सके जन औषधि केंद्र में सारी दवाइयां उपलब्ध रहेंगी भारत सरकार के द्वारा मान्यता प्राप्त उच्च अच्छी और सस्ती दवाइयां का वितरण इस जन औषधि केंद्र से किया जाएगा इस पहल के अंतर्गत केंद्र पर जन औषधि की सभी प्रकार की दवाइयां जिनकी कीमत सरकारी मानक अनुसार कम है जन औषधि केंद्र का उद्घाटन के समय भारतीय आयुर्वेद ज्ञान संस्थान की डीन डॉक्टर नीरज कुमारी प्रशासनिक अधिकारी सरोज कुमार सिंह और अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुरेश सिंह इस मौके पर मौजूद रहे।

# सीएम से नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोपियों को मिट्टी में मिलाने की व्यापारियों ने की मांग

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

बीते दिनों भदरसा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मोहम्मद मोईद व उसके सहयोगी द्वारा मात्र 12 वर्ष की नाबालिग लड़की से किये गये सामूहिक दुष्कर्म पर दोषियों को मिट्टी में मिलाने की मांग अयोध्या के व्यापारियों ने किया है।संयोजक व्यापार अधिकार मंच सुशील जायसवाल ने जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि इसकी गहन छानबीन कराने पर गिरोह के और भी दोषी अवश्य पकड़ में आयेंगे।

महानगर प्रभारी विश्व प्रकाश रूपन ने कहा कि अभी तक पिछड़ो के नेता बनकर अयोध्या के सांसद को स्वयंभू राजा घोषित करने वाले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का कोई बयान न आना उस पिछड़ी जाति की गरीब बेटी के घर जाकर कोई मदद न करना यह साबित करता है कि भारत के लोग इनके लिए सिर्फ सत्ता पाने का मोहरा भर हैं।

जिला प्रभारी व्यापार अधिकार मंच कमल कौशल ने नाराजगी व्यक्त करते कहा कि एसे दुष्कर्मी सभ्य समाज में रहने लायक नहीं है। इन्हें आजीवन कारावास या फांसी पर लटका कर सभ्य समाज को विश्वास दिलाना चाहिए कि प्रशासन कानून व्यवस्था केलिए चुनौती बनने वालों को मिट्टी में मिला देगा।पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु मुख्यमंत्री से मिलाने गये बीकापुर विधायक डा. अमित सिंह की प्रशंसा व्यापार अधिकार मंच ने की।

अपराधियों को मिट्टी में मिलाने की मांग करने वाले व्यापारियों में प्रमुख रूप से संगठन के अरूण गुप्ता, शैलेन्द्र सोनी रामू, रमेश जायसवाल, विकास अग्रवाल, अमानत भाई, आलोक मनूचा, प्रशांत जायसवाल, जय किशन साहू, आकाश जायसवाल, राजकुमार मोटवानी,मो सिराज, राम मोटवानी, शानू भाई, बलदेव हासानी, राजेश जायसवाल, योगेन्द्र मौर्या, अंकित चौरसिया, अर्जुन गुप्ता, दशरथ कौशल, बैजनाथ वैश्य, रत्नाकर मिश्र, मोहित सिंह बाबी, चेतन नारंग पूर्व पार्षद अभिनव जायसवाल अन्नू, दयाल यादव, मनोज अग्रवाल आदि प्रमुख रहे।

# सरकार को कोर्ट के फैसले तक यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नाजायज उत्पीड़न और गलत कार्रवाई न हो : पारसनाथ यादव

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में भदरसा रेप कांड को लेकर अब तक खामोश समाजवादी पार्टी ने शनिवार को अपनी चुप्पी तोड़ी। समाजवादी पार्टी ने बेटी के साथ हुई रेप की घटना को दुखद और निंदनीय बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। सपा नेताओं ने कहा कि है कि दोष सिद्ध होने तक किसी भी सपा नेता का उत्पीड़न न किया जाए। साथ ही सपा ने बुलडोजर और चेयरमैन भदरसा पर दर्ज केस को गलत बताया है। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, जांच में जो भी दोषी मिले उन पर जो भी कार्रवाई हो ठीक है लेकिन उससे पहले तरह तरह से सपा नेताओं का उत्पीड़न बेहद गलत है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार को कोर्ट के फैसले तक यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नाजायज उत्पीड़न और गलत कार्रवाई न हो। जिस तरह से बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है वह कदापि उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार से मांग है कि पीड़ित बिटिया के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और उचित सुरक्षा व रक्षा दी जानी है। उन्होंने कहा कि भदरसा चेयरमैन मोहम्मद राशिद और सपा नेता जय सिंह राणा अपने परिवार से मिलने जिला महिला अस्पताल गए थे और उन पर आरोप लगा कर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि भदरसा में बिटिया के साथ जो दुःखद घटना हुई है। हम उसकी कड़ी निंदा करते हैं। यह बहुत ही बड़ा जघन्य अपराध है, हम इस बात की मांग करते हैं कि इस घटना में जो भी दोषी है उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए लेकिन कार्रवाई की आड़ में बिना साक्ष्य के, बिना प्रमाण के बिना सबूतों को इकट्ठा किए समाजवादी पार्टी के नेताओं का उत्पीड़न न किया जाए, गलत एवं फर्जी कार्रवाई न किया जाए।उन्होंने कहा कि इस मामले में सर्विलांस से जुड़े जितने भी साक्ष्य हैं सब इकट्ठा किए जाएं। घटना की डीएनए जांच कराई जाए और जो भी दोषी पाया जाए उसे कठोर से कठोर सजा दी जाए, लेकिन किसी निर्दोष को न फंसाया जाए। इस दौरान बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर, बलराम मौर्या समेत तमाम नेता भी मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं से संबंधित मिश्रा सिंह समिति की रिपोर्ट प्राचार्य को सौंपा गया

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

साकेत महाविद्यालय अयोध्या के छात्र-छात्राओं की समस्याओं के निस्तारण हेतु प्राचार्य प्रो अभय कुमार सिंह द्वारा समितियां गठित की गई थीं। समितियो के संयोजक प्रो अशोक कुमार मिश्र, मुख्य नियंता एवं प्रो अमूल्य कुमार सिंह, छात्र कल्याण अधिकारी रहे। इन समितियां में प्रो आशीष प्रताप सिंह, डा पूनम जोशी, डा नागेंद्र प्रताप सिंह सहित शिक्षकों के अलावा छात्र-छात्राएं सदस्य के रूप में नामित किए गए थे। प्रो मिश्र के संयोजकत्व समिति ने महाविद्यालय में शौचालय, खड़ंजा, पेयजल व जर्जर भवन एवं प्रो अमूल्य कुमार सिंह की समिति में टेबलेट वितरण, शुल्क वापसी व छात्रावास की कब्जा मुक्ति से संबंधित समस्याओं पर स्थल निरीक्षण कर विस्तृत आख्या एवं अनुशंसाएं की है। पिछले दिनों अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साकेत इकाई ने इन समस्याओं के संबंध में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो अभय कुमार सिंह को ज्ञापन दिया था। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं की समस्याओं पर संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए उक्त दोनों समितियां का गठन किया। महाविद्यालय में पहली बार छात्र समस्याओं पर समिति गठित की गई। प्राचार्य ने समिति की रिपोर्ट के सकारात्मक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

उपरोक्त जानकारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रो आशुतोष त्रिपाठी ने दी।

# गोवंश आश्रय स्थल तथा बायोगैस प्लांट का डीएम व एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिलाधिकारी निशा अनंत तथा पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने शनिवार को विकासखंड सिंहपुर



अंतर्गत ग्राम पंचायत खारा में गोवंश आश्रय स्थल तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत बनाए गए बायोगैस प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया।यहां पर उन्होंने गोबंशों हेतु हरा चारा,भूसा,पशु आहार की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंशो के ईयर टैगिंग के संबंध में जानकारी ली।तथा जिन गोवंशों की अभी तक ईयर टैगिंग नहीं हुई है, उनकी ईयर टैगिंग करने को कहा। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान गोवंशों के पेयजल की व्यवस्था, छांव की व्यवस्था, हरे चारे की व्यवस्था, बीमार गोवंशों के उपचार की स्थिति केयर टेकरों के भुगतान की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छोटे पशुओं के लिए अलग शेड बनवाने का निर्देश दिया और गौशाला में पौधारोपण कराने को कहा। साथ ही पशु चिकित्सक से नियमित गोंवशों का स्वास्थ्य परीक्षण करने तथा बीमार गोवंशों का समुचित इलाज करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत बनाए गए बायोगैस प्लांट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मौके पर प्लांट बंद मिला। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि संबंधित एजेंसी से वार्ता कर प्लांट को सही ढंग से संचालित कराएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ पीएन शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी सहित अन्य संबंधी अधिकारी मौजूद रहे।

## अदालती सूचना

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**

**न्यायालय नायब तहसीलदार खुशहालगंज, तहसील सरोजनीनगर, लखनऊ**

कम्प्यूटर सं0-टी 202310460523172

वाद सं0-6634 राजस्व संहिता 2006

अन्तर्गत धारा-34 ग्राम सरसवां परगना बिजनौर, तहसील सरोजनीनगर, जिला लखनऊ

**किशोरी लाल ...वादी**

**बनाम**

**जाय० विक्रम सिंह ...प्रतिवादी**

श्रीमती रामजानकी पत्नी विक्रम सिंह निवासिनी ग्राम-शाहखेड़ा मजरा सरसवां, पोस्ट-अर्जुनगंज, पर० बिजनौर, तह०-सरोजनी नगर, जिला- लखनऊ।

चूंकि उपरोक्त नामांकित उपरोक्त ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा-34 एल.आर.एक्ट अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए **इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर** स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हूं और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एकपक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 27.07.2024 के दिवस को दिखाई गई।

**न्यायालय की मोहर**
**न्यायालय नायब तहसीलदार खुशहालगंज, तहसील सरोजनीनगर, लखनऊ**

# किशोरी कृपा कुंज के महंत बने लक्ष्मण दास



जन एक्सप्रेस । अयोध्या

अयोध्याधाम के रामघाट बाईपास स्थित श्रीकिशोरी कृपा कुंज का नया महंत लक्ष्मण दास को बनाया गया। जिन्हें महंताई समारोह के दरम्यान रामनगरी के संत-महंतों ने साधुशाही परंपरानुसार कंठी, चद्दर, तिलक देकर महंती की मान्यता प्रदान किया। बता दें कि श्रीकिशोरी कृपा कुंज के महंत रहे महामंडलेश्वर स्वामी जी महाराज महात्यागी का विगत 16 जुलाई को साकेतवास हो गया था। तब से आश्रम की गद्दी खाली चल रही थी। जिस पर उनके कृपापात्र शिष्य लक्ष्मण दास की ताजपोशी की गई। शुक्रवार को साकेतवासी महंत का सत्रहवीं संत भंडारा रहा। इस अवसर पर अयोध्यानगरी के संत-महंत और धर्माचार्यों ने लक्ष्मण दास महाराज को श्रीकिशोरी कृपा कुंज का महंत नियुक्त किया। नवनियुक्त महंत लक्ष्मण दास ने कहा कि उनके गुरूदेव संत एवं गौ सेवी होने के साथ-साथ भजनानंदी संत रहे। संतत्व तो उनमें देखते ही झलकता था। वह विलक्षण प्रतिभा के धनी संत थे। उन्हें वेद, वेदांत, न्याय व साहित्य का अच्छा ज्ञान था। विद्वता में उन्हें महारथ हासिल रहा। उन्होंने सेवा को ही अपना धर्म माना। आजीवन सेवा कार्यो से जुड़े रहे। उनके मार्गदर्शन में कई सेवा के कार्य संचालित भी हुए। गुरूदेव ने अपने शिष्य-अनुयायियों एवं परिकरों को सेवा कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्हें सेवा का पाठ पढ़ाया। वह जीवन भर सेवा ही परमोधर्माः के मार्ग पर चलते रहे। गुरूदेव ने अयोध्याधाम में एक विशाल आश्रम की स्थापना कर उसका कार्यभार संभाला।

# एम्स रायबरेली की गवर्निंग बॉडी के सदस्य निर्वाचित हुए किशोरी लाल

जन एक्सप्रेस । अमेठी

अमेठी से कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा एम्स रायबरेली की गवर्निंग बॉडी के सदस्य पद के लिए निर्वाचित हो गए हैं। उनके इस निर्वाचन पर अमेठी और रायबरेली के कांग्रेस जनों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बताते चलें कि देश भर के नौ एम्स की गवर्निंग बॉडी में दो-दो लोकसभा सदस्यों को सदस्य पद के लिए चुना जाता है। इस बार नई दिल्ली, रायबरेली, और राजकोट में सदस्य पद के लिए तीन-तीन लोकसभा सदस्यों ने अपनी दावेदारी पेश की थी। लेकिन अंतिम समय में एक-एक दावेदार द्वारा नाम वापस लेने पर कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा को एम्स रायबरेली की गवर्निंग बॉडी का सदस्य चुना गया। यह अमेठी और रायबरेली के लोगों के लिए अत्यंत खुशी की बात है। अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बताया कि सांसद किशोरी लाल शर्मा के इस सदस्य पद पर निर्वाचित होने से अमेठी और रायबरेली संसदीय क्षेत्र के जरुरतमंद लोगों को इलाज में व्यापक मदद मिल सकेगी।कांग्रेस जनों ने केंद्रीय जनसंपर्क कार्यालय गौरीगंज में इस खुशी को साझा किया। अमेठी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनिल सिंह ने इस जानकारी को साझा किया है।

# व्यापारियों के लिए व्यापार मण्डल है सुरक्षा कवच : बसन्त सिंह बग्गा

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

व्यापारी हितों व व्यापारी एकता के लिए व्यापार मण्डल सबसे उपयोगी संगठन है, व्यापार मण्डल व्यापारियों के लिए एक सुरक्षा कवच का काम करता है। उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय उपाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का मनोनयन एवं स्वागत करते हुए कही। श्री बग्गा ने कहा कि व्यापारी उत्पीड़न के विरोध में पूर्व सांसद एवं प्रान्तीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के नेतृत्व में व्यापार मण्डल की सफलताओं का लम्बा इतिहास है। इसी क्रम में बछरावाँ इकाई के सैकड़ों व्यापारियों ने व्यापार मण्डल की सदस्यता ग्रहण की, सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से मनोज मिश्रा को प्रदेश उपाध्यक्ष युवा, डा0 विजयपाल यादव को जिला उपाध्यक्ष, विकास सोनी को जिला युवा मंत्री, सतीश वर्मा को जिला युवा संगठन




मन्त्री, नीरज साहू को महामंत्री बछरावाँ व्यापार मण्डल, राकेश चौधरी को जिला मंत्री, उदय प्रकाश, सर्वेश यादव, सूरज त्रिवेदी, राम मोहन साहू को संयुक्त रूप से मीडिया प्रभारी का प्रभार सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि उक्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल को छोड़कर श्री बग्गा द्वारा व्यापारी हितों में किये जा रहे संघर्ष को दृष्टिगत रखते हुए उनके प्रति आस्था एवं विश्वास प्रकट किया। श्री बग्गा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए निर्देशित किया कि बछरावाँ के अन्दर किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न न होने दिया जाए, यदि व्यापारी का उत्पीड़न होता है तो सड़कों पर उतरकर संघर्ष किया जाएगा, व्यापारी उत्पीड़न कतई क्षम्य नहीं है इस अवसर पर मुख्य रूप से व्यापार मण्डल के संरक्षक घनश्याम गुप्ता, जिला महामंत्री राजेश शर्मा, जिलाध्यक्ष युवा सत्यांशु दुबे, जिला महामंत्री युवा अनुज त्रिवेदी, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, गंगागंज व्यापार मण्डल अध्यक्ष मुन्ना पाण्डेय, बछरावाँ व्यापार मण्डल अध्यक्ष सुनील सागर, संरक्षक भूमण्डल शुक्ला, नगर महामंत्री आशु श्रीवास्तव, नगर युवा महामंत्री बबलू जोशी, प्रान्तीय सदस्य राजू वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुशीर अहमद, संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, सत्यम, शिवम, मो0 शाकिब कुरैशी आदि लोग उपस्थित रहे।

## ए गोल्ड स्मिथ स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ी हसमत अली ने जीत का फहराया परचम

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** इटली में हुए आई टी एफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स टूर्नामेंट में हसमत अली ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया जनपद में खुशी का माहौल खिलाड़ियों में उत्साह देखने को मिला।

हसमत अली के इस उपलब्धि पर ए गोल्ड स्मिथ स्पोर्ट्स एकेडमी के एम डी संजय वर्मा डिस्ट्रिक टेनिस एसोसिएशन की सेक्रेटरी श्वेता वर्मा वरिष्ठ खिलाड़ी वा कोच मो अयाज, अर्पित उपाध्याय आशुतोष जयसवाल, अमित सिंह, स्वर्ण सिंह, ओ. पी. सिंह, राजेश सिंह, अमित उपाध्याय, अनिल गौतम, डा आकाश, राजीव कुशवाहा, नरेंद्र, करन, हंसराज, राशिद फारूकी, संजय कुशवाहा, डॉक्टर जमाल, मुहम्मद अमीन, डॉक्टर जावेद, आशीष सिंह, प्रविंद्र सिंह, शिखर, शीबू, वीरेंद्र सिंह, सोनू आदि साथी खिलाड़ियों ने बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाए दी।

# फर्जी जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले में एटीएस ने की बड़ी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

सलोन तहसील क्षेत्र में फर्जी जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले में एटीएस और रायबरेली पुलिस ने अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनको पुलिस अधीक्षक कार्यालय लाकर खुलासा किया गया है आपको बता दे कि आज दिनांक 3 अगस्त 2024 दिन शनिवार को समय करीब 10:00 बजे रायबरेली जनपद के सलोन तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांव में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। एटीएस और रायबरेली की सालों थाने की पुलिस ने अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है यह अभियुक्त उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर रॉबर्ट्सगंज



गोरखपुर कुशीनगर मुरादाबाद से पकड़े गए हैं आरोपियों के पास से तीन टैबलेट 11 मोबाइल 7 लैपटॉप क्रेडिट कार्ड और आधार कार्ड बरामद किया गया है सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए बनाए गए फर्जी प्रमाण पत्र पर पुलिस अधीक्षक रायबरेली अभिषेक अग्रवाल ने कार्यालय के किरण हाल में खुलासा करते हुए जानकारी दी है बताया है कि पकड़े गए सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है वह अग्रिम विधि कार्रवाई की जा रही है।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 27°C |
| कानपुर | 30°C | 27°C |
| देहरादून | 30°C | 26°C |
| नई दिल्ली | 33°C | 27°C |

# रॉबर्ट्सगंज में बनेगा नया पर्यटन भवन

## चित्रकूट के मड़फा किले का होगा इको-टूरिज्म हब के तौर पर विकास

- सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज में जिला पर्यटन भवन की नई इमारत के निर्माण कार्य को मिलेगी गति, चित्रकूट के मड़फा किले में भी पर्यटन विकास कार्यों को पूर्ण करने पर फोकस
- सीएम योगी के विजन में तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना पर कार्य शुरू, रॉबर्ट्सगंज में 2.54 करोड़ व चित्रकूट में 76 लाख रुपए के व्यय से कार्यों को किया जाएगा पूरा
- उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने शुरू की तैयारियां, एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के लिए शॉर्ट टर्म नोटिस के जरिए मांगे गए हैं आवेदन
- वर्षा ऋतु की समयावधि के अतिरिक्त चित्रकूट में 6 महीने तो रॉबर्ट्सगंज में 18 महीने के अंदर सभी निर्माण व विकास कार्यों को किया जाएगा पूरा



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में तमाम प्रकार की परियोजनाओं को गति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पर्यटन विकास की विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सीएम योगी के विजन अनुसार एक विस्तृत कार्ययोजना बनी थी। इसी कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए योगी सरकार ने सोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज में नए जिला पर्यटन भवन की इमारत के निर्माण तथा चित्रकूट के मड़फा फोर्ट को इको-टूरिज्म हब के तौर पर विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस क्रम में, सीएम योगी की मंशा अनुसार उत्तर प्रदेश कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को जिम्मा सौंपा गया है जिसने शॉर्ट नोटिस के माध्यम से दोनों ही परियोजनाओं को पूरा करने के लिए आवेदन मांगे हैं। इस प्रक्रिया के जरिए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के कार्यों को पूरा किया जाएगा। वर्षा ऋतु के अतिरिक्त रॉबर्ट्सगंज में नए पर्यटन भवन के निर्माण कार्य को 2.54 करोड़ रुपए की लागत से 18 महीनों में जबकि चित्रकूट के मड़फा किले में होने वाले विकास कार्यों को 76 लाख रुपए की लागत से 6 महीने की समयावधि के अंदर पूरा किया जाएगा।

### विदेशों में कार्यों को पूरा करने की अनुभव एजेंसियों को मिलेगी वरीयता

इन दोनों ही कार्यों को पूरा करने के लिए निर्धारण प्रक्रिया में विशेषतौर पर विदेशों में कार्यों को पूरा करने का अुभव रखने वाली एजेंसियों को वरीयता दी जाएगी। परियोजना के अंतर्गत कार्यावंटन प्राप्त करने वाली एजेंसियों को सभी निर्माण व विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करना होगा। नए पर्यटन भवन को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाएगा और उसे भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित किया जाएगा। वहीं, दूसरी ओर मड़फा फोर्ट को इको-टूरिज्म के हब के तौर पर विकसित करने के लिए तमाम पर्यटन विकास की प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए कार्यावंटन प्राप्त करने वाली एजेंसी को डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनानी होगी जिस पर मंजूरी मिलने के बाद सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

पीड़ित परिवार में जगी न्याय की उम्मीद, एक्शन मोड में पुलिस अधीक्षक!

# एसपी ने क्षेत्राधिकारी लालगंज को दिए जांच के निर्देश, मामले में गहनता से जांच कर मांगी रिपोर्ट

- संग्रामगढ़ पुलिस को क्षेत्राधिकारी लालगंज ने लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस
खबर का असर

**विश्वामित्र पांडेय**

**प्रतापगढ़/लखनऊ।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के नरई खास वरदान में विधवा महिला के खेत पर जबरन मेड़ बंदी करवाने के मामले में स्वयं को उच्चतम न्यायालय के फर्जी अधिवक्ता बताने वाले अश्वनी मिश्रा और संग्रामगढ़ थाना प्रभारी सहित दरोगा सूबेदार राय की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मिली जानकारी के अनुसार जनपद के नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने क्षेत्राधिकारी लालगंज को मामले की गहनता से जांच करने के निर्देश देने के साथ ही मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। फिलहाल पुलिस अधिकारियों के संज्ञान लेकर त्वरित एक्शन लेने के बाद पीड़ित परिवार में न्याय की उम्मीद जगती नजर आई।


प्रतापगढ़ में सुदृढ़ कानून व्यवस्था में बाधा बनते नजर आ रहे कानून के जिम्मेदार

बहरूपिया और संग्रामगढ़ पुलिस की जुगलबंदी में फंसता पीड़ित परिवार!

आला अधिकारियों के हाथ से फिसलती कानून व्यवस्था की बागडोर

### एसपी से मिली पीड़ित महिला, थाना प्रभारी को लगाई फटकार

मामले की शिकायत लेकर शुक्रवार को पीड़ित महिला शिकायती पत्र लेकर जिले के एसपी डा. अनिल कुमार से मिली। पीड़िता ने बताया की मामले के त्वरित निस्तारण हेतु एसपी ने तत्काल प्रभाव से थाना प्रभारी को राजस्व टीम के साथ एक एक इंच भूमि की नपाई करने के निर्देश दिए।

### तहसील दिवस पर क्षेत्राधिकारी ने थाने को जमकर लगाई फटकार

जहां उक्त प्रकरण में शिकायत के बाद संग्रामगढ़ थाना प्रभारी सतेंद्र भदौरिया और क्षेत्रीय दरोगा सूबेदार राय बहरूपिए की भाषा बोलते नजर आ रहे थे वहीं पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के दिए गए जांच निर्देश के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर ने शनिवार को तहसील दिवस पर पहुंची पीड़िता की शिकायत पर थाने की ओर से उपस्थित दरोगा को जमकर फटकार लगाई, साथ ही संग्रामगढ़ थाने की ओर से उपस्थित उप निरीक्षक को निर्देशित करते हुए तत्काल मौके पर पहुंच कर जांच रिपोर्ट से अवगत कराने को कहा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डॉ आरपी सिंह बने रालोद के अवध क्षेत्र के संगठन महासचिव

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की सहमति से अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल ने लखनऊ के डॉ आरपी सिंह को अवध क्षेत्र के संगठन महासचिव के पद के दायित्वों के निर्वहन की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने आशा की है कि डॉ आरपी सिंह दायित्व का निर्वहन करते हुए भारत रत्न श्रद्धेय चौ चरण सिंह एवं अजित सिंह की विचारधारा-रालोद की रीति-नीति में आस्था रखते हुए राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी जनों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

### आईटीआई लखनऊ में कैम्पस ड्राइव का 7 अगस्त को

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजकीय आईटीआई अलीगंज के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत आईटीआई पास बेरोजगार युवाओं के लिए एक कैम्पस ड्राइव का आयोजन 7 अगस्त को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में किया जाएगा। इस कैम्पस ड्राइव का आयोजन मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, खरखोडा, सोनीपत, हरियाणा द्वारा किया जा रहा है।एमए खान ट्रेनिंग काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर ने बताया कि इस ड्राइव में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल में कम से कम 40 प्रतिशत अंक होनी चाहिए। उम्मीदवारों को आईटीआई ट्रेड फिटर, डीजल मैकेनिक, मशीनिस्ट, टर्नर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, पेंटर, वेल्डर, ट्रैक्टर मैकेनिक, टेक्निशियन ऑटो मोटिव मैन्युफैक्चरिंग, मैकेनिक ऑटो बॉडी पेंटिंग, मैकेनिक ऑटो बॉडी रिपेयर, पीपीओ, शीट मेटल वर्कर, टूल एंड डाई मेकर, ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग आदि में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 26 वर्ष है। वेतन 25,000 से 30,000 रुपये प्रति माह रहेगा और अन्य सुविधाएं भी कंपनी द्वारा प्रदान की जाएंगी। ध्यान देने वाली बात यह है कि मेले में केवल पुरुष अभ्यर्थी ही भाग ले सकेंगे। 500 पदों पर चयन किया जाएगा।इच्छुक अभ्यर्थी 7 अगस्त को प्रात: 10 बजे बायोडाटा और शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ के प्लेसमेंट हॉल में उपस्थित हो सकते हैं।

### प्रदेश में तेज हवा के साथ भारी बारिश की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के साथ-साथ झारखंड-बिहार और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके कारण शनिवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में अच्छी बारिश रिकॉर्ड की गई। रविवार को भी यही स्थिति बने रहने के आसार हैं। साथ ही 20 से 30 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने के आसार भी जताए जा रहे हैं। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी बरसात की संभावना जताते हुए यलो अलर्ट भी जारी किया है। बिजली गिरने के भी आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह व मो. दानिश के मुताबिक, बाराबंकी में 15.4 मिमी, कानपुर में 12 मिमी बरसात हुई। वाराणसी में 22.4, चुर्क में 42 मिमी से अधिक पानी बरसा। लखनऊ में दोपहर से शाम तक अलग-अलग हिस्सों में बरसात हुई। प्रयागराज, गाजीपुर, झांसी, बरेली, शाहजहांपुर, आगरा में भी बारिश हुई।बीते दो-तीन दिन से बरसात का असर ये रहा कि गाजीपुर, बहराइच, में पारा 30 डिग्री से नीचे आ गया।

### बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, बोले, आम शहरी से लेकर व्यापारी तक सभी परेशान

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** शहर में हो रही बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गोखले मार्ग स्थित मध्यांचल विद्युत वितरण निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिजली कटौती से आम शहरी से लेकर व्यापारी तक सभी परेशान हैं। कांग्रेसी एमडी से मिलने के लिए इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो प्रदर्शन जारी रहेगा।

### विभूतिखंड के प्लॉट में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** लखनऊ विभूतिखंड में शनिवार को एक खाली प्लॉट में अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। प्लॉट से दुर्गंध आने पर गुमटी संचालक ने पुलिस को सूचना दी। लोगों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। विभूतिखंड इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे नेडा ऑफिस के सामने खाली प्लॉट में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने की कोशिश की मगर सफलता नहीं मिल सकी। युवक की उम्र करीब 35 साल है जिसने चेकदार शर्ट और लोअर पहन रखा है। शव दो दिन पुराना है। मामले की जांच की जा रही है।

### मुख्य सचिव ने भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर आयोजित डिक्लेरेशन सेमिनार में किया प्रतिभाग

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह ने भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (एसओटीटीओ) व डिपार्टमेंट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, एसजीपीजीआईएमएस द्वारा एचजी खुराना ऑडिटोरियम में आयोजित ब्रेन स्टेम डेथ डिक्लेरेशन वे टू आर्गुमेंट डिसीज्ड डोनेशन सेमिनार में प्रतिभाग किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि अंगदान से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को जीवन का दूसरा मौका मिल सकता है। अंग दान के महत्व प्रति जन जागरूकता को बढ़ाना होगा। अंग प्रत्यारोपण दर को और बेहतर बनाने के लिए की जाने वाली पहल को प्राथमिकता देना होगा।

# योगी सरकार बेटियों की सुरक्षा में फेल: अदिति यादव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अयोध्या रेप मामले में आज मुख्य आरोपी के बेकरी पर बाबा का बुलडोजर एक्शन देखा गया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की बेटी अदिति यादव की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। लोकसभा चुनाव के दौरान से चर्चा में रही अदिति यादव आज अयोध्या रेप कांड की कार्रवाई के बाद बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला है। अदिति ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर ट्वीट करते हुए भाजपा सरकार पर तंज कसा है।अयोध्या में नाबालिग से गैंगरेप का मामला सामने आने के बाद प्रदेश में सियासी हलचल तेज है। कई नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं। मामले में कार्रवाई के बाद अदिति यादव की पहली प्रतिक्रिया सामने आई। अदिति ने ट्वीट कर लिखा कि बेटियों के रक्षा करने में बीजेपी योगी सरकार फेल है। यूपी सरकार बहन बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें ! अयोध्या रेप मामले में मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान है। खान ने अपने नौकर के साथ मिलकर 12 साल की बच्ची से कई बार रेप किया। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब बच्ची गर्भवती हो गई। आरोप है कि शुरुआत में पुलिस ने इस मामले में भी कार्रवाई करने से इंकार कर दी थी, लेकिन हिंदू संगठनों ने इसका विरोध किया तो पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं आज आरोपी मोईद खान के बेकरी पर बाबा का बुलडोजर एक्शन देखने को मिला।अयोध्या गैंगरेप मामले में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने ट्वीट कर लिखा कुकृत्य के मामले में जिन पर भी आरोप लगा है उनका डीएनए टेस्ट कराकर इंसाफ़ का रास्ता निकाला जाए न कि केवल आरोप लगाकर सियासत की जाए। जो भी दोषी हो उसे क़ानून के हिसाब से पूरी सज़ा दी जाए, लेकिन अगर डीएनए टेस्ट के बाद आरोप झूठे साबित हों तो सरकार के संलिप्त अधिकारियों को भी न बख़्शा जाए। यही न्याय की मांग है। यूपी में अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था में भी ख़ासकर महिला सुरक्षा व उत्पीड़न आदि को लेकर बढ़ती चिन्ताओं के बीच अयोध्या व लखनऊ आदि की घटनाएं अति-दुखद व चिन्तित करने वाली। सरकार इनके निवारण के लिए जाति-बिरादरी एवं राजनीति से ऊपर उठकर सख़्त कदम उठाए तो बेहतर।

# पर्यटन विभाग करायेगा भवरेशवर महादेव मंदिर का सौंदर्यीकरण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग प्रदेश भर के धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करा रहा है। पर्यटन विभाग मोहनलालगंज क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ रायबरेली सीमा पर सई नदी के तट पर सुदौली स्थित प्राचीन भवरेशवर महादेव मंदिर का 05 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग 05 करोड़ रुपये से मोहनलालगंज स्थित प्राचीन भवरेशवर महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण के साथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए पीने का पानी, बेंच, शेड व अन्य पर्यटन सुविधाओं का विकास भी किया कराएगा। रायबरेली व उन्नाव जनपद की सीमा पर सई नदी के तट पर भवरेश्वर मंदिर का पौराणिक काल से ही अपना महत्व रहा है। प्राचीन शिव मंदिरों में विख्यात यह मंदिर पुरातन काल से ही लोगों की आस्था का केंद्र रहा है। मान्यताओं के अनुसार यहाँ आने वाले भक्तों की मनोकामना भगवान शिव अवश्य पूरी करते हैं। इसीलिए यहां पर वर्ष के 12 महीने भक्तों का तांता लगा रहता है। वहीं सावन महीने में रायबरेली, लखनऊ और उन्नाव समेत आसपास के जनपदों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन के लिए आते हैं। 'प्रदेश के सभी 75 जिलों के प्राचीन और धार्मिक मान्यताओं वाले मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। सदियों पुराने मंदिरों को 'स्वच्छ और भव्य पूजा स्थल' में बदलना प्रदेश सरकार और पर्यटन विभाग की प्राथमिकताओं में से एक है। उत्तर प्रदेश को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर लाने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यटन स्थलों के साथ धार्मिक स्थलों का विकास भी कराया जा रहा है। साथ ही पर्यटन सुविधाओं में और वृद्धि की जा रही है।लखनऊ के कई अन्य धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के इमारतों एवं मंदिरों आदि का सौन्दर्यीकरण और पर्यटन सुविधा बेहतर करने का कार्य कराया जा रहा है।

# यूपी के 21.60 लाख युवाओं को मिला प्रशिक्षण

- प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से भी जोड़ने का प्रयास कर रही योगी सरकार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

युवाओं का कौशल निखारकर उनकी योग्यतानुसार उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई 2015 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना पीएमकेवीवाई की शुरुआत की थी। उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस योजना के अंतर्गत 9 वर्षों में अब तक 21 लाख से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिसमें से करीब 17 लाख युवाओं ने अपना सर्टिफिकेशन भी प्राप्त कर लिया है। इस योजना के तहत देश में अब तक 1.50 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। योजना के अंतर्गत तीन माह, 6 माह और एक साल के लिए रजिस्ट्रेशन होता है। कोर्स पूरा करने के बाद सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। यह प्रमाणपत्र पूरे देश में मान्य होता है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उधमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में युवाओं के कौशल को निखारने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना भी इसका एक हिस्सा है। इस योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश में 21.60 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें 16.87 लाख को प्रमाण पत्र भी मिल चुका है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों से अब तक 205 रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं।

# संजय निषाद पहुंचे अयोध्या अस्पताल, की पीड़ित बेटी से मुलाकात

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद पहुँचे अयोध्या और पीड़ित बेटी से मिले। वह समाजवादी पार्टी नेता द्वारा निषाद समाज की बेटी के साथ दुष्कर्म मामले में पीड़ित बेटी से मिलने जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित बेटी से मुलाकात के बाद कहा कि बेटी का दर्द बयां नहीं किया जा सकता है। वह अभी सहमी हुई है, दर्द में है, उस घटनाक्रम से वो डर गई है सही से बात भी नही कर पा रही है। उन्होंने कहा कि मैंने आश्वासन दिया है कि मैं उसको अपनी बेटी मानकर इंसाफ दिलाने का काम करूंगा।श्री निषाद ने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए का नारा झूठा है, समाजवादी पार्टी के मुखिया एक तरफ पीडीए की बात करते हैं दूसरी तरफ पिछड़ी निषाद समाज की बेटी के साथ उनकी पार्टी के नेता दुष्कर्म करते हैं उसको धमकाते हैं उसके साथ मारपीट करते हैं और वही समाजवादी पार्टी के मुखिया और उनके सांसद पीडीए के पी की बेटी के लिए एक शब्द नहीं बोलते हैं। मैं जानना चाहता हूं की लोकसभा क्षेत्र अयोध्या की बगल की लोकसभा सुल्तानपुर और संत कबीर नगर के निषाद सांसदों की ऐसी भी क्या मजबूरी है कि निषाद समाज की बेटी के साथ हुए दुराचार के मामले पर वह बोल नहीं पा रहे हैं? किंतु उनके मुंह से अभी तक निषाद समाज की बेटी के लिए एक शब्द न निकलना यह बताता है कि वो समाज को धोखा देने का काम कर रहे हैं।श्री निषाद ने कहा कि अयोध्या प्रकरण को मैंने विधानसभा और विधान परिषद में भी उठाया था जिसके बाद मुख्यमंत्री ने सदन को कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया था और आज मैं मुख्यमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर बुलडोजर की कार्रवाई की है और पीड़ित बेटी के परिजनों से मुलाकात कर हर संभव मदद का भी आश्वासन दिया है। समाजवादी पार्टी आरोपियों को संरक्षण देती है तो वह समाजवादी पार्टी के मुख्यालय के बाहर स्वयं धरने पर बैठेंगे।

### आईटीआई में प्रवेश आज तक ,छात्र समय से करे आवेदन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद्अलीगंज, लखनऊ ने प्रदेश के राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथियों को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। परिषद ने बताया है कि पंजीकरण की तिथि 10 जुलाई से 4 अगस्त तक निर्धारित की गई है। इस अवधि में किसी भी प्रकार का विस्तार नहीं किया गया है। संयुक्त निदेशक राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद सत्यकांत ने बताया कि हाल ही में सोशल मीडिया, विशेषकर व्हाट्सएप पर एक फर्जी सूचना प्रसारित की जा रही है, जिसमें दावा किया गया है कि पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी गई है। इस फर्जी सूचना में एक न्यूज पेपर कटिंग भी शामिल की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि ऐसी कोई सूचना या कार्यालय ज्ञापन राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद्, उत्तर प्रदेश, अलीगंज, लखनऊ द्वारा जारी नहीं किया गया है। छात्रों और अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही विश्वास करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें। प्रवेश पंजीकरण की अंतिम तिथि 4 अगस्त है और इसमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

# यूपी में 13 से 15 अगस्त तक हर घर फहराया जाएगा तिरंगा: योगी

- मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश-धूमधाम से मनाया जाए काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी महोत्सव
- स्कूली बच्चों, युवाओं को राष्ट्रनायकों के जीवन आदर्शों से कराया जाए परिचित: मुख्यमंत्री
- शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाए
- शहीद स्मारकों/स्थलों पर बजाए जाएं राष्ट्रभक्ति से जुड़े गीत व धुन: सीएम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शनिवार को सरकारी आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराया जाएगा।सीएम ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी ट्रेन एक्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश सरकार काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव को पूरे राज्य में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्षपर्यंत धूमधाम से मनाएगी। इस वर्ष 13 से 15 अगस्त के मध्य प्रदेशव्यापी हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाएगा।उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव की शुरुआत आगामी 13 अगस्त से होगी। इस अवसर पर प्रदेश के शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों के तट पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाए।उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन, 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं, स्थलों व आजादी के ज्ञात-अज्ञात नायकों के संबंध में बुकलेट तैयार कराई जाए तथा प्रभात फेरी, सामान्य ज्ञान, चित्रकला, सुलेख-निबंध, वाद-विवाद, भाषण आदि प्रतियोगिताएं कराई जाएं। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जनपद व राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाए। विजेता बच्चों को काकोरी स्मारक स्थल का भ्रमण भी कराया जाए।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इन कार्यक्रमों से केंद्र व प्रदेश सरकार के मंत्री जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ें। पर्यटन व संस्कृति विभाग इस आयोजन का नोडल विभाग है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपदों को काकोरी ट्रेन एक्शन व हर घर तिरंगा से जुड़े कार्यक्रमों को लेकर निर्देशित करें। विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव,विभागाध्यक्ष अपने स्तर से अधिकारियों को कार्यक्रमों के बारे में दिशा-निर्देश दें।योगी ने कहा कि पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, पैरामिलिट्री, मिलिट्री, एनसीसी व स्कूलों के बैंड का प्रशिक्षण कराते हुए 13 से 15 अगस्त तक प्रदेश के शहीद स्थलों, स्मारकों इत्यादि पर राष्ट्रधुन व राष्ट्रभक्ति के गीत बजाए जाएं। युवक व महिला मंगल दल, स्काउट गाइड, एनसीसी, एनएसएस के स्वयंसेवकों को भी काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव व हर घर तिरंगा कार्यक्रमों से जोड़ा जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न नागरिक संगठनों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं व जनसहभागिता के माध्यम से रक्तदान शिविर आदि का भी आयोजन किया जाए तथा जनसहयोग से अस्पतालों में फल वितरण भी किया जाए। काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का एक %लोगो% बनाएं। वर्ष भर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में प्रयोग किया जाए। लखनऊ व शाहजहांपुर में शहीद मेले का आयोजन किया जाए।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## संसद में जाति पर जारी सियासी जंग के राजनीतिक मायने को ऐसे समझिए

**पांचवां, फिलवक्त भारतीय संसद के निम्न सदन लोकसभा में कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जातीय जनगणना के मुद्दे पर जो कुछ भी कहा, वह यदि सही नहीं है तो ज्यादा गलत भी नहीं है! लिहाजा, इस मुद्दे पर आधुनिक सोच विकसित करनी चाहिए। साथ ही कतिपय संवैधानिक/कानूनी कमियों को दूर किया जाना चाहिए, ताकि कभी भारतीय समाज को माला की तरह जोड़ने वाली जाति प्रथा आरक्षण उत्प्रेरित सामाजिक टूट की वजह न बन जाये।**

*वैदिक या सनातन सभ्यता-संस्कृति में जो जाति कार्यकुशल जनसमूह की कार्यदक्षता की निशानी समझी जाती थी और राष्ट्रीय उत्पादकता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती आई थी, वही जब लोकतांत्रिक या संवैधानिक सभ्यता-संस्कृति में व्यापक विवाद का वाहक बनकर दिन-प्रतिदिन अनुत्पादक प्रतीत होने लगे, तो देश व समाज के प्रबुद्ध लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक है। इसलिए आज संसद में जाति के सवाल पर भाजपा नीत एनडीए और कांग्रेस नीत इंडिया ब्लॉक के बीच जो सियासी जंग छिड़ी हुई है, उसके पीछे के राजनीतिक मायने को समझने और आमलोगों को समझाने की जरूरत है। पहला, चूंकि राजनीतिक दलों के लिए जाति अब सामाजिक ध्रुवीकरण का औजार और सियासी गोलबंदी का हथियार बन चुकी है, इसलिए उसे सकारात्मक नजरिए से देखे जाने की जरूरत है, न कि नकारात्मक तरीके से। हां, अब जाति के परिप्रेक्ष्य में वह मुद्दा उठाने की जरूरत है, जिससे राजनीतिक दल और उसके चतुरसुजान नेता अब तक बचते आए हैं। जैसे- साधुओं की जाति, वर्णसंकर लोगों की जाति और अंतरधार्मिक विवाह रचाने वाले लोगों और उनकी संततियों के धर्म का मुद्दा आदि सबसे अहम है। दूसरा, जातीय या धार्मिक आरक्षण को भी सकारात्मक दृष्टिकोण से देखे जाने की दरकार है, न कि नकारात्मक तौर पर। क्योंकि गुलाम भारत से लेकर आजाद भारत में जाति और धर्म को लेकर जितने भी कानून बनाए गए, वो सब अंतर्विरोधाभाषों से भरे पड़े हैं। जिसकी वजह से उनमें स्पष्टता का अभाव तो है ही, लोकतंत्र की मूल भावना स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व भी नदारत है। इस स्थिति के लिए हमारे राजनेता और नौकरशाह दोनों ही जिम्मेदार हैं। लेकिन इस स्थिति को बदलने का साहस किसी भी राजनीतिक दल में नहीं दिखा, जिससे राष्ट्रीय हित और पेशेवर गुणवत्ता गहरे तक प्रभावित होती आई है जिससे वैश्विक मुकाबले में भारत पिछड़ता चला आया। तीसरा, जाति और धर्म के आधार पर बने कानूनों में व्याप्त विसंगतियों और इससे प्रभावित हो रहे सामान्य जनजीवन के खिलाफ स्वतः संज्ञान न लेकर न्यायविदों ने भी कालीदासी विद्वत्ता का ही परिचय दिया है। जिस देश में वह लोकतांत्रिक न्याय दे रहे हैं, वहीं पर जब कानूनी व न्यायिक प्रावधान व्यक्ति विशेष की स्वतंत्रता, समानता व बंधुत्व की पारस्परिक भावना को मुंह चिढ़ाने लगें, तो समझा जा सकता है कि मत समानता रहने के बावजूद पीड़ित व प्रभावित व्यक्ति कितना असहाय महसूस कर रहा होगा। खास बात यह कि इस देश में जाति और जातीय आरक्षण की जो अवधारणा तय की गई है, सवर्ण-पिछड़ा-दलित-आदिवासी और उनकी गरीबी के अलावा अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक के जो मानदंड तय किये गए हैं, वो तार्किक कम, प्रतिशोधी ज्यादा प्रतीत होते हैं। इससे तो यही लगता है कि संविधान निर्माताओं से लेकर संविधान के कथित संरक्षकों और संसद में पिछले लगभग 8 दशक से बैठ रहे अधिकांश माननीयों ने जनतांत्रिक कुएं में पड़ी भांग पी ली है, जिन्हें तर्क और तथ्य से कोई वास्ता नहीं, बस पददलित जनमानस पर निरंतर बिहंसते जा रहे हैं! चतुर्थ, कुछ यही हाल राष्ट्र में जनमत निर्धारण करने में अमूल्य सहयोग देने वाली समग्र मीडिया इकाइयों और उसके अदूरदर्शी सम्पादकों का भी है, जिन्होंने वस्तुनिष्ठ पत्रकारिता की बजाय पक्षधरता भरी रिपोर्टिंग की और नीर-क्षीर विवेक वाक विद्या को सियासतदानों के मन के मुताबिक जैसे तैसे परिभाषित किया। इससे जहां जनता गफलत में रही, वहीं संवैधानिक सिपहसालार मजे में! परन्तु कोढ़ में खाज यह कि जाति/सम्प्रदाय जैसे जनहित के मुद्दे जहां के तहां मील के पत्थर की तरह यथावत बने रहे।*

### एक्सप्रेस आलेख

**पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आईं जरूर, लेकिन उन्होंने भी यह आरोप लगाकर बाहर का रास्ता नापा कि उनको बोलने नहीं दिया गया, माइक बंद कर दिया गया। हालांकि, सरकार ने इससे इनकार किया है। क्या देश के मतदाताओं ने भारी संख्या में विपक्ष को इसीलिए भेजा है कि वे उनके हितकारी कार्यों पर संसद में बहस करने के बजाय सब कुछ हंगामे या बहिष्कार की भेंट चढ़ा दें? कब विपक्ष संसद में मतदाताओं की भावनाओं के अनुरूप उनको सौंपी गई जिम्मेदारी के प्रति गंभीर होकर अपनी दायित्वों एवं कर्तव्यों का पालन करते हुए देश-निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका का निर्वाह करेंगे? नीति आयोग ऐसा कोई मंच नहीं, जिसे दलगत राजनीति का अखाड़ा बनाया जाए।**

## राहुल गांधी की विभाजनकारी राजनीति और बेतुके तर्क



ललित गर्ग

**आखिर इस एजेंडे पर विपक्षी दलों एवं विपक्षी दल के मुख्यमंत्री को राजनीति करने की क्यों सूझी? वे यह ठान चुके हैं कि वे किसी भी, यहां तक की राष्ट्रीय हित के विषय पर भी सरकार के साथ मिलकर चलने को तैयार नहीं। इसकी झलक संसद में तो लगातार मिल रही है, लेकिन नीति आयोग में भी वैसी ही नकारात्मक स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण है।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने महाभारतकालीन चक्रव्यूह और पद्म व्यूह का सहारा लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधना चाहा है। जिस तरह से उन्होंने बजट पूर्व हलवा परम्परा में वित्तमंत्री के साथ खड़े लोगों को जाति आधारित संरचना बताया वह कहीं से भी तार्किक नहीं लगता। इस सेरेमनी में तो उस वक्त मंत्रालय के जो सीनियर अफ़सर होते हैं, वे ही मौजूद रहते हैं। इसमें जातिवाद कहाँ से आया? यह बात समझ से परे है। यही वजह है कि हलवा परम्परा की जब राहुल गांधी अपनी तरह से विवेचना कर रहे थे, तब वित्त मंत्री ने माथा पकड़ लिया था। राहुल गांधी ने जो तुलनाएँ की, वे निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है। लोकसभा में आम बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना पुराना आरोप नए सिरे से दोहराया कि बजट बनाने वालों में कोई एससी-एसटी और ओबीसी अधिकारी नहीं होता, उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। इस तरह की बेतुकी बातें करते हुए वे क्यों नहीं समझना चाहते कि ऐसी स्थिति और इस तरह की परम्परा कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों के समय से ही चली आ रही है। कांग्रेस ही इसकी जिम्मेदार हैं, लेकिन वह कुछ समझने के लिए तैयार ही नहीं। राहुल गांधी एक तरह से यह कहना चाह रहे हैं कि अनारक्षित वर्गों के अधिकारी आरक्षित वर्गों के हितों की उपेक्षा करते हैं। इस तरह वे देश की परम्पराओं एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के समझे



**विपक्षी दलों का तर्क है कि उन्होंने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार इसलिए किया, क्योंकि बजट में विपक्ष-शासित राज्यों की कथित तौर पर अनदेखी की गई। एक तो यह जनता को गुमराह करने वाला तर्क है, और यदि ऐसा लगता है, तो उन्होंने अपनी बात आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री के समक्ष कहने का अवसर गंवना क्यों पसंद किया?**

बिना ऐसा कुछ कह जाते है जो देश की एकता, अखण्डता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत होता है। राहुल के बोलने का बचकानापन तो कभी-कभी सारी हदें पार कर जाता है। एक बार तो उन्होंने यहां तक कह दिया हैं कि उच्च जाति के शिक्षक प्रश्नपत्र बनाते हैं, इसलिए आरक्षित वर्ग के छात्र फेल हो जाते हैं। आखिर यह भड़काऊ राजनीति नहीं तो और क्या है? राहुल गांधी ने बजट पर सरकार को घेरने के लिए महाभारतकालीन घटनाओं का उल्लेख करते हुए यह भी कह डाला कि जैसे अभिमन्यु को चक्रव्यूह में घेर लिया गया था, उसी तरह देश को भी मोदी सरकार ने घेर रखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री समेत जिन छह लोगों को इस घेराबंदी के लिए जिम्मेदार ठहराया, उसमें अंबानी-अदाणी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को भी शामिल कर लिया। उन्होंने दावा किया है कि भारत पर कब्जा करने वाले चक्रव्यूह के पीछे तीन ताकतें है- पहली एकाधिकार पूंजी का विचार, जिसमें दो लोगों को देश की समूची संपत्ति का मालिक बनने की अनुमति देना। दूसरा देश की संस्थाएं, एजेंसियां, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग हैं एवं तीसरी राजनीतिक कार्यप्रणाली है। इन तीनों ने मिलकर देश को तबाह कर दिया है। इस तरह के बयानों एवं बोलों से स्पष्ट है कि वह मनमाने और बेतुके तर्क देने में संकोच नहीं कर रहे हैं। वह अपनी ऐसी बातों से चर्चा में तो आ जाते हैं और उनके समर्थक उनकी वाह-वाही करने में भी जुट जाते हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के तौर पर वह न तो समाज को कोई सही दिशा दे पा रहे हैं और न ही सरकार को कोई सार्थक सुझाव। यह स्थिति देश के लिये नुकसानदायी है, चिन्तनीय है। राहुल गांधी के रुख-रवैये एवं अतिश्योक्तिपूर्ण तर्कों से यही लगता है कि वह अभी भी चुनावी मुद्रा में हैं। अपनी चुनाव पूर्व की आक्रामकता से वे उपरत नहीं हो पाये हैं। वे सदन के भीतर एवं सदन के बाहर ऐसी ही तर्कहीन बातों एवं बयानों से अराजक माहौल बना रहे हैं। आखिर वह जो कुछ मोदी सरकार से चाह रहे हैं, उसे कांग्रेस संगठन और साथ ही अपने दल द्वारा शासित राज्य सरकारों में क्यों लागू नहीं कर रहे हैं? क्या मोदी सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक रखा है? उन्हें बताना चाहिए कि कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में बजट बनाने में आरक्षित वर्गों के कितने अधिकारियों की हिस्सेदारी होती है? वह मोदी शासन की तरह मीडिया में भी आरक्षित वर्गों के प्रतिनिधित्व का प्रश्न भी कई बार उठा चुके हैं, लेकिन यह देखने को तैयार नहीं कि आखिर उनके परिवार के प्रभुत्व वाले मीडिया संस्थान में इन वर्गों के कितने लोगों की हिस्सेदारी है लोकसभा की कार्रवाई कांग्रेसी एवं विपक्षी सांसदों के वाक आउट, हंगामे, अनर्गल बहस की भेंट चढ़ रही है। विपक्षी अपनी सार्थक भूमिका का निवर्हन करने की बजाय लगातार सत्तापक्ष को घेरने एवं आरोप-प्रत्यारोप की घटिया राजनीति में लगा है। जिससे सरकार को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। देश भी इन त्रासद घटनाओं से कुछ हासिल नहीं कर पा रहा है। आखिर सरकार करे, तो क्या करे? उसने हर सत्र के शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठकें करके देख ली। दोनों सदनों के अध्यक्ष और उप-सभापति ने बारंबार समझा-समझाकर सहयोग की अपील कर ली। प्रधानमंत्री ने भी बार-बार सदस्यों से सदन को शांतिपूर्वक बहस के जरिये चलने-चलाने की विनम्र अपील कर डाली।

### एक्सप्रेस कविता

*तेरे सामने मेरा वजूद बेहतर भी नहीं ,*
*तू खुदा नहीं पर कमतर भी नहीं ।*
*यारों ने आईना दिखाया मुझे बार बार*
*जानता हूँ वो फकत आईना तेरा भी नहीं।*
*हालात मेरे जैसे है बदलेंगे कभी न कभी,*
*तेरी सोहबत ने बताया तू बेवफा भी नहीं।*

*दिखा दो कठोर ज़माने को इक बार,*
*मेरी हो मेरी,कही मुझसे जुदा भी नहीं।*
*जाहिर है तुम्हारे भी नाजो नखरे है,*
*खामोश हो समझूँ मुझसे खफा भी नहीं।*
*लिख गया कोई सूफी इश्किया किस्से,*
*शर्तिया किस्सा सिर्फ तेरा और मेरा भी नहीं।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

***अगर आपको वह रास्ता पसंद नहीं है जिस पर आप चल रहे हैं, तो दूसरा रास्ता बनाना शुरू कर दीजिए***



### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | अमावस्या 16:45 तक |
| नक्षत्र: | पुष्यु 13:25 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | रविवार |
| योग: | सिद्धि, 10:33 |
| सूर्योदय: | 05:48 |
| सूर्यास्त: | 19:05 |
| चंद्रमा: | कर्क राशि में |
| राहुकाल: | 17:25-19:05 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | सावन |
| शुभ मुहूर्त: | 12:00-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

### हो ऐसे तैयारी !

*मिल रही नसीहत ।*
*हो ऐसे तैयारी ।।*
*रणनीति पर काम ।*
*होगा रखना ज़ारी ।।*
*गुरु मंत्र मिल रहा ।*
*पल पल हो सुधार ।।*
*कैसे भी बढ़ाना है ।*
*अपना ये आधार ।।*
*झोंकनी है ताक़त ।*
*आ गया वो वक्त ।।*
*ना बनना है ढ़ीला ।*
*हो जाना है सख्त ।।*
*बढ़ते जाना आगे ।*
*हों विरोधी पस्त ।।*
*सीटें बढ़ने वाली ।*
*हैं करते आश्वस्त ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## यूवी रेज से बचने के लिए लगाएं खीरे और ऑलिव ऑयल की सनस्क्रीन



**सूरज** की हानिकारक किरणें आपकी स्किन को नुकसान कर सकती हैं। इसके कारण त्वचा पर डलनेस, टैनिंग या पिगमेंटेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए धूप में जानें से पहले सनस्क्रीन लगाने की सलाह दी जाती है। मार्केट में अलग-अलग ब्रेंड की सनस्क्रीन मिलती है। ऐसे में सही सनस्क्रीन चुनना काफी मुश्किल हो सकता है। खासकर जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव है, उनके लिए सही सनस्क्रीन चुनना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में आप घर पर बनी सनस्क्रीन इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे आप किचन में मौजूद चीजों से भी बना सकते हैं। धूप से सुरक्षित रखने के लिए ऑलिव ऑयल और खीरे की सनस्क्रीन इस्तेमाल कर सकते हैं।

**बनाने की विधि:** सबसे पहले खीरे और टमाटर का रस निकालकर एक बाउल में रख लें। अब दूसरे बाउल में 2 चम्मच एलोवेरा लीजिए। अब इसमें 2 चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाएं। इसे अच्छे से मिक्स करें और अब इसमें केसर मिला लें। सभी चीजों को एक साथ मिक्स करें और क्रीम तैयार कर लें।

**इस्तेमाल करने का तरीका:** इसे आप रोज नहाने के बाद इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, इसे नाइट क्रीम की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं। ध्यान रखें कि आप इसे कम मात्रा में ही इस्तेमाल करें।

**डार्क स्पॉट्स कम होते हैं:** ऑलिव ऑयल और खीरे की सनस्क्रीन डार्क स्पॉट्स कम करने में भी मदद करती है। ऑलिव ऑयल और केसर त्वचा के निशान कम करते हैं। इसके रोज इस्तेमाल से डार्क स्पॉट्स कम होने लगेंगे।

**नेचुरल ग्लो आता है:** इस क्रीम के इस्तेमाल से त्वचा गहराई से साफ होती है। यह त्वचा को क्लीन करने में मदद करती है. इसके रोज इस्तेमाल से त्वचा में नेचुरल ग्लो आता है।

**स्किन की डलनेस कम होती है:** अगर आपकी स्किन डल रहती है, तो आपको यह सनस्क्रीन जरूर इस्तेमाल करनी चाहिए। क्योंकि इसे रोज इस्तेमाल करने से स्किन की डलनेस कम होती है। साथ ही, स्किन में शाइन बनी रहती है।

**स्किन हाइड्रेट रहती है:** इस सनस्क्रीन में खीरे और टमाटर का रस इस्तेमाल हुआ है। इसे रोज लगाने से स्किन में हाइड्रेशन बनी रहती है। अगर आपकी स्किन ड्राई रहती है, तो इस क्रीम को रोज इस्तेमाल जरूर करें।

### एक्सप्रेस विशेष

## सुनहरे कल को निगल गई भ्रष्ट व्यवस्था



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**हरियाणा के पंचकूला के सेक्टर 16 के एससीओ नंबर 195 की प्रथम मंजिल पर बिजली के मीटर बोर्ड में दोपहर लगभग 12 बजे अचानक आग लग गई। आग के कारण काफी धुंआ हो गया और इससे दूसरी मंजिल पर बने हारट्रोन इंस्टीट्यूट में धुआं फैल गया।**

**दिल्ली** की प्रतिष्ठित राव कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से देश की सबसे प्रतिष्ठित सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। ओल्ड राजेंद्र नगर की इस दर्दनाक हादसे ने देशवासियों को झकझोर दिया। जो युवा आंखों में सुनहरे भविष्य के सपने संजोकर अपना घर बाहर, सुख सुविधा छोड़कर दिल्ली परीक्षा की तैयारी के लिए गये थे, वो मुनाफाखोर कोचिंग संचालक की धूर्तता, सरकारी अमले की अकर्मण्यता और लापरवाही के चलते अपनी अमूल्य जिंदगी गंवा बैठे। सोचिये उनके परिवारों पर क्या बीत रही होगी। इस व्यवस्था के व्यवस्थापक इतने गैर जिम्मेदार और लज्जाहीन हैं कि उनकी नजर में किसी की जान की कोई कीमत ही नहीं है। ये हालात राष्ट्रीय राजधानी के पॉश इलाकों में संचालित कोचिंग सेंटर के हैं, दूसरे शहरों और कस्बों की बात ही क्या की जाए। इस साल जलभराव की वजह से दिल्ली की ये पहली घटना नहीं है। इससे पहले 22 जुलाई को यूपीएससी की तैयारी करने वाले एक छात्र की मौत करंट लगने से हो गई। असल में दो चार दिन के शोर गुल और कार्रवाई की नौटंकी के बाद व्यवस्था फिर से पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है। सौ प्रतिशत दावे के साथ कहा जा सकता है कि, राव कोचिंग सेंटर मामले में भी

**आग बिल्डिंग में आने जाने के लिए बनाई गई सीढ़ियों के पास रखे ट्रांसफॉर्मर में लगी थी। जैसे ही आग लगी अंदर मौजूद छात्र उतरने के लिये नीचे पहुंचे। लेकिन आग की वजह से वह लौटकर चौथी मंजिल पर चले गए, जहां एक फाइबर का शेड था और अंदर जिम के लिए रखी गई रबर की चटाई और टायर के कारण आग ज्यादा फैली, जिससे बच्चे आग की चपेट में आ गई।**

कार्रवाई और सख्ती की पुरानी स्क्रिप्ट दोहराई जाएगी। हादसे के बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। छात्र सरकार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। छात्र व्यवस्थागत खामियों को गिना रहे हैं। छात्र नारेबाजी कर रहे हैं %छात्रों की हत्या बंद करो%... इस मामले में दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ये हादसा सरकार और कोचिंग संचालकों पर गंभीर सवालों के कटघरे में खड़े करता है। ये कोई पहला ऐसा हादसा नहीं है जब दिल्ली के कोचिंग सेंटरों में छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ हुआ है। 15 जून 2023 को दिल्ली में कोचिंग सेंटरों के हब मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने से 61 लोग घायल हो गए। जांच में पता चला कि आग बिजली के मीटर में लगी थी, जो देखते-देखते पूरी बिल्डिंग में फैल गई। हादसे के वक्त कोचिंग सेंटरों में करीब 200-250 छात्र मौजूद थे। छात्रों ने आग से बचने के लिए खिड़कियां तोड़ीं, रस्सियों के सहारे नीचे उतरे और सीढ़ियों का सहारा लिया। कुछ छात्रों ने बचने के लिए तीसरी मंजिल से छलांग तक लगा दी। इसके अलावा 25 जनवरी 2020 को दिल्ली के भजनपुरा इलाके में कोचिंग सेंटर की दो छतें गिर गईं। इस हादसे में चार छात्रों समेत 5 लोगों की मौत हो गई वहीं 13 लोग घायल हो गए। दिल्ली हो या फिर कोई दूसरा शहर कमोबेश सरकारी अमले की कार्यप्रणाली एक समान ही होती है। हादसे के बाद प्रशासनिक अमला गहरी नींद से ऐसे जागता है मानो उन्हें इस बात का इल्म ही न हो कि उनके क्षेत्र या शहर में क्या अनियमितता हो रही हैं। जब कोई दुर्घटना घटती तब पता चलता है कि व्यवस्था में कितनी खामियां और छेद हैं। और इन खामियों और छेदों से छनकर आने वाला लाभ नीचे से ऊपर तक बंटता है। पूर्व की घटनाओं पर गौर किया जाए तो अधिकतर मामलों में दोषी साफ तौर पर बच जाते हैं, या मामूली सजा पाते हैं। हादसा की जिम्मेदारी तो संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की भी होती है, लेकिन ऐसे मामलों में वो अपना पल्ला झाड़कर किनारे खड़े हो जाते हैं। बीती 14 अप्रैल 2024 को राजस्थान की कोचिंग नगरी कोटा के एक हॉस्टल में आग लगने से 8 स्टूडेंट्स झुलस गए। घटना के वक्त हॉस्टल में 60 से ज्यादा छात्र मौजूद थें आग लगने के बाद हॉस्टल में भगदड़ मच गई इस बीच एक छात्र ने अपनी जान बचाने के लिए चौथी मंजिल से छलांग लगा दी।जांच में हॉस्टल मालिक की बड़ी लापरवाही सामने आई। हॉस्टल मालिक ने अंदर ही बिजली का एक बड़ा ट्रांसफार्मर लगवाया हुआ था जिसमें शॉर्ट सर्किट होने से यह हादसा हुआ। लखनऊ के पॉश इलाके हजरतगंज में नवल किशोर रोड पर तीन मंजिला स्कॉलर्स फोरम टॉवर है। इसके पहले तल पर स्कॉलर्स फोरम कोचिंग चलता है। यहां छात्र-छात्राएं आईआईटी और नीट की तैयारी के लिए पढ़ाई करते हैं. दूसरी और तीसरी मंजिल पर हॉस्टल हैं। दूसरी मंजिल के हॉस्टल में 14 कमरों में कुल 28 छात्राएं रह रहीं हैं। 2 जून 2024 की शाम को छात्राएं अपने कमरे में थी। शाम करीब छह बजे तीसरी मंजिल के कमरा नंबर दो की एसी में शॉर्ट सर्किट से धमाका हो गया। इसके बाद तीन मंजिला हॉस्टल में आग लग गई। सभी कमरों में धुआं फैल गया।







# डबल मर्डर मामले में 27 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**✻ 12 लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों को लखीमपुर जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है। घटना की सूचना पर एएसपी नेपाल सिंह सहित पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा भी मौके पर पहुंचे हैं। गांव में स्थिति तनावपूर्ण है कई थानों की फोर्स तैनात**

**✻ गंभीर हालत में लखीमपुर से लखनऊ भेजे गए गुड्डू सिंह पुत्र रामदेव सिंह और राम जीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह की इलाज के दौरान केजीएमयू में मौत हो गई है**

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** जिले में सनसनीखेज वारदात होने से इलाके में हड़कंप मच गया। भीरा थाना इलाके के रड़ा बाजार में छुट्टा जानवर को भगाने को लेकर दबंगों ने दो लोगों की पीट पीटकर हत्या कर दी। वहीं, घटना में करीब एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हैं।खीरी पुलिस ने अपने ट्वीट में लिखा है। दो पक्षों में मारपीट हुई है। एक पक्ष के दो लोगों की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है।पुलिस तफ्तीश कर रही.पुलिस के मुताबिक, भीरा थाना इलाके के रड़ा बाजार में शुक्रवार रात करीब आठ बजे 47 वर्षीय रामजीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह और 35 वर्षीय गुड्डू सिंह पुत्र रामदेव सिंह के बच्चे अखिलेश, कल्याण आदि अपने खेतों से छुट्टा जानवर भगाने को गए थे। इसी बीच कुछ जानवर गांव में ही दूसरी बिरादरी के लोगों के घरों में चले गए। इन दोनों परिवारों में पहले से ही कुछ मनमुटाव चल रहा था। आरोप है कि नाराज बंगा ने बच्चों को पीट दिया।मामले की खबर बच्चों ने रामजीत को दी। रामजीत सिंह व गुड्डू सिंह समेत कई लोग घटनास्थल पर पहुंचे। बातचीत में माहौल बिगड गया और गाली गलौज से बात मारपीट पर आ गई। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने लगे। इस दौरान आरोपी पक्ष के लोगों ने लाठी डंडों से पीट पीटकर रामजीत और गुड्डू को लहूलुहान कर दिया। आरोप है कि इसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने रामजीत के घरों में घुसकर महिलाओं व बच्चों को भी पीटना शुरू कर दिया। बीच सड़क पर हुए घमासान में गुड्डू और रामजीत की हालत बिगड़ गई। सूचना के बाद भीरा इंस्पेक्टर शिवाजी दुबे मौके पर पहुंचे और हमला करने वाले बंगा, रामदत्त समेत चार लोगों को हिरासत में ले लिया। गम्भीर रूप से घायलों को पहले जिला अस्पताल और फिर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया, जहां गुड्डू सिंह की रात में ही और रामजीत सिंह की सुबह मौत हो गई. इंस्पेक्टर भीरा शिवाजी दुबे ने एक मौत की पुष्टि की है। वारदात के बाद गांव में तनाव है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि घटना कल रात की है। शुक्रवार रात को गांव में दो पक्ष अलग अलग बिरादरी के थे।घर में जानवर के घुसने पर दूसरे पक्ष को शक था कि पहले पक्ष ने जानबूझकर जानवर को खदेड़ा है। इसी को लेकर दोनों पक्षों में वाद विवाद हुआ था। लखनऊ से खीरी आईजी प्रशांत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे आईजी प्रशांत कुमार, मृतक परिवार से की मुलाकात, जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का दिया आश्वासन, आईजी से पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर चलाने की मांग की, आईजी प्रशांत कुमार के जाने के बाद पीड़ित परिवार ने फिर पलिया हाईवे किया जाम।

**विवाद में**

- रामजीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह
- गुड्डू सिंह पुत्र रामदेव सिंह
- विनीत सिंह पुत्र सोनू सिंह
- कौशलेंद्र पुत्र रंजीत सिंह
- रामदेव सिंह पुत्र चंद्रमा
- अमन सिंह पुत्र बृजेश सिंह
- लोकेंद्र प्रताप पुत्र रंजीत सिंह
- सोनी सिंह पत्नी सोनू सिंह

गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हें बिजुआ सरकारी अस्पताल ले एडमिट कराया गया

# डाक्टर प्रफुल्ल चन्द्र राय जयन्ती मनायी गयी




**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

विद्या भारती विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज यू0पी0 बोर्ड, लखीमपुर खीरी में आज वन्दना सभा में भारत के महान वैज्ञानिक डॉक्टर प्रफुल्ल चन्द्र राय की जयन्ती का कार्यक्रम मनाया गया। जिसका शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर योगेन्द्र प्रताप सिंह नें माँ सरस्वती व डॉक्टर प्रफुल्ल चन्द्र राय के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के भैया शिवाय तिवारी एवं शिवांश अवस्थी नें बताया कि इनका जन्म 02 अगस्त 1861 को भारत के बंगाल प्रेसीडेंसी के पूर्वी क्षेत्र के ररूली कटीपारा गाँव में हुआ था, जो एक जमींदार परिवार था। इनके पिता का नाम हरीशचन्द्र राय चौधरी और माता का नाम भुवन मोहनी देवी था। ये सात भाई-बहन में तीसरे बेटे थे। ये भारत में रसायन विज्ञान के जनक माने जाते हैं। बहन आरना वर्मा नें बताया कि प्रफुल्ल चन्द्र राय को जुलाई 1889 प्रेसीडेंसी कालेज में 250 रू0 मासिक वेतन पर रसायन विज्ञान के सहायक प्रोफेसर पद पर नियुक्त किया गया। सन 1911 में ये प्रोफेसर बने और इसी वर्ष अंग्रेज सरकार नें इन्हें नाइट की उपाधि प्रदान की।

इनका उद्देश्य मेण्डलीफ की आवर्त सारणी में छूटे हुए तत्वों को खोजना था। 16 जून 1944 को कलकत्ता में इनका देहावसान हो गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने बताया कि इनके चार शिष्य डॉ0 सत्येन्द्र नाथ बोस, मेधनाथ साहा, ज्ञानेन्द्र नाथ मुखर्जी व ज्ञान चन्द्र बोस अपने-अपने क्षेत्र के धुरंधर वैज्ञानिक बने। इन्हीं की याद में आज का दिन विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इन्होंने हिस्ट्री ऑफ हिन्दू कैमिस्ट्री नामक महत्वपूर्ण ग्रन्थ लिखा। आज इस अवसर पर विद्यालय में विज्ञान प्रष्नमंच का आयोजन चार-चार टीमें बनाकर किया गया।

बाल वर्ग में डॉ0 बीरबल साहनी, किशोर वर्ग में आर्यभट्ट व तरूण वर्ग में कल्पना चावला टीम नें प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक घर पर लहराया जाएगा तिरंगा: राजेश शुक्ला




**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता मे जिला पदाधिकारी की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारीयों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगवाने का आवाहन किया। जिला अध्यक्ष ने इस राष्ट्रीय पर्व पर जनसामान्य से प्रतिभाग करने का आह्वान किया साथ ही साथ एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान के तहत पदाधिकारी व पार्टी कार्यकर्ताओं से वृक्षारोपण कर अभियान को सफल करने का आवाहन भी किया और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी, विश्राम सागर राठौर, विष्णु मौर्य, रामजीवन जायसवाल, राम स्वरूप भार्गव, जया सिंह, उदित बाजपेई, संजय मिश्रा, रोहित सिंह,करूणा शंकर त्रिपाठी, लोकेश मिश्रा जितेंद्र मल्होत्रा, आदि उपस्थित रहे।

# बाढ़-कटान प्रभावित 71578 लोगों के खातों में भेजी गई रू.47.91 करोड़ की सहायता राशि





**सरकारी सहायता एक नजर**

| ग्रह अनुदान | लाभार्थी | धनराशि |
|---|---|---|
| पक्का पूर्ण | 18 | 21.60 लाख |
| आशिक पक्का | 10 | 65 हजार |
| आशिक कच्चा | 188 | 10.28 लाख |
| झोपड़ी | 347 | 27.76 लाख |
| पशुबाड़ा | 36 | 1.09 लाख |
| बर्तन कपड़ा | 93 | 4.65 लाख |

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

शनिवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में जिले की अतिसंवेदनशील, संवेदनशील तहसीलो के बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों, परिवारो को राहत सहायता देने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में झोपड़ी, मकान क्षति, अहेतुक सहायता, कृषि निवेश अनुदान वितरण का भव्य कार्यक्रम हुआ। जनप्रतिनिधियों ने अफसरो संग प्रभावित किसानों को राहत सहायता एवं कृषि निवेश अनुदान का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि बीजेपी के प्रदेश महामंत्री/एमएलसी अनूप गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, अमन गिरि, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संयुक्त रूप से एसडीएम अश्विनी सिंह के साथ अहेतुक सहायता, गृह अनुदान, कृषि निवेश की डेमो चेक का वितरण किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि अन्नदाता किसानों की आय में वृद्धि के साथ ही किसी आपदा में उन्हे होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए भी प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। बाढ़-कटान प्रभावित जिले के 70886 लोगों के खातों में रू.47.91 करोड़ की सहायता राशि भेजी गई। इसके अलावा भी अन्य प्रभावित पात्र लोगों को भी सहायता राशि भेजी जा रही है।

डीएम ने कहा कि जिले के जनप्रतिनिधि काफी सजग है, जो पूरी मुस्तैदी से फील्ड में आमजन के सुख-दुख में खड़े रहते हैं। बाढ़ के दौरान जनप्रतिनिधियों ने आपके बीच जाकर न केवल राहत वितरित की बल्कि आपके सुख-दुख की चिंता भी की। हमारी प्रार्थना है कि इस सीज़न में दोबारा बाढ़ ना आए। प्रशासन पूरी मुस्तैदी से बाढ़ से निपटने के लिए तैयार है।बाढ़ के दौरान मा. मुख्यमंत्री जी ने भी जिले का भ्रमण कर न केवल प्रभावित लोगों का दुख-दर्द जाना बल्कि उनकी हर संभव मदद के लिए निर्देशित किया। प्रदेश सरकार से जारी मुआवजा धनराशि में जनपद खीरी को सर्वाधिक धनराशि वितरण को मिली, जो सभी प्रभावित परिवारों को त्वरित गति से प्रदान की जा रही है। पूरा प्रयास किया गया है कि कोई भी पात्र व्यक्ति मुआवजा राशि प्राप्त करने से वंचित न रहने पाए।डीएम ने बताया कि जिले में बाढ़ की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए 70886 किसानों को 47 करोड़ 25 लाख 38 हजार 702 की कृषि निवेश अनुदान भेजा गया। लखीमपुर व गोला तहसील के 18 लाभार्थियों को (पक्का पूर्ण मकान) के लिए 21.60 लाख रु. की गृह अनुदान,10 लाभार्थियों को (आंशिक पक्का मकान) के लिए 65 हजार रु. का गृह अनुदान, 188 लाभार्थियों को (आशिक कच्चा मकान) के लिए 10.28 लाख रु. का गृह अनुदान, 347 लाभार्थियों को (झोपड़ी) के लिए 27.76 लाख रु. और 36 लाभार्थियों को (पशुबाड़ा) के लिए 1.09 लाख रु.अनुदान भेजा गया। बर्तन/कपड़ा नष्ट होने की दशा में 93 लाभार्थियों को 4.65 लाख की धनराशि देकर मदद की गई। बाढ़ की विभीषिका के दौरान जिले की पांचो प्रभावित तहसीलों के सभी प्रभावित गांव में 4,49, 266 लाभार्थियों को लन्च पैकेट वितरण भी किया गया। एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि जुलाई के पहले सप्ताह में लगातार तीन दिन बारिश के बाद जिले में बाढ़ आ गई थी। बाढ़ का पानी कम होने के बाद प्रशासन ने बाढ़ से खराब हुई फसलो का सर्वे शुरू किया था। सर्वे पूरा होने के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। किसान मुआवजे की आस लगाए हुए थे। शासन से फसल मुआवजे के लिए धनराशि आने के बाद इसे किसानों के खातों में भेज दिया है।

जिसे आज मा. जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतीकात्मक चेक के रूप से प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और लाभार्थियों के प्रति आभार ज्ञापित किया गया।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख नकहा, बिजुआ, भाजपा नेता उमा शंकर मिश्र, बीजेपी के जिला मंत्री उमेश शुक्ला, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, सुखबीर सिंह, भीमसेन, आदित्य विशाल सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# केवाईसी की अनिवार्यता को लेकर बायोमैट्रिक अपडेट करने में आ रही दुश्वारियों के तहत ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी**

खाद्य सुरक्षा में आधार की केवाईसी की अनिवार्यता को लेकर बायोमैट्रिक अपडेट करने में आ रही परेशानियों को देखते हुए कस्बे के कोटेदारों ने चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम को ज्ञापन देकर नगर में आधार कार्ड केम्प लगवाने की मांग की है।कस्बे के कोटेदार दिनेश सिंह, संकटा प्रसाद मौर्य जोगेंद्र शाक्या ने नगर पंचायत चेयरमैन को ज्ञापन देकर बताया कि राज्य सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा में आधार की केवाईसी अनिवार्य करने के कारण बायोमैट्रिक अपडेट करवाना जरूरी होता है, लेकिन कस्बे आसपास बायोमेट्रिक मशीन न होने के कारण केवाईसी करवाने में दिक्कत हो रही है।कोटेदारों ने बताया कि निघासन आधार केंद्रों पर सुबह 9 बजे ही करीब 500 लोग एकत्र हो जाते हैं। इनमें से आधे लोगों को चार-पांच घंटे इंतजार करने के बाद खाली हाथ लौटना पड़ता है। बायोमैट्रिक अपडेट करने वालों में ज्यादातर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं को लंबा इंतजार करने के बाद भी परेशान होकर खाली हाथ जाना पड़ रहा है। कोटेदारों ने मांग रखते हुए कहा कि कस्बे में आधार केंद्र लगवाकर बायोमेट्रिक अपडेट करवाया जाए ताकि सही समय पर लोगों को खाद्य सुरक्षा के लिए केवाईसी कराने की सुविधा मिल सके। खाद्य सुरक्षा में आधार कार्ड की अनिवार्यता को देखते हुए प्रशासन अलग-अलग स्थान पर कैंप लगाए, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके। इस मामले को संज्ञान लेते हुए चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने निघासन एसडीएम राजीव निगम से फोन पर वार्ता कर के शीघ्र ही आधार केम्प लगवाने की बात कही है।

# ध्रुव सिंह के विधानसभा अध्यक्ष बनने पर यूथ में हर्ष का माहौल



**जन एक्सप्रेस । पलिया कला खीरी**

पलिया नगर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में नव मनोनीत लोहिया वाहिनी के विधानसभा अध्यक्ष ध्रुव सिंह नौजवानों ने किया स्वागत। कार्यक्रम में उपस्थित यूथ ने एक आवाज में कहा कि जिले के शीर्ष नेताओं सहित लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष यश मोहन पटेल का आभार व्यक्त किया। और कहा कि सही पद पर सही व्यक्त का चयन किया गया है। ध्रुव सिंह के विधानसभा अध्यक्ष बनने पर समाजवादी पार्टी को क्षेत्र में और अधिक मजबूती प्रदान होगी। ध्रुव सिंह नौजवान और सरल स्वभाव के व्यक्ति और नौजवानों की एक लंबी टीम है आखिर में ध्रुव सिंह ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर। प्रदेश सचिव दिलीप ओझा ब्लाक महासचिव राजा खान पूर्व प्रधान अरुण कुमार विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीम अजय दरोगा आजाद खान नितेश शुक्ला, शगुन शाह, प्रशांत शर्मा, अनिकेत शुक्ला, ऋषभ शुक्ला, शोभित यादव, विक्रम यादव, आदिल खान, बच्चन यादव, रविंदर सिंह, जसप्रीत सिंह, परमजीत, सुखप्रीत, रंजोत सिंह, गुरविंदर सिंह, मंजीत डिपेंडर शुक्ला, सुखपाल सिंह कल्लू कमल निषाद, सोनू, संतोष, रवि कुमार, किशन कुमार, राजेश गुप्ता, नाजिद अली, मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संकटा देवी मंदिर में नवनिर्मित पिंक बूथ का किया उदघाटन



**✻ इसका मुख्य उद्देश्य कामकाजी महिलाओं और स्कूल लड़कियों को सुरक्षित माहौल देना है**

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने महमूदाबाद के संकटा माता मंदिर में नवनिर्मित पिंक बूथ का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा सहायता के क्रम में पिंक बूथ से पीड़ित महिलाओं को सुविधा सहायता के साथ कार्यवाही में आसानी होगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी आपात काल की स्थिति में पुलिस पिंक बूथों से महिलाएं मदद ले सकती हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन पिंक बूथों पर महिलाओं की शिकायत दर्ज करने से लेकर उनके बैठने समेत सभी व्यवस्थाएं हैं। पीड़ित या फरियादी महिलाओं के लिए वाशरूम, शिकायत कक्ष, प्राथमिक चिकित्सा की भी व्यवस्था है तथा फरियादी महिलाओं की शिकायतों का तुरन्त निवारण व उन्हें सहायता दी जाएगी। महिलाओं को सशक्त बनाना उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि किसी भी आपात काल की स्थिति में इन पुलिस पिंक बूथों से महिलाएं मदद ले सकती हैं। इन पिंक बूथ से महिलाओं को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि पिंक बूथ महिलाओं को सशक्त बनाने कि दिशा में बड़ा कदम है।

इसका मुख्य उद्देश्य कामकाजी महिलाओं और स्कूल लड़कियों को सुरक्षित माहौल देना है कार्यक्रम के दौरान सीता इंटर कॉलेज की अपूर्वा वर्मा कक्षा-9 की छात्रा ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को उनकी स्क्रैच फोटो भी दी।

साथ ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संकटा माता मंदिर में पूजा अर्चना भी की।

## मृतक लड़कों के घर पहुंचे झंडी राजा राज राजेश्वर सिंह, परिवार को बंधाया ढांढस



**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी।** ग्राम पंचायत रकेहटी देहात के मजरा हरीपुरवा निवासी अंजनी के दोनों बेटों रामलखन व तेजपाल की सरयू नदी में डूबकर मौत हो जाने की खबर सुनकर झंडी स्टेट के राजा वरिष्ठ भाजपा नेता राजा राज राजेश्वर सिंह पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। मृतक लड़कों के पिता से मिलकर दुख व्यक्त करते हुए कहा की ये ऐसा दुख है जिसे कम नही किया जा सकता मगर महसूस जरूर किया जा सकता है। मेरे लायक कभी भी कोई कार्य हो तो जरूर बताएं हर संभव मदद की जायेगी। भाजपा नेता नें प्रशासन को अवगत कराया की सरयू घाट पर सुरछा वव्यस्था की जाये जिससे घाट पर जल भरने वालों को मदद मिल सके वही उपजिलाधिकारी राजीब निगम से पीड़ित परिवार को प्रशासन से मिलने वाली मदद जल्द से जल्द पीड़ित परिवार को मिल सके इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

## बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष मनमोहन मौर्य बने




**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर खीरी जिले का बसपा का जिलाध्यक्ष मनमोहन मौर्य को बनाया गया है। बसपा के जिला प्रभारी जयवीर गौतम ने बताया कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ सबसे पहले बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर पार्क पहुंचकर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कार्यालय पर बसपा नेता उमाशंकर गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय चौधरी, प्रदीप कुमार गौतम, रामकुमार चौधरी, पूर्व मंत्री माया प्रसाद, तनवीर अहमद हजारी, डॉ.जाकिर हुसैन, पंकज शुक्ला, राधेश्याम कश्यप, रवि चौधरी, उमाशंकर गौतम सहित अन्य ने स्वागत किया। मनमोहन मौर्य ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन को और मजबूत करना है। आने वाले चुनावों में बहुजन समाज पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# सदर तहसील समाधान दिवस में आये 120 मामलो में 12 का हुआ मौके पर निस्तारण

## पीड़ित पक्ष को उचित मिले न्याय, खानापूर्ति नहीं करें जिम्मेदार: ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



सदर तहसील सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में शनिवार को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस पर 120 फरियादियों ने, एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी से बारी -बारी से अपनी समस्याओं से अवगत कराया। 12 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने जमीनी विवाद मामले में लेखपाल और पुलिस की संयुक्त टीम को तहसील दिवस समाप्त होने के पश्चात मौके पर भेज कर मामले को निस्तारित करने का निर्देश दिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने संयुक्त टीम को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मौके पर पहुंचकर किसी प्रकार का खाना पूर्ति नहीं होना चाहिए पीड़ित पक्ष को न्याय संगत न्याय मिलना चाहिए अगर मौके पर मामले का निस्तारण नहीं हो सका है तो किन कारणों से निस्तारण नहीं हुआ। उसका जवाब भी हमें एक हफ्ते के अंदर चाहिए जिससे हम उच्च अधिकारियों की टीम गठित कर फरियादियों के मामले का निस्तारण कर सकें। समाधान दिवस पर सदर तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह, तहसीलदार न्यायिक विकास कुमार, नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडे, नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव, नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान, नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह, नायब तहसीलदार जाकिर हुसैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

# 52 फरियादियों ने दर्ज कराई शिकायत मौके पर 13 का हुआ निस्तारण



**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**

शासन के मंशानुरूप आयोजित होने वाले तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस महीने के प्रथम व तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले तहसील समाधान दिवस के आयोजन के क्रम में फरेन्दा तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें 52 फरियादियों ने विभिन्न विभागों के शिकायतों को लेकर फरियाद लेकर पहुंचे जिसमें मौके पर 12 शिकायतों का निस्तारण कर शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए सम्बंधित विभागों को सौंप दिया गया। उपजिलाधिकारी फरेंदा नवीन कुमार ने शिकायतकर्ताओं के शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित करने के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं को मौके पर तत्काल प्रभाव से बुलाकर दोनों पक्षों के समक्ष शिकायत का निस्तारण करें। इस दौरान फरेंन्दा पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार, तहसीलदार कर्ण सिंह, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल,खंड विकास अधिकारी फरेंदा के0 के0 शुक्ल, खंड विकास अधिकारी बृजमनगंज सच्चिदानंदा शुक्ल, एडीओ पंचायत धानी वीरेंद्र यादव, गुलाब प्रसाद पाठक व राजस्व निरीक्षक, बाल विकास परियोजना फरेंदा धर्मावती सहित तहसीलस्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

# हॉस्टल में रहकर तैयारी करने वाली युवती को इंजीनियर ने बनाया हवस का शिकार

## शादी का झांसा देकर बनाया शारीरिक संबंध, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

शहर में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक बिल्डर कंपनी के प्राइवेट इंजीनियर पर दुष्कर्म का आरोप लगा है। पीड़िता, जो शहर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। पीड़िता ने बताया कि दो साल पहले बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पर्ची कटवाने के दौरान उसकी मुलाकात आरोपी इंजीनियर संजीव कुमार दूबे से हुई थी। मुलाकात के बाद, आरोपी ने उसे शादी का आश्वासन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान पीड़िता दो बार गर्भवती भी हुई, लेकिन आरोपी ने अपनी चाचा की मदद से उसे गर्भपात की दवा खिलाकर गर्भपात करवा दिया। जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसे भगा दिया।

### हॉस्टल में रहकर करती थी तैयारी, इंजीनियर के हवस का हुई शिकार

पीड़िता ने इस मामले की शिकायत एसएसपी कार्यालय में की, जिसके बाद एसपी नॉर्थ के निर्देश पर गुलरिहा पुलिस ने आरोपी संजीव कुमार दूबे और



उसके चाचा विनय कुमार दूबे के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, धमकी और गर्भपात का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि वह कुशीनगर जिले के कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली है और गोरखपुर के एक हॉस्टल में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। वर्ष 2022 में उसने एक रिश्तेदार को मेडिकल कॉलेज दिखाने के लिए गया था। वहां ओपीडी की पर्ची काउंटर पर भीड़ होने के कारण आरोपी ने उसकी मदद की थी, जिसके बाद दोनों की जान पहचान बढ़ी और शादी की बात शुरू हो गई। दोनों परिवारों ने शादी के लिए सहमति भी दे दी थी। आरोपी ने उसे मेडिकल कॉलेज के निर्माणाधीन कमरे में बुलाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए और शादी का झांसा दिया। इसके बाद, पीड़िता के साथ निर्माणाधीन मकान में ले जाकर उसे पीटा और फिर वहां से भगा दिया।

# पांच अगस्त को होगी क्षेत्र पंचायत की बैठक

**जन एक्सप्रेस । पनियरा / महराजगंज**

पनियरा ब्लाक सभागार में क्षेत्र



पंचायत सदस्यों की बैठक आगामी 5 अगस्त दिन सोमवार को दोपहर 12 बजे निर्धारित किया गया है। बैठक में विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की चर्चा, नए पुराने प्रस्ताव पर विचार एवं अनुमोदन, मनरेगा योजना पर विचार, ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम, चौथा / पांचवां वित्त पंद्रहवा वित्त शुद्ध पेयजल पर विचार किया जाएगा। बैठक में सदस्य स्वयं प्रतिभाग करें सदस्यों के प्रतिनिधियों का प्रवेश वर्जित है। इस अशय की जानकारी खंड विकास अधिकारी पनियरा अमरनाथ पांडे ने दिया।

## समाजवादी पार्टी को बताया भ्रष्टाचारियों, बलात्कारियों की पनाहगार

# अयोध्या के पीड़ित परिवार संग खड़ी है पूरी निषाद पार्टी: ई.सरवन निषाद

## मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए विधायक ने सीएम योगी आदित्यनाथ को दिया धन्यवाद

**जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा**

चौरी चौरा विधायक ई. सरवन निषाद ने कहा कि अयोध्या की घटना बेहद क्रूरता पूर्ण है। सपा नेता द्वारा बारह साल की नाबालिग के साथ रेप की घटना में पीड़ित परिवार के साथ हर संभव मदद के लिए खड़ा हूं पीड़ित परिजनों से वादा किया हूं कि जब तक उनको न्याय नहीं मिलेगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। विधायक ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने कठोर कार्यवाही का करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है । विधायक ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही हुई है। सपा नेता के दुकान पर बुलडोजर चला है आगे इनके परिवार को जहां भी जरूरत होगी उनके साथ खड़ा रहूंगा। विधायक ने सीएम योगी



आदित्यनाथ को उक्त घटना में आरोपी पर कठोर कार्यवाही और तत्काल बुलडोजर की कार्यवाही के कराने लिए धन्यवाद दिया और मांग किया कि मुकदमा को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रायल कराके जल्द से जल्द सजा दिलाई जाए।

### सपा अपराधियों, भ्रष्टाचारियों और बलात्कारियों की पनाहगाह: विधायक

विधायक निषाद ने पीडीए पर चौतरफा हमला बोलते हुए कहा कि सपा अपराधियों, भ्रष्टाचारियों और बलात्कारियों की पनाहगाह है अयोध्या की घटना इसका साक्षात प्रमाण है। विधायक ने कहा कि पीडीए का नारा देती है और उनके पीडीए के नेता ही एक पिछड़े समाज की नाबालिग के साथ रेप करता है। सपा के करनी और कथनी में बहुत अंतर हैं और समाजवादी पार्टी के नेताओं का दुस्साहस यह है कि पीड़ित परिवार को मामले को मैनेज नहीं करने पर जान माल धमकी दे रहे थे। निषाद पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाएगा। सपा कार्यकाल में अपराधियों को कुर्सी मिलती थी और एनडीए सरकार में सबके साथ न्याय हो रहा है उत्तर प्रदेश का निषाद समाज सब कुछ देख रहा है 2027 में निषाद समाज इस घटनाक्रम का समाजवादी पार्टी और पीडीए को करारा जवाब देगा।

# प्रेमी युगल ने सरयू में लगाई छलांग, युवक की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर**

गोला थाना क्षेत्र के बारानगर गांव में सरयू घाट पर शनिवार को दोपहर में प्रेमीयुगल ने नदी में छलांग लगा दी। जिसमें ग्रामीणों ने युवती को बचा लिया लेकिन युवक डूब गया। ग्रामीणों ने किसी तरह उसका शव बाहर निकाला। खबर लिखे जाने तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। युवती शव के साथ हॉस्पिटल में कार में बैठी थी। थाना क्षेत्र के सुरदापार राजा गांव निवासी 19 वर्षीय राजकेश यादव पुत्र सुरेंद्र सुबह नौ बजे से घर से आईटीआई में प्रवेश लेने हेतु घर से बाइक से निकला। दोपहर में उसके पिता को सूचना मिली कि उसका पुत्र सरयू नदी में डूब गया। वे लोग मौके पर पहुंचे तो घाट पर शव पड़ा था। एक युवती भी वहां मौजूद थी। स्वजन युवती को लेकर कार से सरकारी अस्पताल पहुंचे। युवती ने बताया कि वह मृत युवक के बगल के गांव की रहने वाली है। उसका युवक से काफी



दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आज युवक बंगलौर जाने वाला था इसलिए हम लोग मिलने के लिए घाट पर पहुंचे थे। घाट पर हम लोगों में बातचीत में तय हुआ कि हमारे परिवार के लोग हम लोगों की शादी नहीं होने देंगे इसलिए हम लोग डूब कर मर जाएं। सबसे पहले मैं नदी में कूदी, हमको बचाने के लिए युवक भी नदी में कूद गया। हमें ग्रामीणों ने बचा लिया लेकिन वह डूब गया। युवक दो भाइयों में छोटा था। इंटर की परीक्षा पास कर बंगलौर गया था। कुछ दिन पहले इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षा देने आया था। आज ही उसकी बंगलौर जाने की ट्रेन थी।

### प्रेमी युगल ने पानी की टंकी से फंदा लगा किया आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के मजनू चौकी अंतर्गत शनिवार को प्रेमी युगल ने पानी की टंकी के नीचे साड़ी के फंदे से लटककर अपनी जान दे दी ।घटना की जानकारी जैसे ही गांव वालों को मिली पूरे गांव में कोहराम मच गया और काफी भीड़ इकट्ठा हो गई । घटना की सूचना प्राप्त होते ही मजनू चौकी प्रभारी अमित चौधरी अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पानी की टंकी के पास पहुंचकर युवक युवती के लाश को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार लड़का निषाद था जिसका उम्र 19 वर्ष था। जो मोहम्मदपुर माफी का निवासी था लडकी कनौजिया थी उसकी उम्र 20 वर्ष थी जो जमुआड़ निवासी थी दोनों के बीच प्रेम प्रसंग काफी दिनों से चल रहा था घर वालों को इसके बारे में जब पता चला तो यह बात नागवार लगी और घर वालों ने अपने-अपने बच्चों को समझाया बुझाया दोनों की बिरादरी अलग-अलग है दोनों प्रेमी युगल आहत हो कर आज शाम को जमुआड़ स्थित पानी की टंकी के नीचे फांसी से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया दोनों का परिवार आहत है रोते-रोते बुरा हाल है।

### प्रेमी का शव गोंद में रखकर बिलखती रही प्रेमिका

गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार में अपने प्रेमी का शव गोंद में रखकर घंटों प्रेमिका बिलखती रही। वह लोगों से अपने को जान से मार देने के लिए गुहार लगा रही थी। उसका कहना था कि युवक के मर जाने के बाद अब वह क्या करेगी ? मौके पर युवती के घर का कोई स्वजन नहीं दिखा।

# युवक की गला रेत कर हत्या मामले में 2 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जनपद के थाना मदनपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम टड़वा में 21 जुलाई 2024 को जमीनी विवाद व पुरानी रंजीश को लेकर मौसेरे भाई द्वारा अपने भाई अच्छेलाल की गला रेत कर हत्या करने के सम्बन्ध में मृतक की पत्नी केवला देवी पत्नी अच्छेलाल पासवान की तहरीर के आधार पर थाना मदनपुर 106/2024 धारा 103(1), 191(2), 191(3) बीएनएस बनाम रत्तीलाल उर्फ रतन पासवान सहित 9 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत करते हुए विवेचना की जा रही है । विवेचना के क्रम में शनिवार को थाना मदनपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर महेन मन्दिर मदनपुर, थाना बरहज सीमा पर भठ्ठे के पास से एक नामजद अभियुक्त 1. रत्तीलाल उर्फ रतन पासवान पुत्र पारसनाथ पासवान




निवासी ग्राम छोटी बेवरी थाना गोला जनपद गोरखपुर सहित एक और अभियुक्त 2. पुरूषोत्तम उर्फ बिट्टू पुत्र रामप्रवेश निवासी ग्राम भैंसहा बाजार थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर कुरना नाला पुल के पास झाड़ियों से आलाकत्ल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्क3ड्ड0482 बरामद करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।



# कार्यालय नगर पंचायत मटौंध, बाँदा

पत्रांक: 577/न0पं0मटौंध/मैनुआल स्कैवेंजर/2024-25 दिनांक: 03 अगस्त, 2024

## -:: सार्वजनिक सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, गोमती नगर विस्तार-7, उ0प्र0 कार्यालय पत्र संख्या-4/805/स्व0शौ0/2022-23, लखनऊ दिनांक-10.07.2024 के क्रम में मा0 उच्चतम् न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या-324 ऑफ 2020 डा0 बलराम सिंह बनाम् यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक-20.10.2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुअल स्कैवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पंचायत नरैनी, बाँदा सीमान्र्तगत स्थित 12 वार्डों में किया जा रहा है। अत: कोई भी सर्वसाधारण **दिनांक-05.08.2024 तक** कार्यालय नगर पंचायत मटौंध, बाँदा में उपस्थित होकर या कार्यालय के मोबाईल नम्बर/कन्ट्रोल रूम नम्बर-8189078214 पर अस्वच्छ शौचालय तथा मैनुअल स्कैवेंजरों की सूचना दे सकता है। जिनसे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सके।

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पंचायत मटौंध
जनपद-बाँदा


# गोरखपुर-लखनऊ नेशनल हाईवे पर डायवर्जन खत्म

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर डायवर्जन खत्म कर दिया गया। एक साथ डायवर्जन खुलने पर चौकड़ी और बड़ेवन टोल पर जाम की स्थिति बन सकती है।

कांवड़ियों की भीड़ समाप्त होने की स्थिति में गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार देरशाम डायवर्जन खत्म कर दिया गया। शाम पांच बजे से परिवहन निगम की बसों व अन्य सवारी वाहनों के लिए रोक हटाई गई। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि स्थिति का आकलन करने के बाद ट्रकों और अन्य वाहनों को अयोध्या की तरफ आने-जाने की छूट दे दी जाएगी। आधिकारिक तौर पर शनिवार सुबह छह बजे तक डायवर्जन लागू किया गया था।

# बंग्लादेशी रोहिंग्या नागरिकों का जन्म प्रमाण पत्र बनाने का मामला, एटीएस ने कुशीनगर से दो लोगों को पकड़ा

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

बंग्लादेशी रोहिंग्या नागरिकों का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले में एटीएस जांच कर रही है। टीम शाम को कुशीनगर पहुंची। तरयासुजान से सीएसपी संचालक और विशुनपुरा सीएचसी पर तैनात डाटा ऑपरेटर को साथ लेकर चली गई।

रायबरेली के सलोन में बंग्लादेशी रोहिंग्या नागरिकों का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले में जांच कर रही एटीएस देर शाम को कुशीनगर पहुंची। जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में जिले के स्वास्थ्य विभाग के आईडी पासवर्ड का भी प्रमाण पत्र बनाने में इस्तेमाल किया गया है। तरयासुजान से सीएसपी संचालक और विशुनपुरा सीएचसी पर तैनात डाटा ऑपरेटर को साथ लेकर चली गई।

जन्म प्रमाण पत्र बनाने में इस्तेमाल होने वाला लैपटॉप, मोबाइल व अन्य उपकरण कब्जे में ले लिया है। संजीव से एटीएस ने उसके घर पर एक घंटे तक पूछताछ की। दोनों को लेकर लखनऊ पहुंची एटीएस पूछताछ कर रही है। सूत्रों की मानें तो संविदा पर तैनात डाटा ऑपरेटर ने स्वास्थ्य विभाग का आईडी और पासवर्ड सीएचसी संचालक को दे रखा था, जिससे फर्जीवाड़ा किया गया है।

महराजगंज जिले के खुशहाल नगर निवासी सतीश सोनी संविदा पर विशुनपुरा सीएचसी पर डाटा ऑपरेटर के पद पर तैनात है। दो वर्ष पूर्व इसकी तैनाती तरयासुजान सीएचसी पर थी, जहां वह स्वास्थ्य



विभाग की आईडी से जन्मप्रमाण पत्र बनाने के साथ इसे पोर्टल पर अपडेट करता था। सतीश ने तरयासुजान में रहते हुए यूजर आईडी और पासवर्ड को भावपुर के सीएससी संचालक संजीव सिंह को दे दिया था।

दोनों साथ मिलकर बांग्लादेशी नागरिकों के कुछ फर्जी प्रमाण पत्र बना दिए। रायबरेली के जीशान की ओर से किए गए फर्जीवाड़े की जांच में एटीएस ने पूछताछ की तो कई प्रदेश के सहज जन सेवा केंद्र संचालकों से तार जुड़ा। इसी कड़ी में एटीएस को कुशीनगर में भी कुछ फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर देने का सुराग हाथ लगा। शाम को सादे वर्दी में पहुंचे एटीएस के अधिकारियों ने सबसे पहले संजीव सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो सतीश सोनी का नाम सामने आया। इसके बाद टीम विशुनपुरा सीएचसी पर पहुंची।

सीएचसी अधीक्षक से मिलने के बाद सतीश सोनी को हिरासत में ले लेकर गोरखपुर लेकर चली गई। इस कार्रवाई से स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अनभिज्ञ रहा हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा से मामला जुड़े होने के कारण एटीएस की टीम इनसे लखनऊ में गहन पूछताछ कर रही है।

## प्रस्तावित स्कूल भूमि, खाद के गड्ढे, खेल के मैदान पर कब्जा करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

फतेहपुर सीकरी ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत नगला सराय में एजेंडे के तहत तय की गई प्रस्तावित स्कूल भूमि, खेल के मैदान, खाद गड्ढों पर गांव के ही दबंग पर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए ग्राम पंचायत नगला सराय के ग्रामीण ने कमिश्नर आगरा व जिला अधिकारी आगरा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए जांच के बाद कार्रवाई की मांग की है। ग्राम नगला सराय निवासी ओमप्रकाश पुत्र जगनी राम ने मुख्यमंत्री पोर्टल कमिश्नर आगरा, जिलाधिकारी आगरा को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि गांव की गाटा संख्या 146 जिस पर स्कूल बनाने के लिए प्रस्तावित की गई थी जिस पर मीटिंग के बाद विधिवत एजेंट के तहत प्रस्ताव हुआ और खंड शिक्षा अधिकारी को जानकारी दी गई। स्कूल भूमि समेत खाद के गड्ढे, खेल के मैदान पर गांव के ही बनवारी लाल पुत्र महावीर पर अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाया है।

# जनपद के सभी तहसीलों में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनसमस्याओं के निराकरण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया।
तहसील भीटी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।तहसील दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय प्रत्येक दिन समय से खुले कार्यालय में जो भी लाभार्थी/नागरिक आए उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। उनके लिए पीने के लिए पानी तथा बैठने की व्यवस्था किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके।
तहसील भीटी में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 120 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 05 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 115 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर डीएफओ ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राज कुमार,उप जिलाधिकारी भीटी, जिला विकास अधिकारी,क्षेत्राधिकारी भीटी तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील जलालपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी जलालपुर के समक्ष कुल 170 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिसमे से 04 शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित कर दिया गया तथा शेष 166 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी टांडा के समक्ष 55 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिसमें से 06 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित करा दिया गया। शेष 49 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।
तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी आलापुर के समक्ष कुल 54 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई। जिसमें से 06 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया।शेष 48 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्राप्त करा दिया गया।
तहसील अकबरपुर मे संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर के समक्ष कुल 77 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 04 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 73 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

# हेलिकॉप्टर से विदा कर लाया था पति...अब बना हैवान

**जन एक्सप्रेस । मैनपुरी**

### दूसरे पक्ष की ओर से भी दर्ज कराई गई रिपोर्ट

विवाहिता ने जहां ससुरालीजन के खिलाफ जानलेवा हमला, दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं लड़के पक्ष की ओर से भी घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ आदि के आरोप लगाते हुए सदर कोतवाली में विवाहिता व उसके मायके पक्ष के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दोनों पक्ष की शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मैनपुरी में जिस बहू को हेलिकॉप्टर से ब्याह कर लाए थे, सुसरालीजन अब उसी की जान के दुश्मन बन गए हैं। कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी की रहने वाली एक विवाहिता को ससुरालीजन ने पानी में डुबो कर जान से मारने की कोशिश की। उसे अतिरिक्त दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित करते आ रहे हैं। महिला ने पति पर अप्राकृतिक संबंध बनाने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी ससुरालीजन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।
मूल रूप से थाना बेवर क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि 19 फरवरी 2024 को भाई ने उसकी शादी शहर के राजीव गांधी नगर निवासी एक युवक के साथ की है। विवाह के बाद उसकी विदाई हेलिकॉप्टर से हुई थी। शादी के कुछ दिन बीतने के बाद ही अतिरिक्त दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा।
असमर्थता जताने पर 2 जून को सास, जेठ और ससुर ने पिटाई की और टब के पानी में डुबो कर जान से मारने की कोशिश की। इस घटना के बाद भाई आया तो उसने गृहस्थी बचाने के लिए समझौता कर लिया। इसके बाद ससुरालीजन ने पति के साथ नोएडा भेज दिया। वहां पति भी उसे प्रताड़ित करने लगा। आए दिन पिटाई करता और जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाता।
9 जुलाई पति ने कार खरीदने के लिए डेढ़ लाख रुपये लाने और जमीन का हिस्सा अपने नाम कराने का दबाव बनाया। मना करने पर उसे पीटने के बाद घर से निकाल दिया। वह रात भर घर के बाहर बैठी रही। 30 जुलाई की रात पति ने पिटाई करने के बाद मोबाइल छीन कर कमरे में बंद कर दिया। जान से मारने की कोशिश की। उसके खिलाफ नोएडा एक चौकी पर तहरीर दे दी। होश में आने के बाद वह नोएडा की सेक्टर 113 चौकी पुलिस की मदद से घर पहुंची। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## आरबीएस कॉलेज में शिक्षकों धरना खत्म

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** आरबीएस कॉलेज में पिछले 7 दिनों से चला आ रहा शिक्षकों और नॉन टीचिंग स्टाफ का धरना शनिवार को खत्म हो गया। एडिशनल सीपी और डीसीपी सिटी ने शिक्षकों से मुलाकात की। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने भी धरने को समर्थन दिया था। आरबीएस कॉलेज के चीफ प्रोक्टर डॉ. संजीव पाल सिंह और दो कर्मचारियों पर एक ई-रिक्शा चालक को डंडे से मारने के मामले में पुलिस ने एक्शन लिया था। तीनों को हिरासत में लिया था। हालांकि कुछ घंटों में ही निजी मुचलके पर छोड़ दिया था। इसके बाद ई-रिक्शा चालक का भी एक वीडियो सामने आया था कि उसने पुलिस में चीफ प्रोक्टर के खिलाफ तहरीर नहीं दी थी। आरबीएस कॉलेज के शिक्षकों ने इस घटना के बाद से ही काम बंद कर दिया था। पिछले 7 दिनों से शिक्षकों का कॉलेज परिसर में ही धरना चल रहा था। परीक्षा न कराना, प्रवेश प्रक्रिया में सहयोग न करना जैसे कदम शिक्षकों ने विरोध में उठाए थे।

# अंतर्जनपदीय पशु चोर गैंग का हुआ खुलासा

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

सर्विलांस सेल और पुलिस ने अंतर्जनपदीय पशु चोर गैंग का खुलासा किया। पुलिस ने मुख्य सरगना सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही लोडर और एक कार सहित 3 पशु भी बरामद किए हैं। 1 अगस्त को राजेश सिंह द्वारा थाना बसई अरेला पर तहरीर दी गई थी कि उनके घर के बाहर से दो पड़िया (भैंस के बच्चे) चोरी हो गए हैं। राजेश सिंह ने पुलिस को बताया कि कार में भैंस, गाय और जानवरों के बच्चे चोरी करने का गैंग सक्रिय है। शनिवार को अरनौटा उटंगन नदी के पास चैकिंग की जा रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि पशु चोर कार, लोडर मैक्स से बाह की तरफ से आ रहे हैं। लोडर मैक्स में चोरी किए हुए पशु हैं। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए इमरान उर्फ बबुआ और भइये को गिरफ्तार किया। थोड़ी देर बाद लोडर मैक्स से अफसर और मुस्तकिम को गिरफ्तार किया गया। लोडर से भैंस और गाय के तीन बच्चे बरामद हुए।
अभियुक्तों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वो पशु चोरी करने के लिए रेकी कर रहे थे। कार से रेकी करने निकलते हैं। 50 किलो तक के पशुओं को कार में और उससे अधिक वजन वाले पशुओं को मैक्स में लादकर ले जाते थे। चोरी करने के बाद पशुओं को अलीगढ़ ले जाते हैं। जहां उन्हें एक कोड मिलता है। इस कोड के आधार पर चोरी किए पशुओं को अलीगढ़ की एलेना फैक्ट्री में बेच देते थे। एक दिन बाद आगरा से नकद पैसा मिल जाता था, जिसे आपस में बांट लेते थे। इमरान और मुस्तकिम सगे भाई हैं। अभियुक्तों के खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में एक-एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें पशु चोरी सहित आपराधिक मुकदमे भी हैं। थाना बसई अरेला सहित थाना शमशाबाद व थाना किरावली क्षेत्र भी पशु चोरी किए हैं।

# सांसद राजकुमार चाहर का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

अछनेरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत साधन में दूसरी बार सांसद बनने के बाद पहली बार पहुंचे राजकुमार चाहर वही आसपास के सभी गांव साधन खेड़ा साधन बसैया राजपूत फतेहपुरा के गणमान्य व्यक्तियों ने सांसद का फूल माला एवं साफा बांधकर भव्य स्वागत किया व साधन से अनिल पहलवान ने सांसद राजकुमार चाहर को तलवार भेंट की व ग्राम वासियों ने कुछ गांव से संबंधित समस्या जैसे अछनेरा गोवर्धन रोड को राजमार्ग बनाने की अपील की मेंन चौराहे से साधन राजकीय मॉडल कॉलेज तक रास्ते को सीसी करने की बात रखी व पुरानी पेयजल टंकी को तुड़वाने की अपील की जो कि पूरी तरह से झज्जर हो चुकी है और कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है वहीं खेड़ा साधन से ग्राम प्रधान चंद्रप्रकाश ने खेड़ा साधन रोड से खेड़ा साधन रेलवे स्टेशन रोड तक मलिकपुर मैनर को पक्का करने की बात रखी इन सभी समस्याओं को सांसद राजकुमार चाहर ने जल्द समाधान होने की बात कही व सभी गांव वालों का दूसरी बार सांसद बनने पर आभार व्यक्त किया इस मौके पर उपस्थित रहे। प्रमोद चाहर, कोलम नेता, जोगेंद्र प्रधान, प्रेमी प्रधान, रामवीर सेठ, बने सिंह नेता, विजय सिंह नेता, सोरन मुखिया, भोला पहलवान, कुंदन नेता, घनश्याम पहलवान, जनक सिंह प्रधान, जितेंद्र डॉक्टर, देवेंद्र जादौन, सुशील पहलवान, रविंद्र जादौन एवं सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# यौमे सज्जाद 26 मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्वक हुआ संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के थाना सम्मनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिकंदरपुर रूतमपुर अशरपट्टी गांव में योमे सज्जाद बीमारे कर्बला 26 मोहर्रम का जुलूस कल शुक्रवार को दोपहर में जुमे की नमाज के बाद शुरू हुआ मजलिस को खिताब फरमाते हुए इमामे जुमा सिकंदरपुर मौलाना ज़फ़र मारूफी ने पढ़ी और दूसरी मजलिस को मौलाना नूरुल हसन रिजवी ने खिताब फरमाया मोहर्रम का जुलूस जो हर साल की तरह होता है
जो रात में करीब 10:00 बजे खत्म हुआ कर्बलासिकंदरपुर में हुआ 26 मोहर्रम के जुलूस के अवसर पर कई गांव के लोगो ने शिरकत की 26 मोहर्रम जुलूस के अवसर पर
मे जुलूस में 6 अंजुमन आएगी जिसमें पहली अंजुमन परचमे अब्बास रन्नो जौनपुर अंजुमन इमामिया बड़ागांव घोसी मऊ अंजुमन हैदरीया बसखारी अंबेडकर नगर अंजुमन सफीरे नासेरूल अजा कटघर कमाल अंबेडकर नगर अंजुमन शमशीरे हैदरी नगपुर जलालपुर अंबेडकर नगर जफरिया कदीम जलालपुर मुस्तफाबाद अंबेडकर नगर जैसे तमाम अंजुमन शिरकत की नोहा पढ़ा वहीं जलपान की व्यवस्था नजरे मौला की कार्यक्रम कीआयोजन समर हैदर जैदी के घर पर की गई थी इस मौके पर बाकर हैदर जैदी ज़फ़र ज़ैदी आफक हुसैन अहमद रजा शादाब बैलाल हैदर इमरान हैदर सलमान हैदर अमान अब्बास पत्रकार मोहम्मद रजा हैदर सुरूर जैदी युसूफ राजाअली मियां हैलाल फैज आमिर फैजान नेहाल शाकिर दादू पप्पू पूर्व प्रधान हुसैन अब्बास कल्बे अब्बास हसन मुस्सना इरफान आदि लोग मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन मौलवी तालिब अब्बास ने किया
सुरक्षा को लेकर थाने के कोतवाल राजेश कुमार सिंह उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र पाण्डेय सिपाही हेड कांस्टेबल अशोक कुमार सर्वेश राम आदि पुलिसकर्मी मौजूद थे हालांकि जुलूस में काफी संख्या लोग मौजूद थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अलीगढ़ शहर में संचालित सभी बर्फखाने अवैध

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** स्मार्ट सिटी अलीगढ़ में सबसे बड़ी समस्या पानी है कहीं पानी की निकासी नहीं है तो कहीं पीने को पानी नहीं है ।वहीं कुछ पानी माफिया भूगर्भ जल का अवैध दोहन करके पानी से चांदी बना रहे हैं ।पूरे शहर में भूगर्भ जल का अवैध दोहन करके बर्फ खानों में पानी से चांदी बनाई जा रही है और आरो प्लांट वाले तो 60त्न पानी को नाली में बहा देते हैं। आर ओ प्लांट और बर्फ खाने लाखों लीटर पानी नाली में रोजाना बहा देते हैं ।जिसका हिसाब ना किसी विभाग के पास है और ना ही किन्ही मानकों के आधार पर यह क्लस्टर श्रेणी में आने वाले बर्फ खाने चलाए जा रहे हैं इसका जवाब है ।संबंधित विभाग से जानकारी लेने पर बताया गया शहर भर में चल रहे सभी बर्फ खाने अवैध हैं विभाग कभी कोई कार्यवाही करता है तो सभी बर्फ खाने वाले मालिक यूनियन बनाकर विभागीय अधिकारियों को परेशान करने लगते हैं और राजनीतिक दबाव के कारण कोई कार्यवाही नहीं हो पाती ।सवाल उठता है पानी जो सभी के जीवन के लिए जरूरी है क्या इस पर कुछ माफिया का ही अधिकार है। जहां गरीब से पानी पीने के पैसे वसूले जाते हैं और पानी माफियाओं को भूजल का अवैध दोहन करके बेचने का अधिकार स्वतः प्राप्त है ।जलस्तर इतना नीचे चला गया है कि पानी आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गया है अगर किसी क्षेत्र में एक दिन के लिए भी लाइट कट जाती है तो वहां पानी के लिए हाहाकार मच जाता है ऐसी हालत में लाखों लीटर पानी बहाने वाले यह कारखाने किसकी अनुमति से चलाए जा रहे हैं। घातक दर्जे के उद्योग बर्फ खाने और चिल्लर प्लांटों को विद्युत कनेक्सन बिना किसी अनापत्ति प्रमाण पत्र के कैसे मिल जाता है।

### अखिल भारतीय पंचायत परिषद संगठन पूरे देश में सराहनीय कार्य कर रहा है

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव ठाकुर गवेन्द्र सिंह एडवोकेट के प्रयासों से युवा नेता राजेश राज जीवन आज गैर राजनीतिक संस्था अखिल भारतीय पंचायत परिषद में शामिल हो गए ज्ञात रहे राजेश राज जीवन हाथरस विधानसभा से कांग्रेस पार्टी से दो बार विधायक का चुनाव लड़ चुके हैं तथा वर्तमान में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव के पद पर कार्य कर रहे हैं और मथुरा के प्रभारी भी हैं। उन्होंने इस अवसर पर कहां अखिल भारतीय पंचायत परिषद का संगठन ग्रामीण उत्थान के लिए पूरे देश में सराहनीय कार्य कर रहा है और निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों के हकों के लिए संघर्षरत है उन्होंने यह भी कहा ग्रामीण पंचायते देश की रीड है जब तक पंचायतो को और अधिक विकास के अधिकार नहीं दिए जाएंगे तब तक देश सशक्त एवं मजबूत नहीं बनेगा। राजेश राज जीवन का पंचायत परिषद में शामिल होने पर प्रदेश प्रभारी गवेन्द्र सिंह ने आभार प्रकट कर स्वागत किया इसके अलावा उत्तर प्रदेश संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख राष्ट्रीय सचिव नयना नंदकुमार पाटिल प्रदेश सहसंयोजक चौधरी महेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश महासचिव नरेंद्रसिंह सोलंकी महेंद्र कुमार तिवारी प्रदेश सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह श्रीमती सरिता सिंह जिला अध्यक्ष अनुज प्रताप सिंह महानगर अध्यक्ष धर्मवीर सिंह पूर्व पार्षद ठाकुर सत्येंद्र सिंह पूर्व पार्षद ने प्रसन्नता व्यक्त कर पंचायत परिषद में शामिल होने पर उनको हार्दिक बधाई दी।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील खैर में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ आयोजित

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में खैर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसएसपी संजीव सुमन, अपर आयुक्त प्रशासन अरुण कुमार, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, सीएमओ डॉ0 नीरज त्यागी, पीडी डीआरडीए भाल चंद त्रिपाठी, एसडीएम महिमा, सीओ राजीव दुबे सहित जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम विशाख जी0 ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं उनका समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 73 शिकायतें प्राप्त हुईं। 10 का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। 06 प्रकरणों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया।
जिलाधिकारी ने चिन्हित शिकायतों पर पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुए मौके पर जाकर उभयपक्षों को सुन गुण-दोष के आधार पर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कराने के एसडीएम को निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर न्याय दिलाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नसीहत देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है। इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। एसएसपी संजीव सुमन ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने थानाध्यक्षों से कहा कि थाना आए प्रत्येक व्यक्ति की बात को सुना जाए।

### ताज सुरक्षा पुलिस की सहायता से मिला पर्यटक का मोबाइल

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** ताजमहल पर आने वाले पर्यटकों के लिए ताज सुरक्षा पुलिस एक अच्छी पहल के तहत कार्य कर रही है। जिसके चलते अब तक तमाम लोगों को सहायता देते हुए बीमार मरीजों को अस्पताल लोगों को परिजनों से मिलना और पर्यटकों का सामान खोने पर उन्हें समान दिलवाना यह कार्य भली भांति कर रही है। इसी के चलते ताज सुरक्षा पुलिस की सराहना देश ही नहीं बल्कि विदेशों में की जा रही है। आज इसी के चलते नागपुर से आए पर्यटकों का एक मोबाइल फोन एक कैब में रह गया। जब पर्यटक ताजमहल देखकर वापस आने लगे तो उन्होंने अपना मोबाइल चेक किया तो मोबाइल उनके पास नहीं था। इसकी सूचना एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरिब अहमद के कार्यालय में दी गई तो वहां मौजूद आरक्षी रोहित कुमार ने सभी कैमरे के देखा उसके बाद गाड़ी का नंबर लेकर उस चालक को फोन किया तो मोबाइल उसने अपनी गाड़ी में होने की बात कही। इस पर ताज सुरक्षा के कर्मचारियों ने कहा कि वह मोबाइल या तो हमारे कार्यालय में जमा कर दें या उन्हें होटल में दे। देने के बाद इसकी सूचना हमें दें इस पर चालक राजी हो गया। इस बात को देखकर महाराष्ट्र से आए पर्यटक आगरा ताज सुरक्षा पुलिस की तारीफ करते नजर आए। वही एसीपी का सुरक्षा सैयद अरिब अहमद ने बताया कि लगातार ताज सुरक्षा पुलिस द्वारा पर्यटकों की हर संभव मदद की जा रही है। इसके लिए जगह-जगह कैमरे लगाए गए हैं और पूरी मॉनिटरिंग की जा रही है। रोजाना कभी पर्यटकों का सामान फोन आपस में अलग हो जाने पर पर्यटन और ताज सुरक्षा पुलिस पूरी मदद करती है और उन्हें उनके परिजनों से मिलाने का कार्य करती है। इस बात के लिए सभी कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। लेकिन मोबाइल मिलने के बाद नागपुर से आए पर्यटक ताज सुरक्षा पुलिस की तारीफ करते नजर आए।

# स्तनपान सप्ताह का डीएम ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ किया गया एवं बताया गया कि छह माह के बाद ही बच्चे को ठोस आहर की जरूरत होती है। दूध पिलाते समय भी सावधानी बरतने की जरूरत होती है।
एनएफएचएस की रिपोर्ट के अनुसार, जिले में लगभग 39 प्रतिशत महिलाएं अपने बच्चे को स्तनपान नहीं कराती हैं। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राज कुमार ने स्तनपान सप्ताह के कार्यक्रमों का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया और बताया कि हर मां को स्तनपान कराना चाहिए। स्तनपान कराने से बच्चा शुरुआती दिनों में स्वस्थ रहता और 40 वर्ष के बाद भी उनमें होने वाली बीमारियों से बचाता है।
बच्चों के बेहतर स्वास्थ एवं देखभाल के लिये 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। सप्ताह भर गांव-गांव तक जाकर स्वास्थ्य कर्मचारी आम जनमानस को जागरूक करेंगे। इस संबंध मे अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जनपद स्तर पर भी किया गया, जिसमें ब्लाक स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों एवं फन्ट लाइन वर्कर शामिल रहे।
डॉ रामानंद सिद्धार्थ, नोडल अधिकारी ने बताया कि स्तनपान शिशु के जीवन का पहला एवं सबसे महत्तवपूर्ण आहार है। इसमें मौजूद पोषक तत्व शिशु के विकास एवं स्वास्थ्य के लिये अनिवार्य है। शिशु को रोगो से लड़ने के लिये क्षमता प्रदान करता है। जिससे शिशु का प्रतिरक्षण प्रणाली मजबूत होती है। सभी माता अपने शिशुओ को जन्म के पहले एक घण्टें में ही स्तनपान करायें क्योंकि कोलोस्ट्रम मां का पहला गाढ़ा पीला दूध शिशु जन्म के पहले कुछ दिनों तक निकलता है, जो शिशु को कई के बीमारियों से बचाता है। कम से कम छः माह तक केवल स्तनपान करायें। इसके बाद भी दो साल तक या उससे अधिक समय तक ठोस आहार के साथ-साथ स्तनपान जारी रखा जा सकता है। जिला मातृ स्वास्थ परामर्शदाता शोभा कुमारी ने बताया की इस सप्ताह को सफल बनाने के लिये ब्लाक मुख्यालय पर बैठक आयोजित कराते हुये ब्लाक स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों एवं फन्ट लाइन वर्करों की शत प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित कराते हुए अभिमुखीकरण किया जायेगा। वहीं कार्यक्रम की।

# ताजमहल में घुसकर 2 युवकों ने मकबरे पर गंगाजल चढ़ाया

**ओम का स्टीकर चिपकाया, दावा-ये तेजोमहालय शिव मंदिर है**

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

### तहखाने के नीचे मुमताज और शाहजहां का मकबरा

आगरा में ताजमहल के सेंटर पॉइंट पर एक मुख्य गुंबद बना है। इसी गुंबद के नीचे एक बड़ा तहखाना है, जिसमें मुमताज और शाहजहां का मकबरा है। यह पूरे साल बंद रहता है, सिर्फ शाहजहां के उर्स पर खोला जाता है। इस दौरान तीन दिन तक ताजमहल में फ्री एंट्री रहती है। यह बेसमेंट में बना हुआ है, नीचे जाने के लिए सीढ़ियां हैं। इन्हीं सीढ़ियों के पास से इन दो युवकों ने जल चढ़ाया है। इसी बेसमेंट में शिव मंदिर होने का दावा किया जाता है।

ताजमहल में घुसकर दो युवकों ने मुख्य मकबरे पर ऊपर से जल चढ़ाया। दीवार पर ओम का स्टीकर भी चिपकाया। युवकों ने दावा किया कि वे बोतल में गंगाजल लेकर गए थे। उन्होंने इसका वीडियो भी बनाया, जिसमें वे कहते हैं कि अब अंतिम पड़ाव पर पहुंच गए हैं। हर-हर महादेव। उकरत्र ने दोनों युवकों को आगरा पुलिस के हवाले कर दिया। ये अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता श्याम और वीनेश कुंतल हैं। मथुरा के रहने वाले हैं। हिंदू महासभा का दावा है कि ये ताजमहल नहीं, तेजोमहालय शिव मंदिर है।
डीसीपी आगरा सिटी सूरज राय ने बताया- 2 युवक ताजमहल के अंदर गए। उन्होंने बोतल से परिसर में जल गिराया। उकरत्र ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। उकरत्र की ओर से लिखित तहरीर पर दोनों युवकों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मथुरा की अखिल भारत हिंदू महासभा जिलाध्यक्ष छाया गौतम ने बताया- 31 जुलाई को मैं श्याम और वीनेश कुंतल के साथ कासंगज जिले के सोरो से कांवड़ में गंगाजल लेकर चली थी। 2 अगस्त की रात मथुरा पहुंची। क्योंकि, पहले ही हमने ताजमहल में गंगाजल चढ़ाने का ऐलान कर दिया था, इसलिए रात 12 बजे मुझे प्रशासन ने हाउस अरेस्ट कर लिया। लेकिन, मैं पुलिस को चकमा देखकर निकल गई। सुबह 7 बजे ताजमहल पहुंची। यहां पर श्याम और वीनेश ने कांवड़ का गंगाजल ताजमहल में चढ़ाया। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय जाट ने कहा- हमारे मथुरा के वीरेश चौधरी और श्याम ने तेजोमहालय को गंगाजल से पवित्र किया। गंगा जल चढ़ाना हिंदुओं का जन्मसिद्ध अधिकार है। आज सुबह हमने गंगा जल चढ़ाया। उन्होंने कहा- अगर तेजोमहालय के अंदर बिरयानी बनेगी, उर्स होगा, कव्वाली होगी तो निश्चित रूप से यहां शिव तांडव भी होगा। सावन के महीने में हम लोग लगातार ऐसा करते रहेंगे।
जब विदेशी और स्थानीय लोग ताजमहल के अंदर नमाज पढ़ते हैं तो उनसे माफीनामा लिखवाकर छोड़ दिया जाता है। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि बिना शर्त हमारे कार्यकताओं को रिहा किया जाए। अन्यथा ताजमहल और तेजोमहालय में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहेंगे। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ धारा-295 और 295-ए के तहत मुकदमा दर्ज किया है। धारा-295 में किसी व्यक्ति के धर्म का अपमान करने के इरादे से पूजा या पवित्र स्थान को प्रभावित करना। इसके अलावा, 295-ए में किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का जानबूझकर अपमान करना। इन मामलों में अधिकत 3 साल की सजा या फिर दोनों हो सकती हैं। पुलिस जांच में पता चला कि श्याम बघेल की मथुरा में मंडी चौराहे पर हलवाई की दुकान है। वहीं, दूसरा आरोपी वीनेश कुंतल खेती का काम करता है।

# राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने जनता दर्शन के दौरान सुनी जनसमस्याएं, अफसरों को दिये कार्रवाई के निर्देश

**स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मियों ने सौपा 15 सूत्रीय ज्ञापन**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज शनिवार को अपने जन सहयोग कार्यालय पर जनता दर्शन के दौरान जन समस्यायें सुनी और उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियो को दिये। इस मौके पर उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की स्थानीय ईकाई ने 15 सूत्रीय ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने ज्ञापन पर उचित कार्यवाही करवाने का आश्वासन दिया है। जनता दर्शन के दौरान ललौरीखेड़ा ब्लाक के खमरियापुल से बड़ी संख्या में आये लोगो की समस्यायें सुनी। जहाँ उनकों बताया की वीते वर्ष खमरियापुल के समीप हुए कावड़ विवाद में पुलिस ने एक पक्ष के बड़ी संख्या में लोगो को नामजद किया है जबकि दूसरी पक्ष के लोगो की संख्या कम रखी है। इतना ही नही पुलिस ने ऐसे लोगो को नामजद किया है जो न तो मौके पर थे और ना ही उनका इस केस से कोई लेना देना है। इसमें कई छात्र भी नामजद कर दिये गये जिनका कोई बास्ता था। पीड़ित पक्ष की ओर से दयाराम, देवपाल, मुकेश कुमार, दीनदयाल आदि लोगो ने पत्र देकर राज्यमंत्री श्री गंगवार से न्यायोचित कार्यवाही कराने और निर्दोष लोगो की हुई नामजदगी को खारिज कराने की मांग की है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने इस मामले में प्रभावी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। राज्यमंत्री श्री गंगवार जनता दर्शन के दौरान दूरदराज क्षेत्रों से आये लोगो की समस्याये सुनी और उनके निराकरण के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिये।

# आंगनबाड़ी भवन निर्माण घोटाले की आठ साल बाद खुली फाइल मचा हड़कंप

**निर्धारित लागत से अधिक धन निकासी के आरोप की शुरू हुई जांच**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर


कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सुइथाकला जौनपुर।

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के विकास खंड सुईथाकला के 16 ग्राम पंचायतों में मनरेगा सहित विभिन्न मदों से निर्मित होने वाले आंगनबाड़ी भवनों में मनरेगा से निर्धारित लागत से अधिक धन निकासी के घोटाले की फाइल आठ साल बाद खुलने से संबंधित ग्राम पंचायतों में हड़कंप मच गया है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद में अधिवक्ता कमल सिंह की शिकायत पर उक्त मामले की जांच सीडीओ जौनपुर ने शुरू कर दी है। वर्ष 2016 में सुईथाकला के 16 ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी भवन के निर्माण में प्रति भवन 8.30 लाख खर्च किए जाने थे। जिसके लिए 1.6 लाख पंचायतीराज विभाग, 2.24 लाख बाल विकास विभाग तथा अधिकतम 5 लाख रूपए मनरेगा से खर्च होना था। आरोप है सुइथाकलां में तैनात तत्कालीन ए.पी.ओ. अंकित सिंह द्वारा कई स्थानों पर पांच की जगह 6 अथवा 6.50 लाख रुपए तक खर्च किये गए या फिर निकासी की गई। इतना ही नहीं पंचायतीराज से भी कुछ स्थानों पर अधिक धन निकासी की बात बताई जा रही है। जिसे सीधे-सीधे गाइडलाइन का उल्लंघन माना गया। हालांकि कुछ स्थानों पर बाल विकास विभाग द्वारा भी पूरे पैसे का भुगतान न करने की बात बताई गई। बहरहाल शिकायत के बाद ए.पी.ओ. को सुइथाकलां से हटाकर बक्शा विकासखंड में तैनात किया गया। किंतु वहां भी इनके विरुद्ध व्यापक शिकायतें मिलती रहीं। जिसके बाद विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र द्वारा श्री सिंह के विरुद्ध तत्कालीन जिलाधिकारी व सीडीओ को जांच व कार्यवाही के लिए पत्र लिखा गया।

> शिकायती पत्र पर मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपों की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।
> –सीलम तेजा साई, मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर

**इन ग्राम पंचायतों में हुआ था आंगनबाड़ी भवन का निर्माण**

बिरैली, छीतमपट्टी, डीह अशरफाबाद, गंगौली, कटघर, लौंदा, मयारी, पलिया, पिपरौल, शेखपुर, सोनरा, पूरा असालत खां, सुकर्णाकलां, सूरापुर तथा उसरौली।

> उक्त मामले में सीडीओ के निर्देश पर सभी सचिवों से आंगनबाड़ी भवन निर्माण से संबंधित पत्रावलियां मांगी गई हैं। दो दिन का समय दिया गया था किंतु अभी तक किसी भी सचिव ने पत्रावली उपलब्ध नहीं कराया है। पत्रावली मिलते ही जांच कर रिपोर्ट सीडीओ को सौंप दी जाएगी।
> –गौरवेंद्र सिंह, कार्यक्रम अधिकारी, सुइथाकलां

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन हरसिंहपुर गौशाला की परखी गुणवत्ता



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शनिवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने पूरनपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरसिंहपुर में आज निर्माणाधीन गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये, उन्होंने निर्माणाधीन गौशाला में प्रयोग की जा रही सामग्री का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की प्राथमिकता में गोवंश हैं ऐसे में गौशाला का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाये। यह भी ध्यान रखा जाये कि निर्माण कार्य गुणवत्तापरक हो, समस्त सामग्री मानक के अनुरूप प्रयोग की जाये, किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी पूरनपुर राजेश कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील पूरनपुर का सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में 42 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये तथा मौक पर 01 का हुआ निस्तारण**

**तहसील परिसर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को देखा**

**अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने उम्मीद संस्था बाढ़ राहत सामग्री वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

**तहसील परिसर में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आम के पौधे का किया रोपण**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय की अध्यक्षता में तहसील पूरनपुर का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही 01 शिकायतों का निस्तारण किया गया। अवशेष शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढ़ंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे कि शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा शिकायत न की जा सके। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये।

इसके साथ उन्होंने तहसील परिसर वर्षा का जल संचयन हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के कार्य को देखा। उन्होंने कहा कि जल जीवन का आधार है इसका संरक्षण कराना हम सबका दायित्व अपने लिये ही नही अपितु आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अति आवश्यक है। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील परिसर में आम के पौधे का रोपण किया और लोगों से पौधा लगाने की अपील की। तहसील परिसर पूरनपुर में अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविन्दर सिंह के साथ जिलाधिकारी ने उम्मीद संस्था के पदाधिकारी के साथ बाढ़ राहत सामग्री वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी पूरनपुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, मत्स्य अधिकारी व तहसीलदार पूरनपुर, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# ग्राम विकास के जन सूचना अधिकारियों के साथ राज्य सूचना आयुक्त का संवाद

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि गांव की साधारण दिखने वाली समस्याओं का समय से निदान ना हो तो अक्सर वह बड़े विवाद का कारण बनती है। इससे स्थानीय समाज और प्रशासन को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्राम विकास के जन सूचना अधिकारी ऐसी समस्याओं के समाधान में अपने स्तर से सहयोग कर सकते हैं। गरीब, वंचित और किसानों को न्यूनतम समय में जन सूचना देनी चाहिए। यह भी प्रयास होना चाहिए कि इसके लिए किसानों को परेशान ना होना पड़े। डॉ दिलीप अग्निहोत्री जौनपुर निरीक्षण भवन में ग्राम विकास के जन सूचना अधिकारियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सूचनाएं अधिक विस्तृत नहीं होनी चाहिए। बैठक में ग्राम्य विकास विभाग की तरफ से खंड विकास अधिकारी बक्शा पीयूष त्रिपाठी, करंजाकला रामदुलार, धर्मापुर कृष्ण मोहन यादव तथा जिला विकास कार्यालय के जनसूचना सहायक कमरुल आदि उपस्थित रहे।

# समाज सेविका मालती देवी का निधन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जनपद के खुटहन वैसाहुपुर ग्राम निवासी डा. वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चंद्र तिवारी की माता जी एवं समाज सेविका मालती देवी का निधन हो गया। उक्त जानकारी मिलते ही उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु लोगों का तांता लग गया। समाज सेविका मालती देवी का अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। मालती देवी के छोटे पुत्र उमेश चंद्र तिवारी ने मुखाग्नि दी। तत्पश्चात शोक संवेदना का का आयोजन उनके निज आवास पर किया गया। अनिल कुमार दुबे, प्रधानाचार्य डा. श्यामनारायण पांडेय, रामधनी तिवारी, राजेश तिवारी, सुभाष चन्द्र तिवारी प्रधानाचार्य डा. हरिश्चंद्र तिवारी, प्रभा शंकर, तारकेश्वर सिंह, संतोष पांडेय, सर्वजीत पांडेय आदि लोगों ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## फास्ट फॉरवर्ड

### खिड़की की ग्रिल उखाड़कर लाखों की चोरी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सरपतहा थाना क्षेत्र के रुधौली गांव में शुक्रवार रात खिड़की की ग्रिल उखाड़कर घर मे घुसे चोर पचास हजार नकदी समेत लगभग चार लाख रुपए के जेवर व कपड़े उठा ले गए। पीड़ित परिवार को घटना की जानकारी सुबह हुई। जिसके बाद पुलिस को मामले की लिखित सूचना दी गई। धीरज तिवारी शुक्रवार दिन में अपने छोटे पुत्र शिवम मिश्र के साथ अपने बड़े पुत्र हर्षित तिवारी को बाबतपुर एयरपोर्ट छोड़ने गए थे। वहां से शिवम रात नौ बजे तक घर वापस आ गया किंतु धीरज बाबा विश्वनाथ धाम जल चढ़ाने चले गए। इस दौरान घर पर उनकी माता शोभा देवी, पत्नी ममता व पुत्र शिवम सहित दो पुत्रियां संजना व प्रीती थीं। शिवम बाहर सो रहा था जब कि अन्य सभी लोग छत पर सो रहे थे। रात एक बजे के बाद किसी समय चोर खिड़की में लगी लोहे की ग्रिल उखाड़कर घर मे घुस गए और पीछे का दरवाजा खोल दिए। मकान के अंदर सभी कमरे खुले थे। चोरों ने एक-एक कर सभी कमरों को खंगाल डाला। शनिवार सुबह टूटी अटैचियां व बिखरे कपड़े आदि घर से दो सौ मीटर दूर एक धान के खेत मे मिले। इस संबंध में थानाध्यक्ष सरपतहां अरविंद सिंह का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है।



### शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण करें: सीडीओ

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता में तहसील मछलीशहर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष कुल 192 शिकायती प्रार्थना पत्र आए जिसे उन्होंने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए निर्देश दिया कि समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक लेते हुए त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण कराये तथा शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य प्राप्त कर ले। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष राजस्व विभाग, विकास विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों के शिकायत पत्र प्राप्त हुए। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द प्राथमिक स्तर पर ही निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार समस्त तहसील में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया और फरियादियों के शिकायती प्रार्थना पत्र को प्राप्त करते हुए उसका निस्तारण किये जाने की कार्यवाही हेतु सम्बन्धित विभाग को भेजकर निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मछलीशहर, तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### बिजली से झुलसे लाइनमैन की उपचार के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** मडियाहूं कोतवाली क्षेत्र के रामपुरनदी गांव में 24 जुलाई को शटडाउन लेकर तार खींच रहे युवक की करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया था। जिसकी दो-तीन की रात में यूनाइटेड मेडिकल कॉलेज प्रयागराज में उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि 24 जुलाई को सुदनीपुर फीडर से शटडाउन लेकर रामपुर नदी गांव में ठेकेदार के साथ बक्सा थाना क्षेत्र के खुशहुपुर गांव निवासी रमाकांत यादव पुत्र विक्रम यादव 25 वर्ष तार खींच रहा था। इसी बीच अचानक विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाने से रमाकांत झुलस गया। उसका उपचार प्रयागराज स्थित यूनाइटेड मेडिकल कॉलेज झलवा में चल रहा था। बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन उसके शव को लेकर मडियाहू कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पुलिस आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

### चौकी से भाग रहे दुराचार के आरोपित को पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सरायमोहिउद्दीनपुर पुलिस चौकी से शनिवार शाम फरार होने की कोशिश कर रहे दुराचार के आरोपित को पुलिस पुन: पकड़ने में कामयाब रही। हालांकि पुलिस इस तरह की किसी घटना से इनकार कर रही है। कथित तौर पर क्षेत्र के एक गांव निवासी दुराचार के आरोपित को पुलिस ने हिरासत में लेकर सरायमोहिउद्दीनपुर चौकी पर बैठाया था। शाम को वह मौका पाकर धीरे से चौकी से खिसक लिया। इस बीच जब किसी पुलिसकर्मी की निगाह उधर गई तो वह दिखाई नहीं पड़ा। जिसके बाद पुलिस के हाथ-पांव फूलने लगे। तत्काल चारों तरफ उसकी खोजबीन शुरू हुई और वह बाजार से ही पुन: पकड़ लिया गया। जिसके बाद तुरंत उसे थाने पर भेज दिया गया।

# सैलानियों की बढ़ती तादाद को देखते हुए बीच में टेंट सिटी बनाने की जरूरत

**राज्यमंत्री ने मुख्य सचिव को जिले कई विकास कार्यो के लिए सौपा पत्र**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



गन्ना विकास एंव चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार जनपद के विकास के लिए सत्त प्रयत्नशील है। उन्होनें जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चूका बीच में टेंट सिटी के निर्माण और रोडवेज के लिए भूमि उपलब्ध कराये जाने सहित कई विकास कार्यो को लेकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को पत्र सौपकर विकास कार्य कराये जाने की आवश्कता बताई है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने मुख्य सचिव को सौपे पत्र में कहा है कि जनपद की कलीनगर तहसील में जंगल में स्थित रमणीक स्थल के रूप में विकसित हो रहे चूका बीच पर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल विजिट कर चुके है इसके बाद इस स्थल पर देश विदेश से आने वाले सैलानियों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है। इससे जनपद को पर्यटन की दृष्टि से न सिर्फ विकास की राह आसान हो रही है बल्कि देश विदेश में जनपद पर्यटन के रूप में अपनी विशेष पहचान बना रहा है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने सैलानियों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत वहा पर सैलानियों के ठहरने के लिए टेंट सिटी बनाये जाने की आवश्यकता बताई है। इसी क्रम में कुकरीखेड़ा में स्थित प्राचीन शिव मन्दिर के जीर्णोद्धार के लिए पर्यटन विभाग से विकसित कराये जाने की भी अपेक्षा की है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने रोडवेज के लिए जमीन उपलब्ध कराये जाने हेतु लम्बित पड़े प्रस्ताव को अतिशीघ्र फाईनल करने और रोडवेज बस स्टेशन के लिए उपयुक्त जगह की उपलब्धता कराये जाने की जरूरत बताई है ताकि नये रोडवेज बस स्टेशन की स्थापना हो सके। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने अमरिया तहसील के सिचाई विभाग की भूमि पर अस्थाई रूप से काम कर रहे भूमि को सिचाई विभाग से राजस्व विभाग के लिए ट्रांसफर कराने की स्वीकृति प्रदान कराई है अब वहा नया तहसील भवन बनाने के लिए धन आवंटन एवं अन्य आवश्यकताऐं पूर्ण किये जाने की कार्यवाही करने की आवश्यकता बताई है। साथ ही यह भी कहा है कि सिंचाई विभाग के वर्तमान भवन में कार्यरत तहसील भवन के पुराने भवन की स्थिति यथावत रखी जाये।

# स्तनपान जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर तहसील परिसर पूरनपुर से किया रवाना



**जिलाधिकारी ने ईशर एकेडमी सकरिया में पौधा रोपण कर दिया हरियाली का संदेश**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त के अंतर्गत आज पूरनपुर में आयोजित तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की स्तनपान जागरूकता रैली को हरी जल्दी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा स्तनपान को बढ़ावा देने हेतु सुंदर रंगोली भी बनाई गयी। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने पूरनपुर हाईवे पर सकरिया स्थित ईशर एकेडमी परिसर में पौध रोपण कर हरियाली का संदेश दिया। पौधा रोपित करने के बाद पानी दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षित करने के लिए एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, वर्तमान समय में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान चल रहा है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राजेश कुमार शुक्ला, स्कूल प्रबन्ध तंत्र के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संवाद कार्यक्रम के दौरान महिला की सहभागिता पर दिया गया जोर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार में चाइल्ड हेल्पलाइन पीलीभीत के परामर्शदाता मानिष्ठा गुल अंसारी एवं केस वर्कर शिवम शर्मा द्वारा शुक्रवार को मरौरी ब्लॉक के ग्राम पंडरी में भारत सरकार के कार्यक्रम संकल्प-॥श्वङ्ख कार्यक्रम के माध्यम से समुदायक सहभागिता सप्ताह अंर्तगत स्कूली बच्चों एवं ग्रामीण महिलायों व किशोरियों के साथ संवाद कार्यक्रम कर महिलायों की सहभागिता पर जोर दिया गया। परामर्शदाता ने बताया, कि सामुदायिक विकास का मुख्य उद्देश्य लोगों को संगठित करना है, इससे लोगों को सामूहिक रूप से अपनी समस्याओं की पहचान करने, उन्हें प्राथमिकता देने और हल करने की योजना बनाने में मदद मिलती है, जिससे अंततः सतत विकास होता है। गाँव में चलने वाले स्वयं सहायता समूह इसका एक सफल उदाहरण है, एक सफल संगठन के माध्यम से समुदाय के सदस्य अपने समुदाय का समग्र विकास करते हैं, महिलायों अब किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से नहीं, उन्हें सही दिशा निर्देश और मार्गदर्शन मिले तो वह देश और परिवार का नाम रोशन करने में पीछे नही हटेंगी। पेरिश ओलंपिक 2024 में पहला मेडल एक महिला ने ही देश को दिला कर आगाज़ किया। केस वर्कर शिवम श्रम ने महिलाओं एवं छात्राओं को विभिन्न योजनाओं तथा पाक्सो एक्ट एवं जे जे एक्ट के साथ साथ मिशन शक्ति, बाल संरक्षण, बाल अधिकारों की जानकारी एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया, साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में जानकारी देते हुये विस्तार बताया गया कि किसी भी 0 से 18 वर्ष के बीच के बेबस, बेसहारा एवं मुसीबत में फंसे बच्चे को किसी भी प्रकार की मदद की आवश्यकता है, तो वह टोल फ्री नंबर 1098 पर फोन कर जानकारी दे सकता है, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन उत्पीड़न रोकथाम हेतु भी मदद ली जा सकती है। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090 एवं 1076 की जानकारी भी प्रदान की गई। दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह कुप्रथा को रोकने ,बाल श्रम को रोकने, नशा मुक्त समाज बनाने के लिए सभी ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

# आठ ट्रेनें निरस्त

## आठ का रूट और 20 का समय बदला




जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जैतीपुर रेलवे स्टेशन की डाउन लूप लाइन पर छह से 14 अगस्त तक नॉन इंटरलाकिंग काम होने से रेलवे ने सात दिन के लिए कानपुर-लखनऊ रेल मार्ग की आठ ट्रेनों को निरस्त किया है। आठ ट्रेनों का रूट बदला है और 20 के समय में बदलाव किया है।

मिशन रफ्तार के तहत ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने पर काम कर रहा रेलवे दो साल से लखनऊ-कानपुर रेल मार्ग का सुधार कार्य करा रहा है। जैतीपुर स्टेशन पर डाउन लूप लाइन पर नॉन इंटरलाकिंग का काम होना है।

इससे वीरांगना लक्ष्मीबाई ट्रेन तीन दिन और कासगंज-लखनऊ स्पेशल दो दिन के लिए निरस्त रहेगी। इसके अलावा रेलवे ने अलग-अलग दिनों में कुल आठ ट्रेनें निरस्त की हैं। साथ ही आठ ट्रेनों के रूट में बदलाव किया है। 20 ट्रेनों का समय बदला गया है।

ये सभी गाडियां कानपुर, उन्नाव, रायबरेली, प्रयागराज, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, अयोध्या व गोरखपुर रूट पर चलेंगी। वहीं, कानपुर-लखनऊ मेमू, पनवेल-गोरखपुर, स्वर्ण शताब्दी, राप्ती सागर सहित 20 ट्रेनों के समय में भी परिवर्तन किया गया है।

### निरस्त हुई ट्रेनें

- 01823 झांसी लखनऊ अनारक्षित एक्सप्रेस स्पेशल- 12 से 14 अगस्त तक
- 05380 कासगंज लखनऊ स्पेशल - 12 से 13 अगस्त तक
- 05379 लखनऊ कासगंज - 13 से 14 अगस्त तक
- 14124 कानपुर प्रतापगढ़ इंटरसिटी- 12 से 14 अगस्त तक
- 14123 प्रतापगढ़ कानपुर इंटरसिटी - 13 से 15 अगस्त तक
- 04296 कानपुर लखनऊ मेमू - 12 से 14 अगस्त तक
- 04297 लखनऊ कानपुर मेमू- 13 से 15 अगस्त तक
- 12180 लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस - 14 को निरस्त रहेगी

### इनका बदला रूट

- 12875 पुरी-आनंद बिहार नीलांचल एक्सप्रेस
- 12173 लोकमान्य तिलक-प्रतापगढ़ एक्सप्रेस
- 12589- गोरखपुर एक्सप्रेस
- 12103 - पुणे-लखनऊ एक्सप्रेस
- 09418- दानपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस
- 09417- अहमदाबाद एक्सप्रेस-दानपुर
- 09405- साबरमती एक्सप्रेस
- 09112- हरिद्वार एक्सप्रेस

"प्रशासक अवधि में एडीओ पंचायत द्वारा नियम विपरीत तरीके से धनराशि निकाले जाने के मामले की जांच के लिए जिलाधिकारी ने सात टीमें गठित कर दी हैं। टीम में शामिल अधिकारियों को जल्द जांच पूरी करके रिपोर्ट देने के आदेश दिए गए हैं।

प्रेम प्रकाश मीणा, सीडीओ

### पुरवा विकासखंड में नहीं निकाली गई धनराशि

जिले में ब्लाकों की कुल संख्या 16 है। इसमें पुरवा विकासखंड को छोड़कर शेष 15 ब्लाकों असोहा, औरास, मियागंज, हसनगंज, नवाबगंज, हिलौली, बीघापुर, सुमेरपुर, सिकंदरपुर कर्ण, सिकंदरपुर सरोसी, बिछिया, सफीपुर, फतेहपुर चौरासी, बांगरमऊ व गंजमुरादाबाद में एडीओ पंचायत ने अनियमित रूप से नियमों को ताक पर रखकर सरकारी धनराशि का आहरण कर लिया। बड़ी बात यह रही कि मामले में तत्कालीन उच्चाधिकारी भी आंखें बंद किए रहे।

### हर रोज जिले के 20,000 यात्रियों को होगी दिक्कत

ट्रेनें निरस्त होने, मार्ग परिवर्तन और समय बदलने से जिले से 20,000 यात्रियों को सफर के लिए लगभग रोजाना दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। खासकर इंटरसिटी और कानपुर-लखनऊ मेमू निरस्त होने रोजाना लखनऊ आवागमन करने वालों को बस या फिर अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ेगा।

# भाजपा नेता की कार की टक्कर से बाइक चालक का पैर कटा




जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**बीघापुर।** भाजपा नेता की तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में बाइक चला रहे युवक का दाहिने पैर कट कर बाइक में फंस गया। युवक के साले के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। दोनों को कानपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद भाजपा नेता दो गनर के साथ पैदल भाग निकला।

डाकतार कालोनी शुक्लागंज निवासी सूरज (26) पुत्र राजेंद्र चौरसिया अपने बड़े भाई नितिन के साले शुक्लागंज निवासी गोलू (28) पुत्र शिवप्रसाद के साथ शुक्रवार सुबह बारासगवर निवासी बहन मीनाक्षी के यहां नागपंचमी की त्योहारी देने जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे दोनों बाइक से लालकुआं-धानीखेड़ा मार्ग पर चिलौली मोड़ के पास पहुंचे थे, तभी सामने से आ रही भाजपा नेता अमितेश सिंह की फॉर्च्यूनर कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक चला रहे सूरज का दाहिना पैर (एड़ी के पास से) जूता सहित कटकर अलग हो गया और बाइक के लेग गार्ड में फंस गया। गोलू के सिर और दोनों पैर में गंभीर चोट आई हैं। हादसे के बाद कार सवार भाजपा नेता अपने दोनों गनर के साथ गाड़ी छोड़ कर मौके से पैदल भाग निकला। काफी देर तक दोनों घायल सड़क पर ही पड़े रहे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से दोनों को एंबुलेंस से बीघापुर के सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल फिर कानपुर हैलट रेफर कर दिया। हालांकि परिजन दोनों को निजी अस्पताल लेकर चले गए। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। परिजनों से तहरीर देने के लिए कहा गया है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### सांसद के करीबियों में है अमितेश

जिस भाजपा नेता की कार से हादसा हुआ है वह सांसद के करीबी लोगों में माना जाता है। लोग सांसद के प्रतिनिधि के रूप में भी जानते हैं। हालांकि सांसद साक्षी महाराज का कहना है कि जिले में उन्होंने किसी को अपना प्रतिनिधि घोषित नहीं किया है। भाजपा में भी अमितेश किसी पद पर नहीं है, वह सामान्य कार्यकर्ता है।

### दुर्घटना करने वाली गाड़ी पर छह चालान

भाजपा नेता की जिस कार से हादसा हुआ उस पर पहले से अलग-अलग स्थानों पर नियमों का उल्लंघन करने में छह चालान हो चुके हैं। इसमें 12 जुलाई 2022 को 2000, 12 सितंबर 2022 को 2000, 10 जनवरी 2023 को 2000, 22 फरवरी 2023 को 100 रुपये, 28 जुलाई 2024 और एक अगस्त 2024 को 2000-2000 रुपये के चालान हुए हैं।

# बिजली कटौती और उगाही के विरोध में भाकियू ने दिया धरना

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**हसनगंज।** आए दिन फॉल्ट रोस्टिंग के नाम पर हो रही बिजली कटौती और फर्जी बिल बनाकर की जा रही उगाही के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) गुट के पदाधिकारियों ने अधिशाषी अभियंता कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना दिया। भाकियू के तहसील प्रभारी अजय कुमार ने कहा कि हसनापुर, नई सराय, नवई, मौला, मोहान, धौरा सहित अन्य फीडरों से जुड़े गांवों में बिजली कटौती बढ़ती जा रही है। अधिकारी व कर्मचारी फाल्ट का बहाना बताते हैं। फर्जी बिल बनाकर भेजे जा रहे हैं और संशोधन के नाम पर जनता से उगाही की जाती है। अधिशासी अभियंता से एक सप्ताह में सुधार के लिए कहा। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया।

# एक माह में तीन बार जला कम क्षमता का ट्रांसफार्मर, लोगों ने लगाया जाम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बांगरमऊ। एक माह में तीन बार ट्रांसफार्मर फुंकने और विकल्प के तौर पर रखे गए ट्रांसफार्मर को हटाने से महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। कोतवाल ने बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की। 250 केवी क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगवाने का आश्वासन मिला तब लोग शांत हुए। इस दौरान करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

नगर के मोहल्ला कटरा की करीब 10 हजार की आबादी को बिजली आपूर्ति के लिए विभाग ने 160 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगा रखा है। अधिक लोड होने से ट्रांसफार्मर अक्सर फुंक जाता है। इससे लोगों को रात भर बिना बिजली के रहना पड़ता है। तीन दिन पहले यहां लगा ट्रांसफार्मर जल जाने पर बिजली विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए ट्रॉली ट्रांसफार्मर खड़ा कर आपूर्ति चालू की थी।

स्थानीय लोग यहां अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग कर रहे थे। शुक्रवार सुबह बिजली विभाग के कर्मचारी 160 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाकर यहां अस्थाई रूप से लगा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर हटा रहे थे। इसका महिलाओं ने विरोध करते हुए मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर कोतवाली प्रभारी राजकुमार पहुंचे और लोगों को शांत कराते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों से बात की। इसके बाद तय हुआ कि यह अस्थायी ट्रांसफार्मर नहीं हटाया जाएगा और दो दिन में इसके स्थान पर इतनी ही क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगवाया जाएगा। आश्वासन मिलने के बाद महिलाएं शांत हुईं। एसडीओ राम इकबाल ने बताया कि सभी जगह 250 केवीए के ट्रांसफार्मर लगने की प्रक्रिया चल रही है। यहां भी लगवाया जाएगा।

# मिट्टी खनन से हुए गड्ढे में भरा पानी, डूबने से बच्ची की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



हसनापुर गांव में खेत गई सात साल की बच्ची का शव सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में मिला। परिजनों और ग्रामीणों के मुताबिक, गड्ढा मिट्टी खनन से हुआ। पोस्टमार्टम में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के हसनापुर गांव निवासी नैन्सी (7) पुत्री सुनील गुरुवार को मां कमला के साथ खेत गई थी। काफी देर तक रुकने के बाद वह खेत से घर आने के लिए अकेली ही चल दी। तभी रास्ते में गड्ढे के पास उसका पैर फिसला और वह उसी में भरे पानी में चली गई। गड्ढा गहरा होने से उसी पानी में वह डूब गई। ग्रामीणों ने देर शाम शव उतराता देख परिजनों को बताया तो चीख पुकार मच गई। पुलिस ने जांच की और शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया। वह तीन बहनों में दूसरे नंबर की थी।

ग्रामीणों और परिजनों के मुताबिक, जिस गड्ढे में बच्ची गिरी वह मिट्टी खनन ने हुआ था। बेटी की मौत से परिजन बेहाल हैं। सोहरामऊ एसओ शरद कुमार ने बताया कि गड्ढा किसने खोदा इसकी जांच की जाएगी। परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# समस्याओं पर समाधान न मिलने पर किया सड़क जाम

जन एक्सप्रेस । मथुरा



किसानों ने महापंचायत का आयोजन किया। समस्याओं पर समाधान न मिलने पर गुस्साए किसानों ने सड़क जाम कर दी। इससे वाहनों की लंबी कतार लग गई।

उत्तर प्रदेश के मथुरा में शनिवार को किसानों ने महापंचायत का आयोजन किया। अपनी मांगों पर जिम्मेदारों से समाधान मांगा। समाधान तो दूर की बात किसानों की समस्या सुनने तक कोई नहीं पहुंचा। इससे आक्रोशित किसानों में बाजना तिराहे पर जाम लगा दिया। इससे सड़क पर दोनों ओर जाम लग गया।

मामला नौहझील ब्लॉक परिसर का है। यहां भारतीय किसान कल्याण समिति ने महापंचायत का आयोजन किया था। महापंचायत में थानों में भ्रष्टाचार, विद्युत विभाग द्वारा जनता का शोषण, यमुना एक्सप्रेसवे द्वारा जमीन अधिग्रहण (न्यायालय के आदेशानुसार 64 फीसदी मुआवजा तत्काल मिले) समेत एक्सप्रेसवे के सहारे सर्विस रोड बनाए जाने की मांगें रखी गईं।

इसमें सैकड़ों की संख्या में किसान शामिल हुए। उन्होंने अपनी अन्य समस्याएं भी रखीं। दोपहर 2.40 बजे तक महापंचायत में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी किसानों की बात सुनने नहीं पहुंचा। इससे किसानों में आक्रोश फैल गया। वह बाजना तिराहे पहुंचे और सड़क जाम कर दी। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

किसान नेता रामबाबू सिंह कटैलिया ने बताया कि पिछले माह तीन जुलाई को भी समस्याओं को लेकर महापंचायत हुई थी। इसमें एडीओ पंचायत, एसडीओ आदि अधिकारी मौके पर पहुंचे। समस्याओं के समाधान की बात कही। एक माह बीतने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। मौके पर अभी कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा है। इससे जाम लगाया गया है।

# अधूरी तैयारियों के बीच थर्ड लाइन पर हुआ स्पीड ट्रायल

### 120 किमी तक नहीं पहुंच पाई ट्रेन की स्पीड

जन एक्सप्रेस । मथुरा



ट्रेनों के बेहतर संचालन के लिए शुक्रवार को मथुरा जंक्शन से बाद स्टेशन तक थर्ड लाइन पर अधूरी तैयारियों के बीच ट्रेन का स्पीड ट्रायल किया गया, लेकिन इंजीनियरिंग कॉशन होने की वजह से ट्रेन की स्पीड 120 किमी तक नहीं पहुंच पाई। ट्रेन 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से थर्ड लाइन पर दौड़ी।

शुक्रवार को पलवल से कीठम तक डाली गई थर्ड लाइन का निरीक्षण करने के लिए उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता एके अग्रवाल निरीक्षण यान से मथुरा जंक्शन पहुंचे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ यान से थर्ड लाइन की ओएचई लाइन का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही यान में सवार होकर थर्ड लाइन पर जंक्शन से बाद स्टेशन तक ट्रेन का स्पीड ट्रायल किया।

थर्ड लाइन पर 120 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से स्पीड ट्रायल किया जाना था, लेकिन इंजीनियरिंग विभाग का कॉशन होने की वजह से 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक ही ट्रायल हो पाया। अधिकारियों के मुताबिक ट्रायल काफी हद तक सफल रहा। स्टेशन निदेशक संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पलवल से कीठम स्टेशन तक थर्ड लाइन डालने का काम पूरा हो चुका है। आने वाले दिनों में कीठम से भांडई स्टेशन तक थर्ड लाइन को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। इसके लिए जरूरी विभागीय औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

काम पूरा होने के बाद ट्रेनों का संचालन पहले से बेहतर हो जाएगा। ट्रेनों की रफ्तार बढ़ जाएगी। तीनों लाइन पर एक साथ ट्रेनों का संचालन करने में भी कोई दिक्कत नहीं होगी। इसका पूरा फायदा रेल यात्रियों को मिलेगा। अगर एक लाइन बाधित भी होगी तो अन्य दोनों लाइनों पर ट्रेन का संचालन किया जा सकेगा।

# अंजान युवकों पर भरोसा करना पिता-पुत्र को भारी पड़ गया

जन एक्सप्रेस । मथुरा

मथुरा से बेटे का एडमिशन कराने लखनऊ जा रहे पिता-पुत्र ट्रेन में जहरखुरानी का शिकार हो गए। जहरखुरान उन्हें नशीली चाय पिलाने के बाद सारा सामान ले उड़े।

ट्रेन में सफर के दौरान अंजान युवकों पर भरोसा करना पिता-पुत्र को भारी पड़ गया। जंक्शन जीआरपी थाने पर मामले की शिकायत लेकर पहुंचे छाता निवासी किसान सुखदेव पांडेय ने बताया कि वह बेटे भरत पांडेय का सीएमएस ईडी कोर्स में प्रवेश कराने के लिए जानकीपुरम लखनऊ जा रहे थे। 31 जुलाई की रात साढ़े 11 बजे बेटे के साथ जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या आठ से मथुरा-छपरा एक्सप्रेस ट्रेन के जनरल कोच में सवार हुए। उनके सामने की सीट पर दो युवक बैठे थे। ट्रेन आगे बढ़ने पर युवकों ने बातचीत कर उनसे दोस्ताना संबंध बना लिए। उन्हें पीने के लिए चाय दी। भरोसे में आकर उन्होंने चाय पी ली। इसके बाद दोनों अचेत हो गए। 1 अगस्त को ट्रेन के लखनऊ बादशाह नगर पहुंची तो उन्हें होश आया। उनका सारा सामान चोरी हो चुका था। बैग में 25 हजार की नकदी और बेटे के सभी शैक्षणिक प्रमाण रखे थे। उनके दोनों मोबाइल फोन भी चोरी हो चुके थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पालिका ने फुटपाथ से 30 दुकानों को हटवाया

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। बांगरमऊ। नगर में जगह-जगह लोगों ने सड़क किनारे दुकानें लगा रखी हैं। इससे आए दिन नगर में जाम की समस्या रहती है। शुक्रवार को नगर पालिका ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। बांगरमऊ नगर पालिका प्रशासन ने शुक्रवार को नानामऊ तिराहा से अभियान की शुरुआत की । टीम को देख अतिक्रमण किए दुकानदार अपना सामान समेटने लगे। ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि नानामऊ तिराहे से लेकर लखनऊ रोड तक सड़क के किनारे अतिक्रमण किए 30 दुकानें हटवाई गई हैं। दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई है। इसके बाद भी अतिक्रमण किया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के अभियंता प्रवीण कटियार, लिपिक रवींद्र कुमार व पालिका कर्मी मौजूद रहे।

### सिविल सर्विसेज में चयन के लिए ट्रायल नौ अगस्त से

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। खेल निदेशालय की ओर से सरकारी विभाग के खिलाड़ियों का सिविल सर्विसेज में चयन के लिए ट्रायल कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। ट्रायल में वॉलीबॉल, टेनिस, तैराकी बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी, शतरंज, भारोत्तोलन सहित कुल 18 खेलों को शामिल किया गया है। जिला स्तरीय ट्रायल नौ अगस्त को बाईपास स्थित पं. दीनदयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 10 बजे से होंगे। वहीं मंडल स्तरीय ट्रायल लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश सब्बरवाल ने बताया कि सिविल सर्विसेज के ट्रायल में केवल पूर्ण रूप से सरकारी कर्मचारी ही प्रतिभाग कर सकते हैं। इसमें आटोनोमस बाडी जैसे परिषद, बोर्ड, नगर निगम, पुलिस विभाग कर्मचारी,अध्यापक और सहायक अध्यापक भाग नहीं ले सकते हैं। बताया कि जिला स्तर पर भाग लेने के लिए कर्मचारियों व अधिकारियों को विभाग द्वारा जारी कार्यमुक्त प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को ड्यूटी पर ही माना जाएगा। उनके यात्रा भत्ते आदि का भुगतान विभाग द्वारा किया जाएगा।

### प्रशासक अवधि में निकाले 7.54 करोड़ की जांच करेंगी सात टीमें

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। प्रशासक अवधि में सहायक विकास अधिकारियों (एडीओ) पंचायत द्वारा निकाले गए 7.54 करोड़ की जांच के लिए डीएम ने सात टीमें गठित की हैं। टीम को प्रशासक अवधि में कराए गए भुगतान की जांच करके जल्द रिपोर्ट देने के आदेश दिए गए हैं। जनपद में विकासखंड 16 व ग्राम पंचायतों की संख्या 1037 हैं।

पिछले कार्यकाल के प्रधानों का चार्ज 25 दिसंबर 2020 रात 12 बजे वापस ले लिया गया था। कार्यकाल खत्म होने के बाद रात 12 बजे प्रधानों को विभागीय साइट से अनरजिस्टर्ड कर दिया गया था। साथ ही सभी के भुगतान संबंधित डोंगल जमा करा लिए गए थे। इसके बाद पंचायतों में सहायक विकास अधिकारियों को प्रशासक तैनात कर दिया गया था। फिर त्रिस्तरीय चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई थी। इसी बीच पद के परिणाम जारी होने और नवनिर्वाचित प्रधानों के शपथ ग्रहण के बीच पांच मई से 25 मई 2021 के बीच प्रशासकों ने नियमों को ताक पर रखकर 7.54 करोड़ रुपये ग्राम निधि खाते से निकाल लिए थे। मामला शासन के संज्ञान में आया तो जिला प्रशासन को जांच कराने के आदेश दिए। डीएम गौरांग राठी ने मामले की जांच के लिए सात टीमें गठित की हैं।

# 22 साल के शातिर अपराधी फौजी, गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस । मथुरा

मथुरा में महज 22 साल की उम्र में 17 आपराधिक वारदातों को अंजाम देने के आरोपी फैजी को जंक्शन जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से टीम ने चुराया गया मोबाइल फोन बरामद किया है। फैजी को जीआरपी टीम ने जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर आठ से गिरफ्तार कर लिया है। अलीगढ़ निवासी फैजी लंबे समय से जीआरपी के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था। थानाध्यक्ष संदीप तोमर ने बताया कि उसके खिलाफ चोरी, मारपीट, एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में अलग अलग थानों में कुल 17 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### ब्रांडेड जूते, कपड़े पहनने का शौक

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि पुलिस ब्रांडेड कपड़े और जूते पहनने का शौक है। वह टिकट लेकर ट्रेन में सफर करता और रात होते ही साथियों को लेकर ट्रेन के अलग-अलग कोच में घूमकर यात्रियों की रेकी करता था। सोते हुए यात्रियों का सामान उड़ाकर फरार हो जाता था।

### ससुराल वालों ने विवाहिता को बेरहमी से पीटा

जन एक्सप्रेस । मथुरा। मथुरा के वृंदावन की रहने वाली विवाहिता को ससुरालियों ने बंधक बनाकर उसकी बेरहमी से पिटाई की। उसके बाल भी काट दिए। विवाहिता ने बमुश्किल अपनी जान बचाई। विवाहिता ने सास, ससुर, जेठ, जेठानी और अपनी बुआ पर बाल काटने और दहेज मांगने का भी आरोप लगाया है। नगर की कांशीराम कॉलोनी की युवती की शादी 13 फरवरी 2024 को कोतवाली मथुरा के रहने वाले युवक से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल के लोग दहेज के लिए उसे परेशान करने लगे। मांगे पूरी नहीं किए जाने पर 29 जुलाई को ससुरालीजनों उसे कमरे में बंद करके बेरहमी से पिटाई की। उसके बाल भी काट डाले।

### नाबालिग बेटी ने गुस्से में छोड़ा घर

एक्सप्रेस । मथुरा। हैदराबाद के हाईप्रोफाइल परिवार की नाबालिग बेटी गुस्से में घर छोड़ आई। जानकारी होने पर पिता ने रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर जानकारी दी। इसके बाद जंक्शन जीआरपी ने नाबालिग को चेन्नई एक्सप्रेस ट्रेन से बरामद कर लिया। मामला बृहस्पतिवार रात का है। जंक्शन जीआरपी को कंट्रोल रूम से जानकारी मिली कि हैदराबाद निवासी नाबालिग घर से नाराज होकर चेन्नई एक्सप्रेस ट्रेन में जा रही है। ट्रेन के जंक्शन पर पहुंचने से पहले ही जीआरपी टीम अलर्ट हो गई। थानाध्यक्ष संदीप तोमर ने बताया कि एक-एक कर ट्रेन की कई बोगियों की तलाशी ली गई। इसके बाद एक बोगी से नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया गया। पूछताछ करने पर नाबालिग ने बताया कि गुस्सा आ जाने पर वह घर से दूर जाने के लिए ट्रेन में सवार हो गई थी।

# भाकियू चढ़ूनी ने ठाकुरद्वारा पेपर मिल की जमीन को लेकर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद

मुरादाबाद में भाकियू (चढ़ूनी) ने ठाकुरद्वारा में 804 एकड़ अधिग्रहीत की गई भूमि को वापस कराने की मांग की। किसानों नेताओं ने इसको लेकर कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन भी किया। इस बीच एडीएम सिटी ज्योति सिंह किसानों से ज्ञापन लेने के लिए गई लेकिन उनकी नेताओं से नोंकझोक हो गई। भाकियू (चढ़ूनी) ने ठाकुरद्वारा में बिरला ग्रुप के लिए 804 एकड़ अधिग्रहीत की गई भूमि को वापस कराने की मांग को लेकर कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। बताया कि इस मामले में किसानों के पक्ष में कोर्ट ने निर्णय दिया है। आरोप लगाया कि बिरला ग्रुप ने इस मामले में कोई कागजात नहीं दिखाया है। प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं की एडीएम सिटी से नोंकझोक भी हुई। भाकियू चढ़ूनी के प्रदेश अध्यक्ष सूबे सिंह डागर के नेतृत्व में किसान शनिवार को कलक्ट्रेट पर पहुंचकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ठाकुरद्वारा क्षेत्र के पांच गांवों की 804 एकड़ जमीन 1989 में अधिग्रहीत की गई थी। इस मामले को लेकर किसान कोर्ट में गए थे। किसानों के पक्ष में फैसला आया था। इसी आदेश के खिलाफ बिरला ग्रुप अदालत में गया है। 15 सालों से जमीन पर किसानों का कब्जा है। आरोप लगाया कि बिरला ग्रुप अदालत के आदेश के बगैर जमीन को खाली कराना चाहता है।

इस जमीन पर अधिग्रहण कानून 2013 को आधार मानते हुए प्रभावित भूमि किसानों को वापस होनी चाहिए। बिरला ग्रुप प्रशासन के माध्यम से जमीन पर कब्जा करना चाहता है।

### नोंकझोक के बाद डीएम को बुलाने पर अड़ गए

धरना प्रदर्शन के दौरान एडीएम सिटी ज्योति सिंह ज्ञापन लेने के लिए आई। इस दौरान किसान नेताओं से उनकी नोंकझोक हो गई। किसान नेता डीएम को ज्ञापन देने के लिए अड़ गए। इस बीच डीएम अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल के आने पर किसान नेताओं ने उनसे बातचीत की। किसान नेताओं ने इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

# सड़क कटने से 12 गांवों का टूट गया संपर्क, अलर्ट जारी

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद

मूंढापांडे क्षेत्र में गोविंदपुर कला मार्ग पर विकनपुर के नजदीक रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से नदी का सहायक नाला उफान पर आ गया। इससे करीब 500 मीटर सड़क बह गई। इसके कारण 12 गांवों का संपर्क टूट गया। पीडब्ल्यूडी के अनुरोध पर डीएम अनुज सिंह ने मौके पर आवागमन बंद कराने के साथ पुलिस फोर्स तैनात करा दी। दलपतपुर-गोविंदपुर कला मार्ग पर विकनपुर के नजदीक रामगंगा का सहायक नाला और पुल है। पुल के नजदीक पानी के तेज बहाव के कारण सड़क कट गई। इससे तमाम गांवों का आवागमन बंद हो गया। इन क्षेत्रों में राहत सामग्री भी पहुंचाना मुश्किल हो गया है। रामगंगा से निकला नाला जगरम्पुरा गांव स्थित रझेड़ा नदी तक जाता है। पिछले एक सप्ताह से नाला उफान मार रहा था। कटान को देखते हुए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बुधवार को बालू भरे सीमेंट के कट्टे और बांस लगवाकर कटान रोकने का प्रयास किया था, लेकिन तेज बारिश के बाद नाला उफान पर आ गया और बहार अधिक होने के कारण सड़क कट गई। सड़क कटने से विकनपुर, लोधीपुर, गतौरा, सुल्तानपुर पट्टी, रसूलपुर नगरी, मोहम्मदपुर, दौलतपुर अजमतपुर, लालाटीकर, रौंडा, झौंडा समेत 12 गांवों का आवागमन बंद हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस के साथ लेखपाल और पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता सुनील सागर मौके पर पहुंचे।

# दारचा के पास बादल फटने से दो पुल क्षतिग्रस्त, पांच दिन बारिश का अलर्ट



**दारचा-शिंकुला मार्ग पर दारचा से लगभग 16 किमी दूर बादल फटने से पुराने व नए दोनों पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। केलांग

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में बारिश का कहर लगातार जारी है। समेज, बागीपुल, राजबन, चंबा व सगनम गांव के बाद अब दारचा के पास बादल फटने से तबाही हुई है। लाहौल-स्पीति के दारचा-शिंकुला मार्ग पर दारचा से लगभग 16 किमी दूर बादल फटने से पुराने व नए दोनों पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। फिलहाल शिंकुला दर्रा होकर दारचा से जांस्कर सड़क यातायात के लिए बंद है। सीमा सड़क संगठन मार्ग को बहाल करने में जुटा है। लेकिन नुकसान अधिक होने से करीब 2-3 दिन का समय लग सकता है। जिला प्रशासन ने लोगों से कहा है कि इस मार्ग पर यात्रा करने से बचें और दारचा से शिंकुला सड़क का उपयोग तब तक न करें जब तक इसे उपयोग के लिए सुरक्षित घोषित न कर दिया जाए। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने कहा कि दारचा-शिंकुला मार्ग बंद हो गया है। उधर, समेज, बागीपुल व राजबन में बादल फटने के दो दिन बाद भी 46 लोगों का पता नहीं चल पाया है। रामपुर के समेज में 36 लोग लापता हैं। अब तक सात शव मिल चुके हैं।

### कहां कितना न्यूनतम तापमान

शिमला में न्यूनतम तापमान 17.0, सुंदरनगर 22.1, भुंतर 20.8, कल्पा 15.0, धर्मशाला 19.5, ऊना 24.2, नाहन 23.9, पालमपुर 18.5, सोलन 21.5, मनाली 18.1, कांगड़ा 22.2, मंडी 23.9, बिलासपुर 24.8, हमीरपुर 25, चंबा 23.6, कुफरी 14.8, नारकंडा 13.0, धौलाकुआं 26.7, समदो 16.2, पांवटा साहिब 26.0, देहरा गोपीपुर 26.0 व सैंज में 20.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### कहां कितनी बारिश दर्ज

कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश दर्ज की गई। जोगिंद्रनगर में 85.0, गोहर 80.0, शिलारू 76.4, पांवटा 67.2, पालमपुर 57.2, धर्मशाला 55.6, चौपाल 52.0, कांगड़ा 46.3, नाहन 24.4, बिलासपुर 43.5, सराहन 15.0, बरठीं 15.4 व भरमौर में 16.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

### राज्य में 191 सड़कें ठप

उधर, जगह-जगह भूस्खलन से राज्य में शनिवार सुबह 10:00 बजे तक तीन नेशनल हाईवे व 191 सड़कें यातायात के लिए ठप रहीं। इसके अतिरिक्त 294 बिजली ट्रांसफार्मर व 120 जल आपूर्ति स्कीमें भी बाधित हैं। सबसे ज्यादा सेवाएं चंबा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, मंडी व शिमला में प्रभावित हैं।

### जानें मौसम पूर्वानुमान

वहीं मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य के कुछ भागों में पांच दिन भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार राज्य के कुछ स्थानों पर 3 से 7 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट है। राज्य के कुछ स्थानों पर 9 अगस्त तक मौसम खराब बना रहने का पूर्वानुमान है।

### काजा के सगनम में बादल फटा, महिला की मौत

काजा उपमंडल के सगनम गांव में शुक्रवार शाम करीब पांच बजे बादल फटने से एक महिला की मौत हो गई। बादल फटने से बाढ़ के साथ आए मलबे में एक गाड़ी दब गई। मृतक महिला की पहचान जंगमो (55) पत्नी पदम दुर्जे निवासी सगनम के रूप में हुई है। अतिरिक्त उपायुक्त की अगुवाई में उपमंडलाधिकारी नागरिक, नायब तहसीलदार और भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल की एक टुकड़ी और पुलिस दल बचाव कार्य में जुट गए हैं।

# मैतेई-हमार समुदाय में शांति समझौते के 24 घंटे के अंदर जिरीबाम में हिंसा, चलीं गोलियां, घरों में आगजनी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल

एक ओर मणिपुर के जिरीबाम में शांति कायम करने को लेकर मैतेई और हमार समुदाय के बीच सहमति बनी। वहीं सहमति के 24 घंटे के भीतर जिरीबाम में हिंसा हो गई। यहां एक मैतेई बस्ती में गोलियां चलाई गईं। वहीं लालपानी गांव में एक घर में आग लगा दी गई। दरअसल मैतेई और हमार समुदाय के प्रतिनिधि मणिपुर के हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले में हालात सुधारने और शांति बहाल करने के लिए साथ काम करने को सहमत हो हुए थे। असम के कछार में गुरुवार को सीआरपीएफ सुविधा केंद्र में आयोजित बैठक में आमने-सामने खड़े दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था। इसमें तय किया गया कि दोनों पक्ष सामान्य स्थिति लाने, आगजनी तथा गोलीबारी की घटनाओं को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। दोनों पक्ष जिरीबाम जिले में तैनात सभी सुरक्षा बलों की मदद करेंगे। दोनों पक्ष नियंत्रित और समन्वित आवाजाही को सुविधाजनक बनाएंगे। सभी सहभागी समुदायों के प्रतिनिधियों ने इस दौरान वादों से जुड़ा बयान जारी किया। इस पर सभी के हस्ताक्षर थे। इस सहमति के 24 घंटे के अंदर जिरीबाम के लालपानी गांव में हिंसा हुई। गांव के एक घर में शुक्रवार रात हथियारबंद लोगों ने आग लगा दी। साथ ही गांव को निशाना बनाकर कई राउंड गोले दागे और गोलियां भी चलाईं। घटना के बाद सुरक्षा बलों को इलाके में भेजा गया।

### मणिपुर में हिंसा कब शुरू हुई?

दरअसल, पिछले साल मई से इंफाल घाटी के मैतेई और आसपास की पहाड़ियों पर स्थित कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

### जिरीबाम में हिंसा कब से शुरू हुई?

जातीय रूप से विविधतापूर्ण जिरीबाम इंफाल घाटी और आसपास की पहाड़ियों में जातीय हिंसा से काफी हद तक अछूता था। हालांकि, इस साल जून में खेतों में एक किसान का क्षत-विक्षत शव मिलने के बाद यहां भी हिंसा शुरू हो गई। दोनों पक्षों की ओर से की गई आगजनी की घटनाओं के कारण हजारों लोगों को अपने घर छोड़कर राहत शिविरों में जाना पड़ा। यहीं जुलाई के मध्य में सुरक्षा बलों की गश्त के दौरान आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया था। इस दौरान सीआरपीएफ के एक जवान की जान चली गई थी।

# अंतरिक्ष से भारत के ऊपर दिखा कार्बन-डाइऑक्साइड का गुबार, नासा के वीडियो में डराने वाला नजारा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली





नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में नासा ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें हमारे वायुमंडल में कार्बन डाइ ऑक्साइड गैस को दिखाया गया है। वीडियो में दिख रहा है कि हमारे वायुमंडल में किस तरह से कार्बन डाइ ऑक्साइड गैस घूम रही है। यह एक एनिमेटेड वीडियो है, जो हमारे वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों के जटिल पैटर्न को दर्शा रही है।

### नासा ने सोशल मीडिया पर साझा किया वीडियो

नासा ने एक उच्च रिजॉल्यूशन वाला मौसम पुनर्विश्लेषण मॉडल त्श्वह्र्स तैयार किया है। यह एक सुपरकंप्यूटर से संचालित मॉडल है, जिसे वायुमंडल के बारे में जानकारी लेने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। एजेंसी ने बताया कि यह मॉडल जमीनी अवलोकनों और उपग्रह उपकरणों से अरबों डेटा बिंदु खींचता है और इसका रिजॉल्यूशन भी सामान्य मौसम मॉडल की तुलना में 100 गुना अधिक है। वीडियो में दिख रहा है कि पृथ्वी के वायुमंडल में नारंगी रंग का धुआं ग्रह के चारों ओर घूमते हुए दिख रहा है। वीडियो में भारत और भारतीय उपमहाद्वीप से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसों को भी देखा जा सकता है। नासा का कहना है कि भारत के ऊपर कार्बन डाइ ऑक्साइड की सांद्रता 420-460 पीपीएम है, जो कि खतरनाक स्तर है। अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि कार्बन डाइ ऑक्साइड धुएं, बिजली संयंत्रों से, जंगल की आग और शहरों में गाड़ियों को धुएं आदि से निकलती है। नासा के वैज्ञानिकों ने बताया कि चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण एशिया में कार्बन डाइ ऑक्साइड बनने की सबसे बड़ी वजहें बिजली संयंत्र, उद्योगों और कारों-ट्रकों आदि का धुआं है। पौधों द्वारा कार्बन डाइ ऑक्साइड का अवशोषण किया जाता है। कार्बन डाइऑक्साइड एक ग्रीनहाउस गैस है और पृथ्वी के बढ़ते तापमान की इसे प्रमुख वजह माना जाता है। कार्बन डाइ ऑक्साइड हमारे ग्रह को गर्म करती है। हालांकि धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए कार्बन डाइ ऑक्साइड जरूरी है क्योंकि यह हमारे वायुमंडल को गर्म रखती है, लेकिन इसका बहुत ज्यादा उत्पादन ग्रह को गर्म भी करता है।

# युद्ध की आहट : अमेरिका ने पश्चिम एशिया भेजे युद्धपोत और लड़ाकू विमान, इस्राइल-ईरान तनाव ने बढ़ाई चिंता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने भी क्षेत्र में अपनी सैन्य तैनाती बढ़ाने का फैसला किया है। अमेरिका ने पश्चिम एशिया में और युद्धक जहाज और लड़ाकू विमान तैनात करने का फैसला किया है। अमेरिका का यह फैसला ऐसे वक्त आया है, जब ईरान ने इस्राइल पर हमले की धमकी दी है और दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। वहीं हिजबुल्ला भी अपने कमांडर की मौत के बाद से इस्राइल पर हमले की फिराक में है।

### पेंटागन की अधिकारी सबरीना सिंह ने की पुष्टि

अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन की उप-सचिव सबरीना सिंह ने एक बयान में कहा कि %रक्षा विभाग लगातार ऐसे कदम उठाता रहेगा, जिससे ईरान और ईरान के सहयोगियों द्वारा क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने की संभावना को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि 7 अक्तूबर के हमास के हमले के बाद से रक्षा सचिव ने बार-बार कहा है कि अमेरिका पश्चिम एशिया में अपने हितों की सुरक्षा करेगा और साथ ही इस्राइल की सुरक्षा का अपना पक्का वादा भी निभाएगा।

### युद्धपोत के साथ ही लड़ाकू विमानों की स्कवॉड्रन भी भेजी

पेंटागन ने पश्चिम एशिया में मौजूद अपने युद्धपोत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट की जगह लेने के लिए अपने युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को भेजा है। यह युद्धपोत के साथ ही लड़ाकू विमानों से युक्त स्ट्राइक ग्रुप भी पश्चिम एशिया भेजा गया है। साथ ही अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने बैलिस्टिक मिसाइल से लैस क्रूजर और विध्वंसक जहाज भी यूरोपीय कमांड के अंतर्गत पश्चिम एशिया भेजने का आदेश दिया है। साथ ही लड़ाकू विमानों की एक स्कवॉड्रन भी भेजी जा रही है।

### इस्राइल ईरान तनाव से पूरे पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने का खतरा

गौरतलब है कि बीते दिनों इस्राइल के गोलन हाइट्स वाले इलाके में हुए एक रॉकेट हमले में 12 इस्राइली किशोरों और बच्चों की मौत हो गई थी। इसके जवाब में हाल ही में इस्राइल ने बेरूत में हमला कर हिजबुल्ला के कमांडर फौद शुक्र को ढेर कर दिया था। इसके कुछ ही घंटों बाद ईरान में एक इमारत को निशाना बनाकर किए गए हमले में हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हानिया की मौत हो गई थी। इसका आरोप भी इस्राइल पर लगा है। इस घटना के बाद ईरान ने इस्राइल को हमले की धमकी दी है। वहीं हिजबुल्ला भी बदला लेने की फिराक में है। यही वजह है कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है और इस्राइल हमास युद्ध के अब पूरे क्षेत्र में फैलने का खतरा पैदा हो गया है।

# तबाही के बाद पुनर्वास पर फोकस

## सीएम पिनाराई विजयन बोले, वायनाड को पैरों पर खड़ा करने के लिए केरल एकजुट

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम



केरल के वायनाड में हुए भूस्खलन को लेकर सीएम पिनाराई विजयन ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान सीएम ने कहा कि भूस्खलन प्रभावित वायनाड में राहत और बचाव कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। शुरुआती चरण में सभी को सुरक्षित स्थान पर लाने पर फोकस किया गया था। बचाव टीम ने अपनी जान की परवाह न किए बगैर काम किया और मुश्किल परिस्थितियों में भी लोगों को बचाया।

### वायनाड को खड़ा करने के लिए केरलवासी एकजुट

मुख्यमंत्री विजयन ने कहा कि हमने अभी तक 148 शव बरामद किए हैं। 10,042 लोग 93 राहत कैंपों में रह रहे हैं। अभी भी चलियार नदी और भूस्खलन प्रभावित इलाकों में तलाशी अभियान चल रहा है। रेस्क्यू अभियान में 1,419 लोग लगे हुए हैं। ड्रोन आधारित रडार जल्द ही तैनात किए जाएंगे। वायनाड को फिर से अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए केरल के लोग एकजुट हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि 67 शव ऐसे हैं, जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पंचायतों को शवों के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी दी गई है। शवों को सर्व धर्म प्रार्थनाओं के बीच दफनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राहत और बचाव कार्यों में लगे लोगों की तारीफ की और कहा कि पुल निर्माण के बाद बचाव कार्यों में तेजी आई। सीएम ने विस्थापितों को पुनर्वास पर कहा कि पुनर्वास कार्यक्रम प्रभावी तरीके से होना चाहिए। पूरे रिहायशी इलाके के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। पुनर्वास का काम तेजी से किया जाएगा। वेल्लारमाला स्कूल के भूस्खलन में तबाह होने पर सीएम ने कहा कि बच्चों की शिक्षा को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा और उन्हें शिक्षा का विकल्प दिया जाएगा। केरल के वायनाड जिले में मंगलवार को मेप्पाडी इलाके के पास विभिन्न पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा के कारण 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सैंकड़ों लोग घायल हैं। सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ ही स्थानीय पुलिस भी राहत और बचाव कार्यों में जुटी हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन अब अंतिम चरण में पहुंच गया है।

# ओलंपिक मैच देखने पेरिस जाना चाहते थे सीएम मान, केंद्र ने नहीं दी अनुमति

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ओलंपिक मैच में हॉकी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने नहीं जा पाएंगे। भारतीय हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है और सीएम मान क्वार्टर फाइनल देखने के लिए पेरिस जाना चाहते थे। लेकिन सूत्रों के अनुसार सुरक्षा कारणों का हवाला देकर केंद्र की तरफ से उनकी विजिट को मंजूरी नहीं दी गई है। जानकारी के अनुसार सीएम मान को 3 से 9 अगस्त तक पेरिस जाना था और इसके लिए विदेश मंत्रालय से मंजूरी मांगी गई थी। अब केंद्र की तरफ से मुख्यमंत्री कार्यालय को जानकारी दी गई कि इस यात्रा के लिए अनुमति नहीं दी गई है। उच्च स्तर के राजनेताओं को विदेश यात्रा के लिए विदेश मंत्रालय से इजाजत लेनी होती है, लेकिन सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए विदेश मंत्रालय ने सीएम मान को पेरिस जाने की मंजूरी देने से इनकार कर दिया है।

# दलजीत सिंह चौधरी को बीएसएफ का अतिरिक्त प्रभार



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

गृह मंत्रालय ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी को अगले आदेश तक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। यह कदम बीएसएफ डीजी नितिन अग्रवार को उनके राज्य कैडर में वापस भेजे जाने के एक दिन बाद उठाया गया। 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह ने इस साल जनवरी में एसएसबी महानिदेशक के तौर पर पदभार संभाला था। केंद्र सरकार ने 19 जनवरी को उन्हें एसएसबी का महानिदेशक नियुक्त किया था। एसएसबी महानिदेश नियुक्त होने से पहले वह सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक पद पर तैनात थे।

### केंद्र सरकार ने नितिन अग्रवाल को तत्काल प्रभाव से हटाया

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक (डीजी) नितिन अग्रवाल और उनके डिप्टी विशेष डीजी (पश्चिम) वाईबी खुरानिया को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, दोनों के मूल राज्य कैडर में वापस भेज दिया गया है। नितिन अग्रवाल 1989 बैच के केरल कैडर के अधिकारी हैं, जबकि वाईबी खुरानिया 1990 बैच के ओडिशा कैडर के अधिकारी हैं। अग्रवाल ने पिछले साल जून में सीमा सुरक्षा बल के प्रमुख का कार्यभार संभाला था। वहीं, विशेष डीजी (पश्चिम) के रूप में खुरानिया पाकिस्तान सीमा पर बल का नेतृत्व कर रहे थे। नियुक्ति संबंधी कैबिनेट समिति (एसीसी) ने अलग-अलग जारी आदेशों में कहा कि उन्हें तत्काल प्रभाव से और समय से पहले वापस भेजा जा रहा है। करीब 2.65 लाख कर्मियों वाले सुरक्षा बल बीएसएफ पर पश्चिम में पाकिस्तान और पूर्व में बांग्लादेश के साथ लगने वाली भारतीय सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के दो अफसरों को वापस राज्य कैडर में भेजने का फैसला ऐसे समय में आया है, जब बीएसएफ के नियंत्रण वाली भारत-पाकिस्तान सीमा के करीब जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। इस साल ही राजौरी, पुंछ, रियासी, उधमपुर, कठुआ और डोडा जिले में 22 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 11 सुरक्षाबलों के जवान हैं। हालांकि, सीमा पर सुरक्षा के लिए तैनात बीएसएफ ने घुसपैठ की किसी भी घटना से इनकार किया है।

# आशा किरण में 13 बच्चों की मौत पर घिरी केजरीवाल सरकार, भाजपा ने मांगा इस्तीफा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली





शराब घोटाले में जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की सरकार एक नई मुसीबत में फंस गई है। अभी वह ओल्ड राजेंद्र नगर के एक कोचिंग सेंटर में हुई तीन बच्चों की दर्दनाक मौत के मामले से बाहर निकल भी नहीं पाई है कि रोहिणी के आशा किरण शेल्टर होम में 27 मंदबुद्धि बच्चों की मौत ने सरकार को बैकफुट पर ला दिया है। आरोप है कि केवल जुलाई महीने में ही इस शेल्टर होम में 13 मंदबुद्धि बच्चों की मौत हुई है, जबकि इस वर्ष यानी जनवरी से अब तक कुल 27 बच्चों की मौत हुई है। बच्चों की मौत के खुलासे से दिल्ली की राजनीति में नया घमासान मच गया है। भाजपा ने अरविंद केजरीवाल से तत्काल अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की है। वहीं, दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी मार्लेना ने इस मामले की मजिस्ट्रेट जांच का आदेश देकर 48 घण्टे में रिपोर्ट की मांग की है। दिल्ली का यह शेल्टर होम मंदबुद्धि बच्चों की उचित देखरेख के लिए बनाया गया है, लेकिन यह हमेशा से ही गलत कारणों से चर्चा में रहा है। पहले भी गलत देखरेख के कारण यहां अनेक बच्चों की मौत के कारण हंगामा हुआ था, लेकिन समय बीतने के साथ ही सब कुछ ठंडा पड़ गया और एक बार फिर यह शेल्टर होम बच्चों के लिए खतरनाक साबित हुआ। बच्चों की मौत की संख्या की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है, लेकिन भाजपा नेताओं का दावा है कि गलत देखरेख के कारण यहां दर्जनों बच्चों की दर्दनाक मौत हो रही है और इस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। भाजपा ने मांग की है कि सरकार को इन मौतों पर जनता को स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए।

### कैसी लापरवाही के आरोप

दिल्ली सरकार की तरफ से यहां रखे हुए सभी मंदबुद्धि बच्चों के देखरेख की पूरी सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उन्हें भोजन से लेकर दवाओं तक की पूरी सुविधा निःशुल्क है और उनकी देखरेख के लिए केयरटेकर रखे हुए हैं। लेकिन लोगों का आरोप है कि बच्चों की पूरा आहार भी है दिया जाता है। उन्हें साफ पानी भी उपलब्ध नहीं कराया जाता। चूंकि बच्चे मंदबुद्धि होते हैं, लिहाजा वे अपनी परेशानियों के बारे में किसी से कुछ कह भी नहीं पाते। आरोप है कि बच्चों के परिजन भी कभी कभी ही यहां आकर उनसे मिलते हैं। वे उनकी देखरेख और परेशानियों को जानने के लिए बहुत उत्सुक भी नहीं होते। यही कारण है कि उनके साथ अभद्रता होती रहती है और यह भ्रष्टाचार कभी सामने नहीं आता।

### 'दिल्ली में कोई सरकारी नहीं'

दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि राजधानी में लगातार घट रही घटनाओं को देखकर यही लगता है कि यहां पर कोई सरकार काम नहीं कर रही है। यहां कभी कोचिंग सेंटर में, कभी बिजली के तारों की चपेट में आने से तो कभी बारिश के पानी में डूबकर लोगों की मौत हो रही है। यादव ने कहा कि इस शर्मनाक घटना की तत्काल जांच की जानी चाहिए और लापरवाही बरतने के जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

### 'मां-बेटे की मौत पर चुप क्यों बीजेपी'

शेल्टर होम में एक महीने में ही 13 मंदबुद्धि बच्चों की मौत पर प्रश्न के जवाब में दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा है कि भाजपा उस मां-बच्चे की मौत पर कोई प्रदर्शन करने नहीं गई जिसमें एक नाले में डूबकर मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। आम आदमी पार्टी नेता ने कहा कि सरकार ने मामले की जांच का आदेश दे दिया है। जल्द ही सच सामने आ जायेगा। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्रवाई की बात भी कही है।

### 'केजरीवाल इस्तीफा दें'

भाजपा नेता शाजिया इल्मी ने अमर उजाला से कहा कि दिल्ली में लगातार एक के बाद एक नए-नए हादसे हो रहे हैं। कभी कोचिंग सेंटर में नगर निगम की लापरवाही के कारण बच्चों की मौत हो रही है, तो कहीं शेल्टर होम में दर्जनों बच्चों की मौत हो रही है। यह सीधे सीधे सरकार की प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि अरविंद केजरीवाल जेल में रहकर दिल्ली की प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं संभाल सकते। अब उन्हें अपनी नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। शाजिया इल्मी ने कहा कि दिल्ली सरकार की लापरवाही बरतने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कोचिंग सेंटर और शेल्टर होम का मामला अकेला ऐसा मामला नहीं है। दूसरे विभागों में भी इसी तरह का भ्रष्टाचार चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार और उसका पूरा का पूरा तंत्र लूट और भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाता है, तो इसी तरह पूरा सिस्टम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि आज का यह प्रकरण बताता है कि किस तरह केजरीवाल मॉडल जनता की सेवा करने की बजाय लूट का मॉडल बन गया है। उन्होंने कहा कि करोड़ों की आबादी वाली दिल्ली के हित में यही बेहतर है कि अब केजरीवाल सरकार इस्तीफा दे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)